जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर

Rashtradoot

फोनः- 2200660 फैक्स : 0151-2527371 वर्षः 46 संख्याः 70 प्रभात बीकानेर, सोमवार 30 सितम्बर, 2024 डाक प.स.बीकानेर/045/2020-22 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रू.

## भाजपा ने हरियाणा के 8 नेताओं को निष्कासित किया

नयी दिल्ली, 29 सितंबर। हरियाणा भाजपा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पार्टी के 8 नेताओं को 6 साल के लिए बाहर का रास्ता दिखा दिया। ये नेता विधानसभा चुनाव में पार्टी उम्मीदवारों के खिलाफ निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे थे। इन 6 नेताओं में पूर्व मंत्री रणजीत चौटाला और पूर्व विधायक देवेंद्र कादयान का नाम भी शामिल है।

हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने इन 8 नेताओं पर

- **ये नेता पार्टी उम्मीदवारों के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें पूर्व मंत्री रणजीत चौटाला व पूर्व विधायक देवेन्द्र कादयान प्रमुख हैं।**

कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे इन नेताओं को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।

पार्टी ने जिन नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की है उनमें लाडवा से संदीप गर्ग, असंध से जिलेराम शर्मा, गन्नौर से देवेंद्र कादयान, सफीदो से बच्चन सिंह आर्य, रानिया से रणजीत चौडाला, महम से राधा अहलावत, गुरुग्राम से नवीन गोयल और हथीन से केहर सिंह रावत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बड़ा आतंकवादी हमला हुआ तो पाकिस्तान में घुस कर मारेंगे- राजनाथ

### चुनावी सभा में राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में फिर आतंकवाद फैलाने का प्रयास कर रहा है

- **रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान को यह नहीं भूलना चाहिये कि यह ''नया भारत'' है तथा जरूरत पड़ने पर सीमा पार जाकर आतंकवाद का सामना कर सकता है।**
- **उन्होंने यह भी कहा कि जिस राशि के लिये पाकिस्तान आई.एम.एफ. से भीख मांग रहा है, उससे कहीं ज्यादा हमारी सरकार ने जम्मू-कश्मीर को दी है।**

श्रीनगर, 29 सितंबर। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर भारत में कोई बड़ा आतंकवादी हमला होता है, तो पाकिस्तान के अंदर घुसकर मारा जायेगा।

सिंह ने जम्मू-कश्मीर में बांदीपोरा जिले के सीमावर्ती इलाके गुएज के में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान लगातार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि जम्मू-कश्मीर में फिर से आतंकवाद फैल जाये। रक्षा मंत्री ने कहा, वे (पाकिस्तान) नहीं चाहते कि यहां लोकतंत्र पनपे। लेकिन लोगों का साहस देखने के बाद मुझे यकीन है कि अब दुनिया की कोई भी ताकत यहां के लोकतंत्र को कमजोर नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को यह नहीं भूलना चाहिए कि यह एक 'नया भारत' है और आतंकवाद के खिलाफ, अगर जरूरत पड़ी तो वह सीमा पार जाकर उसका सामना कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग सीमा पार से भारत को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं, मैं उनसे भी कहना चाहता हूं कि अगर भारत में कोई बड़ा आतंकवादी हमला होता है, तो वे जहां भी बैठे हों, हम घुस कर मारेंगे।

सिंह ने कहा कि जब से उनकी सरकार सत्ता में आयी है, कश्मीर में शांति है और इस सच्चाई से कोई इनकार नहीं कर सकता। उन्होंने पाकिस्तान की वित्तीय सेहत को लेकर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, वर्ष 2014-15 में जम्मू-कश्मीर को विशेष पीएम पैकेज दिया गया था। आज पीएम पैकेज 90,000 करोड़ रुपये का है और आप अंदाज़ा लगा सकते हैं कि यह राशि कितनी है। जिस राशि के लिए पूरा पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के सामने भीख मांग रहा था, हमारी सरकार ने उससे कहीं ज्यादा जम्मू-कश्मीर को दी है।

उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार जम्मू-कश्मीर के विकास और यहां के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए काम करती है। सिंह ने कहा, और पाकिस्तान में वित्तीय सहायता का इस्तेमाल आतंकवाद की फैक्टरियां चलाने के लिए किया जाता है और यह लंबे समय से चल रहा है। आतंकवाद

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## भाषण देते हुए खड़गे की तबीयत खराब हुई

नई दिल्ली, 29 सितंबर। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे रविवार को जम्मू-कश्मीर के जसरोटा में चुनाव प्रचार के दौरान अचानक बीमार पड़ गये। मंच पर भाषण देते हुए एकाएक कांग्रेस अध्यक्ष की तबीयत बिगड़ गई। जैसे-तैसे उन्होंने खुद को संभाला। इसके बाद अन्य नेता भी उनकी मदद के लिए आगे आए। उन्हें सोफे पर बिठाकर कुछ लोग उन्हें हवा करने लगे। उनके जूते भी खोल दिए गए। बाद में उनकी हालत स्थिर हुई, तो उन्होंने मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा, जब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से

- **हालत स्थिर होने के बाद चुनाव सभा में खड़गे ने कहा कि जब तक मोदी को सत्ता से बाहर नहीं कर दूंगा, तब तक मैं नहीं मरूंगा।**

बाहर न कर दूं, तब तक मैं नहीं मरूंगा।

राज्यसभा सांसद ने कहा, मोदी जी बेवजह जम्मू-कश्मीर आकर युवाओं के लिए झूठे आंसू बहा रहे हैं। वह दावा कर रहे हैं कि उन्होंने युवाओं के हित के लिए कई कदम उठाए, जबकि सच्चाई यह है कि उन्होंने अपने कार्यकाल में महज युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेला है। उन्होंने आगे कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारत ने बेरोजगारी के मामले में 45 साल का रिकॉर्ड तोड़ा है। जम्मू-कश्मीर के सरकारी विभागों में 65 फीसद पद रिक्त हैं। इन सभी पदों पर बाहरी लोगों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जमानत मिलने के बाद सेंथिल बालाजी फिर मंत्री बने

### मुख्यमंत्री स्टालिन ने उन्हें वापस वो विभाग दिये हैं जो गिरफ्तारी से पहले उनके पास थे

चेन्नई, 29 सितंबर। तमिलनाडु में वी. सेंथिलबालाजी सहित चार नये कैबिनेट मंत्रियों ने रविवार को शपथ ली। परिवहन विभाग में कर्मचारियों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं से संबंधित धनशोधन के एक मामले में जेल में बंद सेंथिलबालाजी को, उच्चतम न्यायालय से कुछ ही दिन पहले जमानत मिलने के बाद रिहा किया गया है। राज्यपाल आर एन रवि ने राजभवन में अपराह्न करीब 1530 बजे आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी।

राज्यपाल ने राष्ट्रगान और तमिल थाई वाजथु (तमिल माता की प्रार्थना) के गायन के बाद सलेम उत्तर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले आर राजेंद्रन को सबसे पहले पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। उनके बाद सेंथिलबालाजी (अर्क्वाकुरिची से निर्वाचित), जो सात महीने के अंतराल के बाद कैबिनेट में वापस आये हैं, थिरुविदाईमारुथुर से निर्वाचित गोवी. चेझियान तथा अवाडी से विधायक एस.एम. नासर ने शपथ ली। नासर भी

- **सेंथिल बालाजी के साथ तीन और विधायकों को भी कैबिनेट मंत्री की शपथ दिलाई गई।**

कैबिनेट में वापस आये हैं, जिन्हें पहले हुए फेरबदल में हटा दिया गया था।

मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, उनके बेटे एवं उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन, मंत्री तथा द्रविड़ मुनेत्र कषगम् (द्रमुक) के गठबंधन दलों के नेता इस अवसर पर मौजूद थे।

शपथ ग्रहण के तुरंत बाद राज्यपाल ने नये मंत्रियों के विभागों की घोषणा की। सेंथिलबालाजी को बिजली, निषेध एवं आबकारी विभाग आवंटित किये गये, जो पिछले वर्ष 14 जून को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा धनशोधन मामले में गिरफ्तार किये जाने तक उनके पास थे। उसके बाद लगभग आठ महीने तक बिना किसी विभाग के कैबिनेट में काम करने के बाद इस वर्ष फरवरी में उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।

सेंथिलबालाजी जमानत पर रिहा होने के तीन दिन बाद कैबिनेट में वापस आ गये हैं। यह विभाग मंत्री एस मुथुसामी के पास था, जो सेंथिलबालाजी के इस्तीफे के बाद उन्हें आवंटित किया गया था। अब इसे सेंथिलबालाजी को फिर से आवंटित किया गया है। कार्यक्रम के बाद नये उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने द्रमुक संस्थापक एवं दिवंगत मुख्यमंत्री सी एन अन्नादुरई और द्रमुक के संरक्षक एम करुणानिधि के स्मारकों पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री द्वारा किये गये मंत्रिमंडल के बहुप्रतीक्षित फेरबदल में तीन मौजूदा मंत्रियों को बाहर का रास्ता दिखाया गया।

राज्य में कल देर रात कुछ मंत्रियों के विभागों में बदलाव किया गया तथा उदयनिधि स्टालिन को उपमुख्यमंत्री बनाया गया। द्रमुक के 2021 के विधानसभा चुनावों में प्रचंड बहुमत के साथ 10 साल के अंतराल के बाद सत्ता में वापसी करने और स्टालिन के पहली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद यह तमिलनाडु मंत्रिमंडल का पांचवां फेरबदल है।

आपणो अग्रणी राजस्थान
संकल्प पत्र के पूरे होते वादे

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

भजनलाल सरकार की
युवाओं को अभूतपूर्व सौगात

88 हज़ार से ज़्यादा
सरकारी पदों पर होगी भर्ती

सफ़ाई कर्मचारियों की भर्ती
• नगर निकायों में सफाई कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया की शुरुआत
• 23820 सफ़ाई कर्मचारियों की होगी भर्ती
• कोई न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता नहीं
• सार्वजनिक सफाई व्यवस्था में कार्य अनुभव के आधार पर किया जा सकेगा आवेदन
• लॉटरी के माध्यम से नगरीय निकायवार होगा सफाई कर्मचारियों का चयन

वाहन चालकों की भर्ती
• लगभग 5000 वाहन चालकों की भर्ती का मार्ग प्रशस्त
• दसवीं पास की न्यूनतम योग्यता एवं ड्राइविंग लाइसेंस धारक कर सकेंगे आवेदन
• लिखित परीक्षा के आधार पर होगी भर्ती

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती
• 60000 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती की खुली राह
• लिखित परीक्षा के आधार पर होगी भर्ती
• दसवीं पास युवा कर सकेगा आवेदन



युवाओं को नौकरी, हर वर्ग का उत्थान
विकास के पथ पर अग्रसर राजस्थान

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

## विचार बिन्दु

**निरंतर विकास जीवन का एक नियम है। और जो भी व्यक्ति खुद को सही दिखाने के लिए अपनी रूढ़िवादिता को बरकरार रखने की कोशिश करता है वो खुद को एक गलत स्थिति में पंहुचा देता है। –महात्मा गांधी**

# साहित्य की दुनिया के हाल-चाल

लेखक साथियों से जब भी अनौपचारिक चर्चा होती है, कुछ मुद्दे अवश्य ही सामने आते हैं। इनमें से पहला मुद्दा होता है प्रकाशन के संकट का। नामी लेखकों को छोड़ दें तो अधिकांश की पीड़ा होती है कि किताब छपवाना बहुत कठिन है। प्रकाशक का व्यवहार उनकी अपेक्षा के अनुरूप नहीं होता है, वह प्रायः पुस्तक के प्रकाशित करने न करने के बारे में स्पष्ट जवाब नहीं देता है, और अगर वह किसी की पाण्डुलिपि प्रकाशन के लिए स्वीकार कर भी लेता है तो यह नहीं बताता है कि किताब प्रकाशित कब तक होगी, और अगर बता भी दे तो प्रायः उस बताई गई तिथि तक किताब छपती नहीं है। किताब छप जाने के बाद लेखक को मिलने वाली मानार्थ प्रतियों का मुद्दा, और उसके बाद किताब को समीक्षा के लिए भेजने में प्रकाशक की अनिच्छा, और अंत में रॉयल्टी का सवाल। बहुत ही कम प्रकाशक हैं जो नियमित रूप से रॉयल्टी का हिसाब लेखक को भेजते हैं। लेखक की यह शिकायत तो रहती ही है कि जितनी किताबें बिकीं, प्रकाशक ने उससे बहुत कम बताईं। इस सारे प्रकरण में प्रकाशक का भी अपना पक्ष है। वह भी लेखक के व्यवहार से प्रायः असंतुष्ट पाया जाता है। उसका भी रोना कि किताबें बिकती ही नहीं है, वह लेखक को रॉयल्टी कहां से दे? यह आम स्थिति है, और जैसा सब जगह होता है इसके अपवाद भी हैं।

मज़ेदार बात यह है कि इस सबके बावज़ूद किताबें खूब छप रही हैं और नए-नए प्रकाशक सामने आ रहे हैं। पुराने और स्थापित प्रकाशकों का धंधा खूब फल-फूल रहा है। यह सब कैसे और क्यों हो रहा है– इसे कोई नहीं जानता। लेकिन इसी में एक आयाम और जुड़ता है। इधर अपनी किताब का प्रकाशन करवाने के इच्छुक लोगों की संख्या बहुत तेज़ी से बढ़ी है। अब हरेक ही ऐसा लिख लेगा जिसे पढ़ने के लिए लोग टूट पड़ें, ऐसा तो मुमकिन है नहीं। बहुत सारे नए लेखकों का लेखन खासा अपरिपक्व होता है। व्यवसाय करते-करते प्रकाशक इस बात का थोड़ा-बहुत जानकार तो हो ही जाता है कि लेखन कैसा है! उस लेखन पर कोई प्रकाशक भला अपना पैसा क्यों लगाएगा? इस स्थिति में पिछले कुछ बरसों से लेखकों के सामने एक नया विकल्प आ गया है, जिसे असम्मानजनक भाषा में पैसे देकर किताब छपवाना और सम्मानजनक भाषा में पुस्तक प्रकाशन की स्व वित्तपोषी योजना कहा जाता है। आप प्रकाशक के पास जाएं, अपनी पांडुलिपि दें, उसकी बताई राशि दें, जो इस आधार पर तय होती है कि आप प्रकाशित किताब की कितनी प्रतियां लेंगे, और कुछ दिनों में आपकी छपी हुई किताब आपके हाथों में होगी। ठीक वैसे ही जैसे आप पैसे देकर दुकान की बिल बुक, पैम्फ्लट या शादी का निमंत्रण पत्र छपवाते हैं। इधर शादी के निमंत्रण पत्र छपने करीब-करीब बंद हो गए हैं तो मुद्रण करने वालों के लिए किताब छापने का यह नया धंधा आ गया है। उन्होंने अपना नाम भी मुद्रक से अपग्रेड करके प्रकाशक कर लिया है। इस तरह खूब किताबें छप रही हैं। छप कर समारोह पूर्वक लोकार्पित हो रही हैं, अखबारों में उनके लोकार्पण की ख़बरें छप रही हैं और यदा-कदा उनमें से कुछ की समीक्षाएं भी कहीं दिखाई दे जाती हैं। इसके बाद इन में से कुछेक को कोई न कोई पुरस्कार भी मिल जाता है और लेखक के बायो डाटा में कुछ और पंक्तियां जुड़ जाती हैं।

अब एक नई शिकायत सामने आती है। इस बार लेखक की तरफ से, कि किताब पढ़ने वाले बहुत कम हो गए हैं। यहां तक कि जिन्हें उसने अपनी किताब सादर/सप्रेम भेंट की उन्होंने भी उसे नहीं पढ़ा, खरीद कर पढ़ने की तो बात ही क्या की जाए! लेखक की शिकायत समीक्षक से भी रहती है कि वह उसकी किताब पर नहीं लिखता है, और अगर कभी प्रतिकूल कुछ लिख दिया तो उसके लिए पक्षपात-गुटबाजी वगैरह का आरोप भी तैयार रहता है। समीक्षक वही ईमानदार और निष्पक्ष होता है जो तुरंत आपकी किताब पर प्रशंसात्मक लिख डाले। क्योंकि बाबा तुलसीदास कह गए हैं, निज कवित्त केहि लाग न नीका, हर रचनाकार अपने लिखे पर मुग्ध रहने का पूरा अधिकार रखता है। अगर किसी को उसकी रचना पसंद न आई तो इसमें दोष उसके लेखन का नहीं, पढ़ने वाले की समझ का होता है। कोई लेखक अपने लिखे का बेबाक मूल्यांकन सुनना या उसकी बेहतरी के लिए कोई सुझाव ग्रहण करना नहीं चाहता। वह केवल और केवल सराहना चाहता है। जितनी ज़्यादा हो उतना ही अच्छा! शिकायत समीक्षक की भी होती है, कि लेखक उससे अनुचित अपेक्षाएं रखता है। संकट यह भी है कि हमारे पास लेखक बहुत ज़्यादा हैं, समीक्षक बहुत कम। समीक्षक अगर दिन रात 24x7 यही काम करता रहे तो भी वह सबको संतुष्ट नहीं कर सकता।

**निमंत्रण पत्र में समय छपेगा तीन बजे, अतिथि गण को कहा जाएगा कि आप साढ़े तीन बजे तक आ जाना, और कार्यक्रम शुरु होगा चार बजे। और जब शुरु हो गया, तो फिर चलता ही रहेगा। लोग अनर्गल बोलते रहेंगे। ऐसा क्यों नहीं हो सकता कि निमंत्रण में ही साफ़ लिखा हो कि कार्यक्रम तीन से पांच बजे तक होगा, और असल में भी ऐसा ही हो। वक्ताओं पर भी कड़ा नियंत्रण हो।**

जो हाल किताबों का है उससे बहुत भिन्न हाल साहित्यिक गोष्ठियों का नहीं है। गोष्ठियां होती हैं और खूब होती हैं। लेकिन उनमें श्रोता, साहित्य रसिक बहुत कम होते हैं। कुछ गिने-चुने लोग हर गोष्ठी में नज़र आते हैं। मंच पर भी, और मंच के सामने भी। इनमें साहित्य के प्रति रुचि कम और रिश्तों के निर्वाह का दायित्व बोध अधिक होता है। गोष्ठियों में जो चर्चा होती है वह भी रस्म अदायगी जैसी होती है। जैसे आप विवाह में जाते हैं और दो-तीन रस्मी बातें कहते हैं कि जोड़ी बहुत अच्छी है, व्यवस्था बहुत अच्छी है, उसी तरह गोष्ठी अगर किसी किताब के लोकार्पण पर हो तो एक जैसी बातें कही जाती हैं। गोष्ठी के आयोजक भी एक बने बनाए ढांचे से बाहर नहीं निकलते हैं। आमंत्रितों की एक सूची होती है जो सभी आयोजकों के पास रहती है। कभी नए श्रोताओं को जोड़ने या उन तक पहुंचने का प्रयास नहीं होता है। साहित्यिक कार्यक्रमों के प्रचार के प्रति उदासीनता बरती जाती है। आयोजक उनकी अग्रिम सार्वजनिक सूचना देने का कोई ख़ास प्रयास करते दिखाई नहीं देते। किसी को पता भी कैसे चले कि कोई गोष्ठी हो रही है। फिर, गोष्ठी में लिहाज़ और संपर्क प्रदर्शन के मोह में मंच को इतना बड़ा कर दिया जाता है कि औपचारिकताओं के निर्वाह में और फिर मंचासीन हरेक के संबोधन में श्रोताओं के धैर्य की भारी परीक्षा हो जाती है। ज़्यादातर मंचासीन विशिष्ट जन के पास कहने को कुछ नहीं होता फिर भी वे बीस-तीस मिनिट तो कहते ही हैं। इससे, अगर ऐसी गोष्ठी में कोई नया प्राणी पहुंच जाए तो वह अगले साल भर तक ऐसी किसी और गोष्ठी में जाने से तौबा कर लेता है। अभ्यस्तों की बात अलग है।

इन साहित्यिक गोष्ठियों के बारे में आयोजकों का रवैया बहुत ही अजीब रहता है। वे आमंत्रित तो करेंगे लेकिन यह बताने में संकोच करेंगे कि आपको किस हैसियत में बुला रहे हैं और आपसे कितनी देर बोलने की अपेक्षा करते हैं। होना यह चाहिए कि स्पष्ट कहा जाए कि आपको आयोजन की अध्यक्षता करनी है और मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि आदि ये-ये लोग होंगे। यह भी कि आपको दस मिनिट बोलना है। और अच्छा हो कि यह भी स्पष्ट बता दिया जाए कि आपको विषय के इस पक्ष पर बोलना है। लेकिन ऐसा शायद ही कभी होता हो।

साहित्यिक आयोजन करने वाली संस्थाओं के पास पैसों का अभाव होता है, इसलिए उनसे कोई मानदेय तो दूर, यात्रा व्यय की भी अपेक्षा नहीं करता है। लेकिन जो संस्थाएं अमीर हैं, अनुदानित हैं या सरकारी हैं वे भी अपने अतिथियों को कभी स्पष्ट नहीं बताती हैं कि आपको इतना मानदेय और इतना यात्रा व्यय दिया जाएगा। बल्कि बहुत बार तो साधन संपन्न होते हुए भी वे इतना-सा सौजन्य भी नहीं बरतती हैं कि आमंत्रित अतिथि गण को समुचित यात्रा व्यय तो दे दें। आप जेब से खर्चा करके आएं और धन्यवाद लेकर लौट जाएं! संस्थाएं जो खर्चा करती हैं वह भी प्रायः विवेक शून्य होता है। फूल मालाओं या बुके पर खूब खर्च किया जाता है, तथाकथित स्मृति चिह्न पर अच्छा खर्च किया जाता है, इधर गले में एक पट्टा डालने का नया चलन देखने में आया है। उत्साही संस्थाएं उस पट्टे पर बहुत बड़े अक्षरों में अपनी संस्था का नाम भी छपवा देती हैं। अब सोचिये कि उस पट्टे का, जिस पर आपने सौ डेढ़ सौ रुपये खर्च किए हैं, आपका अतिथि क्या करेगा? मैंने आज तक किसी को वैसा पट्टा धारण किए नहीं देखा। आपके पास पैसे कम हैं तो उनकी इस तरह बर्बादी तो मत कीजिए।

और जब बर्बादी की बात आ ही गई है तो यह और जोड़ दूं कि इस तरह के आयोजनों में सबसे बड़ी बर्बादी समय की होती है। निमंत्रण पत्र में समय छपेगा तीन बजे, अतिथि गण को कहा जाएगा कि आप साढ़े तीन बजे तक आ जाना, और कार्यक्रम शुरु होगा चार बजे। और जब शुरु हो गया, तो फिर चलता ही रहेगा। लोग अनर्गल बोलते रहेंगे। ऐसा क्यों नहीं हो सकता कि निमंत्रण में ही साफ़ लिखा हो कि कार्यक्रम तीन से पांच बजे तक होगा, और असल में भी ऐसा ही हो। वक्ताओं पर भी कड़ा नियंत्रण हो। उन्हें इस बात के लिए पाबंद किया जाए कि वे निर्धारित समयसीमा का अतिक्रमण न करें। औपचारिकताएं कम से कम हो। वक्ताओं का लंबा चौड़ा परिचय देने में समय नष्ट न किया जाए।

कोई प्रयास तो करके देखे।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# नये भारत के नये आयामों को गढ़ता भारत-अमेरिका संबंध



डॉ. निमिषा

मानवीय कल्याण से वैश्विक शांति एवं समृद्धि की कामना का संदेश भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूयार्क में 69वें संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र में दोहराया। 'एक धरती, एक परिवार और एक भविष्य' के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का आह्वान करते हुए एक धरती, एक स्वास्थ्य, एक सूरज, एक दुनिया के मापदण्डो से विचारधाराओं की एकता पर बल दिया। विश्व के पटल पर मानव केंद्रित दृष्टिकोण से सतत विकास को प्राथमिकता देने की बात भी कही जिसमें मानव कल्याण, भोजन, स्वास्थ्य, सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से उपर आ गए हैं। यह उदाहरण देकर प्रधानमंत्री मोदी ने यू.एन.जी.ए. में कहा कि सतत विकास भी सफल हो सकता है। डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर की तकनीकी ने लोकतंत्र को मजबूती प्रदान की है। इन उपलब्धियों को ग्लोबल साउथ के साथ साझा करने की पेशकश करते हुए कहा डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर लोगों के लिए एक पुल जैसा हो। यह किसी के लिए बाधा नहीं बनना चाहिए। समिट ऑफ द फ्यूचर को संबोधित करते हुए पी.एम. मोदी ने कहा कि मानवता की सफलता हमारी सामूहिक शक्ति में है युद्ध के मैदान में नहीं। जी-20 की मेजबानी भी भारत ने सफलता पूर्वक की एवं अफ्रीकन यूनियन को जी-20 का स्थायी सदस्य बनाने का प्रस्ताव भी पारित करवाया। यह भारत का मानवीय हित के प्रति दृष्टिकोण ग्लोबल भविष्य में मानवीय केंद्रित दृष्टिकोण साधता है।

यू.एन.जी.ए. के 194 देशों के प्रतिनिधित्व के सामने विशाल लोकतांत्रिक देश के प्रमुख का उद्बोधन मायने रखता है। ऐसे समय में गंभीर जीओपॉलीटिकल और इकोलोजीकल चुनौतियां सामने हैं। यू.एन. महासचिव एंटोनियो गुटरेस ने सुरक्षा परिषद के पांच वीटो पावर समेत 15 सदस्यों की प्रासंगिकता भी वैश्विक चुनौतियों का समाधान न खोज पाने पर चिंता व्यक्त की है। भारत की स्थायी सदस्यता की मांग का पुरजोर समर्थन अमेरिका, फ्रांस, जापान के अतिरिक्त जी-4 ग्लोबल साउथ, एल 69 और सी-10 (अफ्रिकी देश) कर रहे हैं जिससे वैश्विक चुनौतियों का स्थायी समाधान खोजा जा सके। यह विश्लेषण महत्वपूर्ण भी है जब रूस-यूक्रेन युद्ध इजरायल-गाजा पट्टी तनाव के अतिरिक्त आतंकवाद साम्राज्य विस्तारवाद और क्षेत्रीय अस्थिरता के द्वंद्व से सभी राष्ट्र जूझ रहे हैं। भारतीय प्रधानमंत्री के तीन दिवसीय अमेरिका दौरे ने कई आयामों से नवाचारों का संदेश दिया जिसमें तकनीक, ए.आई., क्वांटम कम्प्यूटिंग और सेमीकंडक्टर को बढ़ावा दिया जाए।

इसी यात्रा में वैश्विक शांति और स्थिरता को पी.एम. मोदी ने फिलिस्तीन राष्ट्रपति महमूद अब्बास के साथ द्विपक्षीय वार्ता में भी कहा। इजराइल फिलिस्तीन मुद्दे पर फिलिस्तीन के प्रति भारत के समर्थन की पुष्टि की और युद्ध विराम, बंधकों की रिहाई व वार्ता और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान किया।

अमेरिका यात्रा के दौरान यह भी प्रतीत हुआ कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति स्थिरता के लिए चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वॉर्ड) की प्रमुख भूमिका हो सकती है। एक स्वतंत्र और खुले हिंद प्रशांत क्षेत्र की शांति प्रगति और समृद्धि को सुनिश्चित करने के लिए भारत के प्रधानमंत्री का अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडेन ने चौथे क्वार्ड लीडर शिखर सम्मेलन के लिए गर्मजोशी से अपने घर डेलावेयर में स्वागत किया। यह स्वागत नये भारत के नये वैश्विक आयामों का है। विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और चौथी बड़ी सैन्य शक्ति का प्रतिनिधित्व करने वाला भारत आज शक्तिशाली है। कोरोना महामारी के समय भारत का सद्भाव, सहयोग और संबल से भरे व्यवहार ने भारतीयता के प्रति वैश्विक पटल पर विश्वास कायम किया है। भारत में 2.20 अरब से ज्यादा टीकाकरण हो चुका है। विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक रिवाज भाषाओं की पृथकता के बावजूद अर्थव्यवस्था के व्यापक बदलाव के पैमानों को लांघकर भारत ने दुनिया की एकजुटता की प्रेरणा दी है। वर्ष 2017 से क्वाड संवाद भारत संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया के मध्य एक ऐसा अनौपचारिक कूटनीतिक मंच है जिनके मध्य शिखर सम्मेलन सूचनाओं का आदान-प्रदान और सेना का अभ्यास होता रहा है। क्वाड क्षेत्र में आने वाले समुद्री क्षेत्र, अंतरिक्ष, जलवायु, स्वास्थ्य एवं साइबर तकनीकी जैसे बिन्दुओं पर परियोजनाओं का नेतृत्व करता है। क्वाड की बैठक में पी.एम. नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट कहा कि क्वाड किसी के खिलाफ नहीं है बल्कि यह नियमों पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था और सम्प्रभुता के सम्मान के पक्ष में हैं।

इसी बैठक में क्वाड संगठन ने स्वास्थ्य, सुरक्षा, साझेदारी, क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए मैत्री तथा समुद्र के अंदर केबल और डिजिटल कनेक्टिविटी का जाल वर्ष 2025 तक सम्पूर्ण हिन्द प्रशांत क्षेत्र में उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है।

मोदी-3 की विदेश कूटनीतियां महत्वपूर्ण रहेंगी क्योंकि मोदी-1 विश्वास कायम करने में मोदी-2 ने पहले पड़ोस की नीति और छोटे देशों के साथ प्रगाढ़ सम्बन्धों के निर्माण को कायम किया है। इस काल में इधर मेक इन इंडिया और मेड इन इंडिया अभियानों ने मोबाइल से लेकर मिसाइल तक भारत को आत्मनिर्भर बनाया, उधर सीमा पार गलवन घाटी, डोकलाम, पीओके के तनाव का दृढ़ता से सामना किया है। मोदी-3 भी राष्ट्र हित को सर्वोपरी रखते हुए आत्मनिर्भर भारत की वसुधैव कुटुम्बकम धारणा पर कार्य करते हुए विश्व को एक परिवार मानने वाला साक्षात्कार देगा। पुष्पक की पांच पंखुड़ियों को खिलाता किवसित भारत मानवीय मूल्यों के साथ बागे बढ़ रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा से लेकर जीओ बाइडन तक भारत अमेरिका के परस्पर रिश्तों में व्यापार, रक्षा-सुरक्षा, सौहार्द के साथ-साथ लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता भी रही है।

ऐसे में साम्राज्यवादी चीन को चुनौती मिलना स्वाभाविक है। एक ओर खाद्य, ऊर्जा, स्वास्थ्य, तकनीकी और सुरक्षा की साझेदारी दूसरी और शांति, समृद्धि, कल्याण और क्षेत्रीय स्थिरता का सामूहिक संकल्प लेते दोनों देशों के संबंधों में ऐसा लगता है कि आने वाले समय में एक धरती एक परिवार, एक भविष्य का भारतीय संकल्प वैश्विक पटल पर रिश्तों के नये आयामों को स्थापित करेगा जिसमें राष्ट्रीय सम्प्रभूता और अखण्डता अक्षुण्य रहेगी।

**–डॉ. निमिषा,**
**असिस्टेंट प्रोफेसर**
**कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर।**

# "पारख साहित्य पुरस्कार" से सम्मानित हुये प्रो. जहूर खां मेहर

**जयपुर।** राजस्थानी भाषा देश की समृद्ध भाषाओं में से एक है, इसका उल्लेखनीय प्राचीन एवं आधुनिक साहित्य है, अपनी व्याकरण एवं अपना शब्दकोश है, इसको संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान मिलना चाहिए। यह विचार राजस्थानी भाषा के वरिष्ठ साहित्यकार प्रो.जहूर खां मेहर ने रविवार को प्रयास संस्थान चूरू द्वारा कन्हैयालाल रतनलाल पारख साहित्य पुरस्कार से सम्मानित होने के बाद व्यक्त किए। प्रो.मेहर ने कहा कि लेखक के घर आकर अंलकृत करने से बड़ा क्या सम्मान होता है और ऐसा कोई संस्थान कर रहा है तो यह संपूर्ण साहित्य एवं भाषा का सम्मान है।

- **प्रो. मेहर उम्र आधिक्य एवं स्वास्थ्य कारणों के चलते प्रयास संस्थान द्वारा चूरू में आयोजित समारोह में शिरकत नहीं कर पाए थे**
- **लेखक के घर आकर अंलकृत करने से बड़ा क्या सम्मान होता है और ऐसा कोई संस्थान कर रहा है तो यह संपूर्ण साहित्य एवं भाषा का सम्मान है : जहूर खां**

प्रयास संस्थान के अध्यक्ष एवं राजस्थान साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. दुलाराम सहारण ने कहा कि प्रो. मेहर का आधुनिक राजस्थानी निबंध साहित्य में जो योगदान है, वह अद्वितीय है। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के राजस्थानी विभागाध्यक्ष एवं साहित्यकार डॉ. गजेसिंह राजपुरोहित ने प्रो. मेहर को भाषा एवं साहित्य की समन्वित धारा के वाहक बताया तो राजस्थान साहित्य अकादमी की सरस्वती सभा के पूर्व सदस्य डॉ. कालूराम परिहार, साहित्यकार भंवरलाल सुथार, अशोक डूडी ने भी प्रो. मेहर के योगदान को रेखांकित किया। इससे पूर्व सुंदरदेवी लक्ष्मीदेवी पारख ट्रस्ट कोलकाता प्रायोजित कन्हैयालाल रतनलाल पारख साहित्य पुरस्कार के तहत वर्ष 2024 अंतर्गत इक्कावन हजार रुपये का चैक, शॉल, साफा, प्रतीक चिह्न से प्रो. मेहर को अंलकृत किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रो. मेहर उम्र आधिक्य एवं स्वास्थ्य कारणों के चलते प्रयास संस्थान द्वारा चूरू में आयोजित समारोह में शिरकत नहीं कर पाए थे। इसी के अनुक्रम में संस्थान ने जोधपुर उनके घर आकर यह सम्मान प्रदान किया।



**राजस्थानी भाषा के वरिष्ठ साहित्यकार प्रो.जहूर खां मेहर को प्रयास संस्थान चूरू द्वारा कन्हैयालाल रतनलाल पारख साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया।**

# दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा पर रेलवे यात्रियों को त्यौहारी सौगात देगी

**जोधपुर, (कासं)।** रेलवे द्वारा दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम यात्रा के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। यात्रियों को गंतव्य तक सुगमता के साथ पहुंचाने के लिए रेलवे द्वारा स्पेशल रेल सेवाओं के संचालन करने के साथ-साथ अतिरिक्त डिब्बे लगाए जा रहे हैं। आगामी त्यौहारों के सीजन को ध्यान में रखते हुए उत्तर-पश्चिम रेलवे द्वारा 56 स्पेशल रेल सेवाओं का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही नियमित रेल सेवाओं में अतिरिक्त डिब्बे लगाकर यात्रियों को त्यौहारी सौगात दी जा रही हैं।

- **उत्तर-पश्चिम रेलवे द्वारा 56 स्पेशल रेल सेवाओं का संचालन किया जा रहा है**
- **नियमित रेल सेवाओं में अतिरिक्त डिब्बे लगाकर यात्रियों को त्यौहारी सौगात दी जा रही है**

उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान अतिरिक्त यात्री भार को देखते हुए उत्तर-पश्चिम रेलवे द्वारा विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। यात्रियों की सुगम यात्रा के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे पर वर्तमान में 56 स्पेशल रेल सेवाओं का संचालन किया जा रहा है जिनके 2150 ट्रिप विभिन्न स्थानों के लिए संचालित होंगे। यह रेल सेवाएं उत्तर पश्चिम रेलवे के क्षेत्राधिकार से बान्द्रा टर्मिनस, रांची, आसनसोल, हावडा, टनकपुर, गोरखपुर, पटना, महू, सोलापुर, हरिद्वार, दौंड, संतरागांछी, डिब्रुगढ, श्रीमातावैष्णो देवी कटरा, तिरूपति, काचीगुडा, हैदराबाद, गौहाटी, कोयम्बटूर इत्यादि शहरों के लिए संचालित हो रही है।

आगामी त्यौहारी सीजन में यात्रियों की आरामदायक यात्रा के लिए रेल सेवाओं में अतिरिक्त डिब्बे लगाए जा रहे हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा अक्टूबर माह के लिए 56 जोड़ी रेल सेवाओं में 115 विभिन्न श्रेणियों के डिब्बे लगाए गए है। उत्तर-पश्चिम रेलवे द्वारा लगातार यात्री भार की समीक्षा की जा रही है और जिस भी मार्ग पर स्पेशल रेल सेवा की आवश्यकता होगी संचालन किया जाएगा और अतिरिक्त डिब्बे लगाने का प्रबंध किया जाना प्रस्तावित है।

हर साल दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर देश भर से बड़ी संख्या में लोग उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल की ओर प्रस्थान करते हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के लिए ये त्योहार न केवल धार्मिक महत्व रखते हैं, बल्कि परिवारों से मिलने का भी एक अहम अवसर होते हैं। हर साल त्यौहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ की वजह से अधिकांश ट्रेनों में दो-तीन महीने पहले से ही टिकट वेटिंग लिस्ट में चली जाती हैं। इसी को देखते हुए रेलवे द्वारा इस वर्ष भी त्यौहारों के अवसर पर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। रेलवे का पूरा प्रयास है कि त्यौहारों के सीजन में यात्रियों की यात्रा सुगम व आरामदायक हो इसके लिए उच्च स्तर पर लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और संबंधित अधिकारियों का दिशा-निर्देश प्रदान किए जा रहे हैं ताकि यात्रियों को परेशानी नहीं हो।

# कल्पित एवं भाटिया को घासीराम वर्मा साहित्य पुरस्कार मिलेगा





**कृष्ण कल्पित एवं जितेंद्र भाटिया।**

**जयपुर।** साहित्य, संस्कृति एवं सामाजिक सरोकारों में संलग्न प्रयास संस्थान, चूरू द्वारा प्रांत के हिंदी साहित्य को समर्पित वार्षिक "घासीराम वर्मा साहित्य पुरस्कार" वर्ष 2023 के लिए देश के प्रख्यात लेखक, कवि और गीतकार कृष्ण कल्पित एवं वर्ष 2024 के लिए जयपुर के जितेंद्र भाटिया को दिया जाएगा।

प्रयास संस्थान के सचिव कमल शर्मा ने बताया कि संस्थान द्वारा वर्ष 2008 से निरंतर यह वार्षिक पुरस्कार राजस्थान के हिंदी साहित्यकारों को प्रदान किया जाता है। इस कड़ी में वर्ष 2023 के लिए यह पुरस्कार फतेहपुर-शेखावाटी में जन्मे कृष्ण कल्पित को उनकी काव्यकृति "रेख्ते के बीज और अन्य कविताएं" के लिए तथा वर्ष 2024 के लिए जयपुर निवासी जितेंद्र भाटिया की कथेतर गद्य कृति "कांक्रीट के जंगल में गुम होते शहर" के लिए दिया जाएगा। सचिव शर्मा ने बताया कि पुरस्कार स्वरूप प्रत्येक साहित्यकार को इक्कावन-इक्कावन हजार रुपये, शॉल, श्रीफल और मानपत्र देकर अंलकृत किया जाएगा। पुरस्कार समारोह इसी अक्टूबर में चूरू में प्रस्तावित है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 30 सितम्बर, 2024**

अश्विन मास, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2081, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र मंगलवार प्रातः 9:16 तक, शुभ योग रात्रि 1:18 तक, वणिज करण रात्रि 7:07 तक, चन्द्रमा सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-मिथुन, बुध-कन्या, गुरू-वृष, शुक्र-तुला, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज भद्रा सायं 7:07 से आरम्भ होगी। आज सोम प्रदोष व्रत, तेरस का श्राद्ध, कलियुगादि तिथि, युगाब्द 5126 आरम्भ, मास शिवरात्रि है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:51 तक, शुभ 9:20 से 10:48 तक, चर 1:46 से 3:14 तक, लाभ-अमृत 3:14 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:23, सूर्यास्त 6:11

**मेष**
परिजनों के व्यवहार से दुःख हो सकता है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**वृष**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा संभव है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**सिंह**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय है। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। अनावश्यक धन खर्च होगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा।

**तुला**
आर्थिक मामलों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। चलते कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।


**धनु**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे।

**मकर**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**कुंभ**
घर-परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

# मुनि सत्व रतन सागर मास खमण तपस्या की अनुमोदना, निकली शोभायात्रा



जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर के सानिध्य में रविवार को मास खमण के तपस्वी मुनि सत्व रतन सागर को पालकी में बिठाकर शोभायात्रा निकाली।

- शोभायात्रा में मुनि सत्व रतन सागर को पालकी में बिठाया गया, श्रावक पालकी को उठाएं हुए देव, गुरू व धर्म नारे लगा रहे थे
- प्रदेश व जिले के विभिन्न स्थानों से आये ट्रस्टी तथा बड़ी संख्या में बीकानेर के श्रावक-श्राविकाओं ने भागीदारी निभाई

**बीकानेर,** (कासं)। जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ के जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर के सानिध्य में रविवार को मास खमण के तपस्वी मुनि सत्व रतन सागर की शोभायात्रा निकाली। अभिनंदन किया गया। दो दिवसीय ट्रस्टी अधिवेशन संपन्न हुआ। आचार्य 4 से 19 अक्टूबर तक मौन रहकर एकांत में सूरि मंत्र साधना करेंगे।

सुगन्जी महाराज का उपासरा ट्रस्ट एवं जिनेश्वर युवक परिषद के संयुक्त तत्वावधान में गाजे बाजे से निकली शोभायात्रा में मुनि सत्व रतन सागर को पालकी में बिठाया गया। श्रावक पालकी को उठाएं हुए देव, गुरू व धर्म नारे लगा रहे थे। श्राविकाएं तपस्या के अनुमोदनार्थ गीत गा रही थी। चतुर्विंद संघ के साथ निकली शोभायात्रा रांगड़ी चौक सुगनजी महाराज का उपासरा, नाहटा चौक के आदिश्वर मंदिर, भुजिया बाजार के भगवान आदिनाथ चिंतामणि मंदिर, भगवान महावीर स्वामी मंदिर, कोचरों का चौक आदि मार्गों से होते हुए प्रवचन पंडाल पहुंची। शोभायात्रा में मुनि सत्व रतन की सांसारिक माता मटका देवी, भाई, दिनेश छाजेड़, बहिन राजुल-राकेश डोसी सहित अनेक परिवार के सदस्य, प्रदेश व जिले के विभिन्न स्थानों से आये ट्रस्टी तथा बड़ी संख्या में बीकानेर के श्रावक-श्राविकाओं ने भागीदारी निभाई।

सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा, जिनेश्वर युवक परिषद के संरक्षक पवन पारख, मनु मुसरफ, अध्यक्ष संदीप मुसरफ, मंत्री मनीष नाहटा, माल चंद बेगानी आदि ने बीकानेर के खरतरगच्छ के इतिहास में पहली बार मास खमण की तपस्या करने वाले मुनि को परमात्मा की प्रतिमा भेंट कर अभिनंदन किया। अपने अभिनंदन पर मुनि सत्व रतन सागर ने कहा कि देव, गुरू व धर्म आलम्बन, गुरू व मुनिवृंद की प्रेरणा से वे तपस्या कर पाये हैं।

जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर ने धर्म चर्चा में कहा कि जैन धर्म के प्रमुख आगम दशवैकालिक सूत्र में दान, शील व तप की महिमा बताई गई है। मुनि सत्व रतन सागर ने दृढ़ आत्मबल, संकल्प बल व देव गुरू की आज्ञा को शिरोधार्य कर आत्मबल के शौर्य व सत्व (ताकत) से तपस्या की है। मुनिश्री का तप की अनुमोदना के साथ अनुगमन करने योग्य है। मुनि की तप से प्रेरणा लेकर कोई नियम लेकर रात्रि भोजन आदि त्याग का संकल्प लें तथा जिन शासन के बताये मार्ग पर चलें।

बीकानेर के मुनि सम्यक रतन सागर ने कहा कि देह व मन दोनों से तपस्याएं की है। देह की तपस्या सोमवार को पारणे के साथ संपन्न हो जायेगी लेकिन मन की तपस्या सजगता के साथ जारी रखते हुए आत्मा के गुणों पर रहे आवरण को हटाते हुए आत्म परमात्म तत्व की प्राप्ति की ओर बढ़ना है। मुनि शाश्वत रतन सागर, मुनि श्लोक सागर, जयपुर के अनूप चंद, पारख, जोधपुर के अधिवक्ता सुनील डागा ने भी भावों को प्रकट करते हुए मुनिश्री के तप की अनुमोदना की।

जैनाचार्य पीयूष सागर सूरिश्वर के सानिध्य में सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा, जिनेश्वर युवक परिषद के संरक्षक पवन पारख, मनु मुसरफ, अध्यक्ष संदीप मुसरफ, मंत्री मनीष नाहटा, अंजू मुसरफ, संतोष नाहटा, मूलाबाई दुगड़ व श्रीमती पारख ने अनेक श्रावक श्राविकाओं का दुपट्टा, श्रीफल, साड़ी आदि से अभिनंदन किया। इनमें बाड़मेर के मुनि सत्व रतन सागर की माता व ताई मटका देवी, भाई दिनेश छाजेड़, बहिन राजूल, बहनोई राकेश डोसी, निकटवर्ती परिजन महावीर छाजेड, मोहिनी देवी, आसूलाल बोहरा, मगराज श्रीमाल, मीना देवी, उषा लोढ़ा, प्रवीण मालू, ललित मालू, जयपुर के अनूपचंद पारख, जोधपुर के सुनील डागा, चोहटन के दिनेश सेठिया, राजेन्द्र हर्ष, ज्ञानजी भंडारी, राजेश ढोर, दुर्ग के वीर बेगानी, नागौर के लक्ष्मीराज बैंगानी आदि शामिल थे।

## भगत सिंह जयंती पर प्रतिभा सम्मान समारोह

**बीकानेर,** (कासं)। ग्रुप ऑफ भगत सिंह की बीकानेर शाखा द्वारा आज भगत सिंह की 117 वीं जयंती विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ प्रतिभा सम्मान आयोजित कर मनाई।

ग्रुप के मीडिया प्रभारी डूंगरगढ़ उपाध्याय ने बताया कि आज ग्रुप अध्यक्ष नवलगिरी के नेतृत्व में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। ग्रुप अध्यक्ष ने बताया कि कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित किया गया। जिसमें प्रथम कार्यक्रम जयनारायण व्यास कॉलोनी स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में लगी भगत सिंह की प्रतिमा पर ग्रुप के कार्यकारी सदस्यों द्वारा पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर मुख्य रूप से जहां एक और व्यास कॉलोनी के पार्षद संजय गुप्ता तथा अखिलेश प्रताप सिंह उपस्थित थे। वहीं ग्रुप के सदस्य भी उपस्थित थे। द्वितीय चरण का कार्यक्रम मुरलीधर व्यास नगर रोड स्थित नत्थूसर बास में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

ग्रुप के कोषाध्यक्ष संदीप सिंह बताया कि आज का कार्यक्रम मुख्य रूप से बीकानेर वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष कन्हैयालाल भाटी, गुरुदेव जयशंकर, उप महापौर राजेन्द्र तंवर, मरू नायक मंदिर पीठाधीश पंडित भाई श्री जी, वार्ड नं 22 के पार्षद प्रतीक स्वामी व हास्य कॉमेडी कलाकार मुकेश सोनी के आतिथ्य में संपन्न हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम ग्रुप के सांस्कृतिक प्रभारी नंदकिशोर गहलोत के नेतृत्व में शानदार स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुति देकर मनाया गया।

## सार-समाचार

### प्रकृति का महत्व बताया



एस.एस.बी. में डॉ. सोनाली धवन ने 'मेरा कार्यालय मेरा गमला' के तहत कार्मिकों को पौधों के गमले वितरित किए।

**बीकानेर,** (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज से संबद्ध सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में रविवार को अधीक्षक डॉ. सोनाली धवन ने 'मेरा कार्यालय मेरा गमला' अभियान की शुरूआत की। इस दौरान डॉ. धवन ने अस्पताल में कार्यरत समस्त कार्मिकों को गमला वितरित कर प्रकृति का महत्व बताया और अस्पताल परिसर को स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया इस दौरान डॉ. गिरीश प्रभाकर , डॉ विनीता चौधरी डॉ. जगदीशचंद्र कूंकणा, डॉ. कपिल पारीक, डॉ. सुशील फलोदिया, डॉ. सचिन बाठिया, डॉ. गरिमा शर्मा, नर्सिंग अधीक्षक मधुबाला रावत, मीनाक्षी सेमियुअल, सुरेन्द्र स्वामी, उपस्थित थे। मनोज पाण्डेय, सफराज अहमद, राजन अरोड़ा एवं नर्सिंग कर्मचारी, सफाई सुपरवाईजर, वार्ड॰बॉय, सफाई कर्मचारी व सुरक्षा प्रहरी ने इस अभियान में शामिल होकर इसे सफल बनाने में सहयोग और प्रकृति के महत्व पर जोर दिया। अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों को प्रकृति को साफ एवं स्वच्छता रखने के प्रति जागरूक रखने का संकल्प लिया। इस अभियान का उद्देश्य प्रकृति को सुन्दर एवं स्वच्छता के महत्व को समझना एवं एक स्वस्थ व सुरक्षित महौल का निर्माण करना है।

### राज्य स्तरीय फुटबॉल में चयन

**बीकानेर,** (कासं)। 68 वीं राज्य स्तरीय बॉयज और गर्ल्स स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता में मास्टर बच्ची क्लब की दस खिलाड़ियों का चयन किया। सचिव भरत पुरोहित ने बताया कि मास्टर बच्ची क्लब में बॉयज और गर्ल्स फुटबॉलर को नियमित प्रक्षिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें प्रैक्टिस कोच बुंदेला सिंह, देवेंद्र पुरोहित, विनोद जागा, आशीष किराडू, कालू भा, द्वारा लगातार प्रेक्टिस करवाई जा रही है। जिसके परिणामस्वरूप स्कूली फुटबॉल प्रतियोगिता में जिला स्तर पर 40 से अधिक खिलाड़ियों ने दो स्कूलों से भाग लिया। उनमें से दस खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तर पर हुआ। क्लब के खिलाड़ी आशुतोष रंगा, शिव कुमार शर्मा, अनिल छंगाणी, ने बताया कि क्लब से अंडर-14 वर्ष बॉयज में, जगतनारायण पुरोहित, मितेश ओझा, नितेश जोशी, नैतिक तावणियां, अंडर-17 में भविष्य शर्मा, अंडर- 19 में चंद्रप्रकाश पारीक, आरूष बिश्नोई का सलेक्शन हुआ। क्लब के अशोक जोशी, श्याम चूरा, केशव बिस्सा ने बताया कि गर्ल्स में निधि स्वामी, दीपा व्यास, रितिका जोशी का चयन राज्य स्तर प्रतियोगिता में हुआ है। बच्ची क्लब के खिलाड़ी दिनेश किराडू, यश पुरोहित, अभिषेक पुरोहित, राधे ओझा, विवेक ओझा, दीपांशु, शेखर बिहारी, प्रद्युमन ओझा, मनन राठी, विशेष चांडक, लक्ष्य पेड़ीवाल, यश ओझा, अम्बिका ओझा, जयश्री, स्नेहा, रितिका, साक्षी, मीनाक्षी, प्रतिज्ञा, निधि थानवी आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की। संस्था के सुनील बांठिया एंव शिवाजी आहूजा ने स्कूली प्रशासन, क्रीड़ा संगम का धन्यवाद ज्ञापित कर आशा जताई कि ऐसे ही मास्टर बच्ची क्लब प्लेयर्स के लिए कुछ नवाचार करता रहेगा। संस्था के सरजू नारायण पुरोहित ने बताया कि सचिव भरत पुरोहित ओर उनकी टीम सुविधाओं के अभाव में संघर्ष के दौर में भी सदैव ही फुटबॉल खेल और खिलाड़ियों के लिए कुछ नया ओर अच्छा करते रहे हैं। संस्था के उपाध्यक्ष नवल कल्ला ने स्कूलों एवं प्रशासन, बीकानेर एवं शारीरिक शिक्षकों को धन्यवाद दिया कि उन्होंने टीमों की एंट्री करवाई जिससे अच्छे प्लेयर उभर कर सामने आए। मीडिया प्रभारी हर्षित बिस्सा ने क्लब के सम्मनित अधिकारियों एवं जिला फुटबॉल संघ को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### माहेश्वरी पुरस्कार वितरण समारोह

**नोखा,** (कासं)। माहेश्वरी सभा नोखा के आतिथ्य में बीकानेर जिला माहेश्वरी सभा की कार्यकारिणी बैठक एवं नोखा तहसील स्तरीय शैक्षणिक पुरस्कार वितरण समारोह माहेश्वरी गौरव-2024 का आयोजन धूमधाम से सम्पन्न हुआ। सुबह 11 बजे कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत परी लाहोटी व भूमिका बजाज ने भगवान महेश के आगे दीप प्रज्वलन करके की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के अर्थमंत्री राजकुमार काल्या ने की। माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष भंवरलाल बाहेती ने बताया कि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व संसदीय सचिव कन्हैयालाल झंवर, पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास झंवर, नगर पालिका अध्यक्ष नारायण झंवर, प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष मनोज चितलांगिया, जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष ललित झंवर, बाबूलाल मोहता, महेश दम्माणी, ओमप्रकाश गट्टाणी, महेश जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष ओमप्रकाश करनानी, जुगल राठी, युवा प्रदेश अध्यक्ष कमल राठी, गंगानगर जिलाध्यक्ष बाबूलाल लखोटिया, सुनील लधड़, महिला संगठन की जिलाध्यक्ष कंचन राठी, विभा बिहाणी, निशा-शिव झँवर रहे। अतिथि देवो भव की परम्परा को कायम रखते हुए उपस्थित अतिथिओं को उपरणा ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान करके स्वागत किया गया। जिला सभा के संगठन मंत्री व माहेश्वरी गौरव-2024 के संयोजक संगठन मंत्री डॉ. राधेश्याम लाहोटी ने बताया कि शैक्षणिक सम्मान समारोह में विभिन्न शैक्षणिक प्रतिभाओं सहित लगभग 250 प्रतिभागियों का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। माहेश्वरी सभा नोखा के मंत्री कमल चाण्डक ने बताया कि इस भव्य कार्यक्रम में जिला, प्रदेश व अखिल भारतीय के सदस्यों सहित नोखा के प्रबुद्ध समाज बन्धु, माहेश्वरी सभा, महिला मण्डल व युवा संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे। बीकानेर जिला माहेश्वरी सभा के मंत्री बाबूलाल लाहोटी ने बताया कि इस कार्यक्रम के साथ हाल ही में बीकानेर जिले के नवगठित संगठनों बीकानेर जिला माहेश्वरी प्रोफेशनल सेल, बीकानेर तहसील माहेश्वरी सभा, कोलायत तहसील माहेश्वरी सभा व नोखा तहसील माहेश्वरी सभा का शपथ ग्रहण कार्यक्रम रखा गया। उपस्थित सदन में सभी पदाधिकारियों को अपने पद की शपथ राजकुमार काल्या ने दिलाई। आगामी कार्यक्रमों के लिये कार्यशाला, मेगा ट्रेड फेयर खेलों के प्रोत्साहन छात्रवृति के कोष का निर्माण,मोटिवेशनल सेमिनार के प्रस्ताव लिये गये।

# बीकानेर रेलवे स्टेशन से छह साल का बच्चा चोरी

- प्लेटफार्म पर बेटे-बेटी के साथ सोई थी मां, उठी तो छह साल का बेटा गायब मिला
- एक युवती छह साल के बच्चे को उठाकर ले गई, घटना कैमरे में कैद हो गई

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर रेलवे स्टेशन से एक युवती छह साल के बच्चे को चुरा ले गई। घटना का पता चलने पर रेलवे, आरपीएफ, जीआरपी और पुलिस प्रशासन के होश उड़े हुए हैं। पिछले 19 घंटे से बच्चा और चोर की तलाश की जा रही है, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला है।

जानकारी के अनुसार कोटा निवासी महिला गुड्डी पत्नी बन्ने सिंह अपने छह साल के बेटे सोनू के साथ छह नंबर प्लेटफॉर्म पर सो रही थी। इस दौरान एक लड़की छह साल के सोनू को उठाकर ले गई, जिसकी गुड्डी को भनक तक नहीं लगी। बाद में जब गुड्डी की आंख खुली तो उसने सोनू को गायब पाया। उसने पहले तो आसपास तलाश की, लेकिन जब वह नहीं मिला तो रेलवे पुलिस व अधिकारियों को सूचना दी।

आरपीएफ, जीआरपी पुलिस ने स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जीआरपी पुलिस थाना प्रभारी नेहा ने बताया कि गुड्डी देवी अपनी बेटी व छह साल के बेटे सोनू के साथ बस से जैसलमेर से बीकानेर आई थी और यहां से वापस जैसलमेर जाने वाली थी। जैसलमेर जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रही थी। वह अपने बेटे व बेटी के साथ रेलवे स्टेशन पर सोई हुई थी। आरपीएफ, जीआरपी जिला पुलिस के सहयोग से खानाबदोश लोगों के ठिकानों पर दबिश दे रही है। बच्चे व चोर की तलाश के लिए चार टीमों का गठन किया गया है।

रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में बच्चा चोरी की घटना कैद हुई है। सीसीटीवी कैमरे में एक युवती नजर आ रही है, जिसकी पीठ दिख रही है, लेकिन चेहरा नहीं। वह बच्चे को पीठ पर उठाकर ले जाती दिख रही है। युवती की पहचान नहीं होने से आरपीएफ, जीआरपी व पुलिस बेबस है।

रेलवे स्टेशन से बच्चा चोरी की घटनाएं प्रदेश में पहले भी हो चुकी हैं। अजमेर व कोटा रेलवे स्टेशन से बच्चे चोरी होने की घटनाएं पूर्व में हो चुकी हैं। जानकारों की मानें तो रेलवे स्टेशन पर कई जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। उनकी डायरेक्शन सही नहीं है। कैमरों की क्वालिटी भी अच्छी नहीं है। इस कारण घटनाएं होने पर समुचित मदद नहीं मिल पाती।

## मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह

**बीकानेर,** (कासं)। उमर फारूक खिदमतगार सोसायटी रामपुरा बीकानेर की ओर से रामपुरा बस्ती लालगढ़ बीकानेर क्षेत्र के बच्चों के लिए दीन व दुनियावी तालीम हासिल करने पर हौसला अफजाई के लिए दूसरा जश्ने -ए-एजाज़ नामा ( प्रतिभा सम्मान समारोह) रामदेव भवन, मुक्त प्रसाद रोड में आयोजित किया गया।

इस समारोह में प्रतिभावान छात्रों की सम्मानित किया गया जिसमें 25 बच्चे जिन्होंने कुरान मुकम्मल किया। और 10 स्टैंडर्ड में 10 बच्चों ने 70 प्रतिशत से 95 प्रतिशत तक अंक हासिल किए। 12 वीं में 10 बच्चों ने 70 प्रतिशत से 96 प्रतिशत अंक हासिल किये एवं तीन बच्चे बीएससी नर्सिंग कर रहे हैं। उक्त सभी को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में संस्था के सचिव जनाब हाजी गुलाम हुसैन ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए अब्दुल मजीद खोखर ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

# सफाई कर्मियों की भर्ती प्रक्रिया शुरू

- आवेदन की प्रक्रिया 7 अक्टूबर से प्रारंभ होगी व 6 नवम्बर तक आवेदन भरे जा सकेंगे
- बीकानेर को मिलेंगे 1037 सफाई कर्मचारी

**बीकानेर,**(कासं)। प्रदेश में सफाई कर्मचारी भर्ती प्रक्रिया को एक बार फिर से प्रारंभ कर दिया गया है। इसके लिए नई विज्ञप्ति जारी कर दी गई है। विज्ञप्ति के अनुसार प्रदेश की नगरीय निकायों में कुल 23820 पदों पर भर्ती होगी। इनमें से नगर निगम बीकानेर में 1037 सफाई कर्मचारी मिलेंगे।

वहीं नगर पालिका देशनोक में 46, नोखा में 102 और श्रीडूंगरगढ़ नगर पालिका में 247 सफाई कर्मचारियों की भर्ती होगी। सफाई कर्मचारी भर्ती के लिए आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन करने होंगे। आवेदन की प्रक्रिया 7 अक्टूबर से प्रारंभ होगी व 6 नवम्बर तक आवेदन भरे जा सकेंगे। इस बार एक आवेदक एक ही नगरीय निकाय में आवेदन कर सकेगा।

सफाई कर्मचारी भर्ती के लिए किसी भी प्रकार की शैक्षणिक योग्यता की आवश्यकता नहीं होगी। विज्ञप्ति के अनुसार आवेदन के लिए शैक्षणिक योग्यता की कोई बाध्यता नहीं है। आवेदक को एसएसओ आईडी के माध्यम से लॉगिंग करने के बाद एक बारीय पंजीयन करवाना होगा। ई मित्र के माध्यम से या जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाइन जमा होगा। आवेदन शुल्क सामान्य अनारक्षित श्रेणी के लिए 600 रूपए, आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी के लिए 400 रूपए और दिव्यांगजन अभ्यर्थी के लिए 400 रूपए निर्धारित है।

# गिट्टी फैक्ट्री में गुणे के ढेर में लगी आग

- करीब 15 से 20 हजार क्विंटल गुना इस यार्ड में मौजूद है

**केसरीसिंहपुर,** (कासं)। गांव साहिबसिंह वाला के पास गिट्टी फैक्ट्री में शनिवार को गुणे के ढेर में आग लग गई। आग को बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां व इतने ही पानी के टैंकर लगे हुए हैं लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका।

जानकारी अनुसार अग्रवाल एग्री इंडस्ट्रीज में सरसों, ग्वार आदि के (गुणा) वेस्ट से गिट्टी का निर्माण किया जाता है। इसके लिए फैक्ट्री परिसर में बने यार्ड में हजारों क्विंटल गुणा पड़ा हुआ है। सुबह 11 बजे के इनमें से एक यार्ड में धुआं निकलता देख कर श्रमिकों ने मालिकों को सूचना दी। आग की सूचना पर केसरीसिंहपुर, श्रीकरणपुर, गंगानगर से करीब 4 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। वहीं चार पानी के टैंकर लगाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किए गए।

ढेर में नीचे तक अग्नि होने के कारण शाम तक इस पर बुझाया नहीं जा सका। बताया जा रहा है कि करीब 15 से 20 हजार क्विंटल गुना इस यार्ड में मौजूद है। इससे लाखों रूपए का नुकसान होने की आशंका जताई गई है। दो साल पहले भी इसी फैक्ट्री में गुने के ढेर में आग लग गई थी। जिसमें दो दिन बाद काबू पाया जा सका था ।

## पशुपालन मंत्री आज बीकानेर आयेंगे

**बीकानेर,** (कासं)। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत आज रात्रि 10 बजे बीकानेर आएंगे तथा रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगें।

जोराराम कुमावत सोमवार प्रातः 10 बजे महावीर इंटर कॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन द्वारा आयोजित मूक बधिर शिविर में भाग लेंगे। इसके उपरांत दोपहर 1 बजे राजूवास में कार्मिकों तथा विद्यार्थियों से संवाद करेंगे तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

पशुपालन विभाग मंत्री दोपहर 2.30 बजे बीकानेर डेयरी प्लांट का निरीक्षण कर वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा सांय 5 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# तीन बाइक चोर गिरफ्तार, चोरी की 32 बाइक बरामद

- शातिर चोर शहरी क्षेत्र से बाइक चुराकर जोधपुर-फलौदी में औने-पौने दामों में बेच देते थे

**बीकानेर,**(कासं)। नयाशहर पुलिस ने तीन बाइक चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की 32 बाइक बरामद की।

युवक बीकानेर शहरी क्षेत्र से बाइक चुराते और जोधपुर व फलौदी में औने-पौने दाम में बेच देते थे। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर ने नयाशहर थाने में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फलौदी के भींयासर निवासी सोमराज (23) पुत्र गोपीलाल बिश्नोई, कोटगेट निवासी जहीर उर्फ कप्तान उर्फ बाबू (21) पुत्र तालिब हुसैन और नत्थूसर बास निवासी सोनू सांखला (23) पुत्र किशोर कुमार माली को गिरफ्तार किया गया है। यह युवक बीकानेर से बाइक चोरी करने के बाद जोधपुर और फलौदी के गांवों में औने-पौने दामों में बेच देते थे। आरोपियों से 32 बाइक बरामद की गई हैं। चोर गिरोह को पकड़ने में नयाशहर थाने के हवलदार केसराराम व कृष्णकुमार की मुख्य भूमिका रही।

पुलिस अधीक्षक सागर ने बताया कि नयाशहर एसएचओ तिवाड़ी को चोरी की बाइक खरीदने वालों को चिन्हित करने के लिए कहा है। आरोपियों से पूछताछ कर चोरी की बाइक कहां-कहां और किस-किस को बेची है, इसका पता लगाया जा रहा है

दो अगस्त को वैद्य मघाराम कॉलोनी निवासी सुरेश कुमार अपने भांजे को चिकित्सक के पास चैकअप कराने के लिए गया था। अस्पताल के पश्चिम गेट के पास बाइक खड़ी कर अंदर चला गया। वापस आया तो बाइक गायब थी। इस पर पीड़ित ने नयाशहर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। टीम में हवलदार रणवीर सिंह, हंसराज, सिपाही राजाराम, कृष्णकुमार, केसराराम, मोहजीत शामिल थे।

# मल्टीग्रेन के बाजरे की रोटी व दालों से निर्मित स्वादिष्ट व्यंजनों को सराहा



राष्ट्रीय पोषण माह के जिला स्तरीय समापन समारोह में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान विधायक सिद्धि कुमारी और ताराचन्द सारस्वत ने शिरकत की।

- राष्ट्रीय पोषण माह का जिला स्तरीय समारोह आयोजित

**बीकानेर,** (कासं)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सप्तम राष्ट्रीय पोषण माह का जिला स्तरीय समापन समारोह रविवार को रविन्द्र रंगमंच पर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत बीकानेर पूर्व विधानसभा क्षेत्र विधायक सुश्री सिद्धि कुमारी और श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचन्द सारस्वत ने दीप प्रज्वलन के साथ की। अतिथियों ने महिला एवं बाल विकास विभाग की व्यंजन प्रदर्शनी एवं आंगनबाड़ी सेवाओं महिला अधिकारिता विभाग द्वारा राकेट लर्निंग के मिशन निर्माण सहित अन्य विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल्स का अवलोकन किया। विभिन्न पौष्टिक पकवानों व मल्टीग्रेन के बाजरे की रोटी स्थानीय दालों से निर्मित स्वादिष्ट व्यंजनों की स्टॉल्स को अतिथियों ने सराहा। इस दौरान अतिथियों द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा बच्चों का अन्नप्राशन करवाया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों तीन से छह वर्ष तक के शाला पूर्व शिक्षा में पंजीकृत बच्चों ने बम-बम बोले पर नृत्य फैन्सी ड्रेस लाल टमाटर बड़े मजेदार कविताओं की प्रस्तुति जैसी आदि मनमोहक प्रस्तुतियां दी। पोषण माह के दौरान जिले की समस्त परियोजनाओं द्वारा 1 से 30 सितम्बर तक थीम अनुसार विभिन्न कार्यक्रम करवाकर केन्द्र सरकार की डेशबोर्ड पोर्टल पर रिकॉर्ड एंट्री दर्ज की।

इस अवसर पर विधायक सुश्री सिद्धी कुमारी ने आंगनबाड़ी केन्द्रों को बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहयोगी बताया और कहा कि भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय पोषण माह जैसे सतत कार्यक्रमों के बेहतर परिणाम आयेंगे। विधायक ताराचंद सारस्वत ने कहा कि महिलाओं के पोषण विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बेहतरीन कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं। नए भारत के निर्माण में आंगनबाड़ी केन्द्रों व महिला कार्यकर्ताओं की मेहनत की सराहना की।

## योजनाओं की देंगे जानकारी

**बीकानेर,**(कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा 1 से 7 अक्टूबर तक समाज कल्याण सप्ताह मनाया जायेगा। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल.डी. पवार ने बताया कि समाज कल्याण सप्ताह आयोजन का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जातियों, जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, विशेष योग्यजन, महिलाओं एवं बच्चों को राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित करना है। इस दौरान आमजन को सामाजिक बुराईयों एवं कुरीतियों के विरूद्ध जागरूक किया जायेगा।समाज कल्याण सप्ताह की शुरूआत 1 अक्टूबर को वृद्धजन दिवस से होगी। वृद्धजनों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी, चिकित्सकीय जांच, रोडवेज के रियायती पास वितरण आदि कार्यक्रमों का आयोजन मुक्ता प्रसाद नगर स्थित जय भीम वृद्धाश्रम तथा अपना घर वृद्धाश्रम में किया जायेगा।

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.10.2024 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
बीकानेर, आदर्श कॉलोनी, 117680700023811, 3822, 3855, 3860, नोखा, 135170700014604, 4637, 135170730038004, 8008, 8051, 8091, पंच शती सर्कल, 115300700028469, 8472, 8494, 115300730076803, 6939, 6968, 115300750000046, श्री डुंगरगढ, 135300700013649, 3665, 3676, 3679, 3690, 135300730038238, गंगानगर, रायसिंह नगर, 135100700034958, 6777, 6790, 6833, 6842, 6848, 6879, 6899, 135100730040169, 0247, 0277, 0346, 0422, 0445, 0447, 0452, 0480, रविन्द्र पथ, 117420700036820, 6827, 6832, 6864, 6888, 6893, 6899, 6936, 117420730040604, 0713, 0757, सुखाड़िया सर्कल, 117490700021442, 1462, 117490730022818, 2917, 2930, सूरतगढ राजस्थान, 135560700024545, 4560, 4575, 4587, 4633, 4635, 4638, 4657, 4686, 4689, 4693, 4709, 4711, 4716, 4720, 135560730051079, 1096, 1161, 1223, 1251, 1252, 1282, 1301, 1561,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु

# गोगुंदा में आदमखोर पैंथर का आतंक जारी, वृद्धा का शिकार किया

## पैंथर ने 15 किमी. का पहाड़ी रास्ता तय कर पांच गांवों में 10 दिन में 6 जनों को शिकार बनाया

- **गोगुंदा इलाके में छाली ग्राम पंचायत के बाघदड़ा गांव में चौथा पैंथर पिंजरे में कैद हुआ, यह वह जगह है, जहां एक सप्ताह पहले पैंथर ने खेत में बैल का शिकार किया था**

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जिले के गोगुंदा थाना क्षेत्र के गुर्जरों का गुढ़ा गांव में आदमखोर पैंथर ने शनिवार शाम वृद्ध महिला का शिकार कर लिया। दस दिन में आदमखोर पैंथर का यह छटा शिकार है। पैंथर एक ही लंबी पहाड़ी के सहारे आगे से आगे बढ़ता जा रहा है, आदमखोर पैंथर ने दस दिन में छाली गांव से गुर्जरों का गुढ़ा तक करीब 15 किलोमीटर का पहाड़ी रास्ता तय कर इस बीच पांच गांवों में 6 लोगों का शिकार किया है।

छह मौतों के बाद भी वन विभाग पिंजरों के भरोसे बैठा है और वनक्षेत्र के अन्य पैंथर को पिंजरों में आता देख खुश हो रहा है। वहीं आदमखोर पैंथर हर दूसरे दिन मानव शिकार कर रहा है। आदमखोर पैंथर इतना आक्रामक हो चुका है कि वह अब घर में घुसकर लोगों का शिकार कर रहा है। पैंथर वन विभाग की तैयारियों को धता बताकर लगातार चकमा दे रहा है। पुलिस उपअधीक्षक गजेन्द्र सिंह राव के अनुसार पैंथर ने गुर्जरों का गुडा निवासी 55 वर्षीय महिला गट्टूबाई पत्नी मोतीलाल गुर्जर का शिकार कर उसे मार दिया है। गट्टूबाई पति मोतीलाल के साथ गुर्जरों का गुडा गांव में आबादी बस्ती से एक किलोमीटर दूर एक मगरे पर बने घर में रहती थी। शनिवार दोपहर मोतीलाल गांव में बस्ती की तरफ काम से आया था। मगरे पर बने घर में गट्टूबाई अकेली थी। शाम को मोतीलाल घर लौटे तो गट्टूबाई नहीं मिली। मोतीलाल की सूचना पर सैकड़ों ग्रामीण इकट्ठे होकर पहुंचे और जंगल के अंदर तलाश शुरू की। जंगल में 400 मीटर अंदर पहले महिला की साड़ी का कुछ हिस्सा मिला फिर उसके एक दो गहने और चप्पल दिखी, फिर खून पड़ा दिखा। ग्रामीण उसी दिशा में आगे बढ़े तो झाड़ियों में महिला का शव मिल गया। शव को बुरी तरह से नोच-नोच कर खाया गया था। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार दोपहर 12 बजे गोगुन्दा मार्ग अवरुद्ध कर दिया जिसे समझाइश के बाद सुचारू करवाकर कर वृद्धा का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द किया गया।

इससे पहले देर रात को वन विभाग की ओर से गांव में पिंजरा नहीं लगाने और अधिकारियों के मौके पर नहीं पहुंचने से ग्रामीण नाराज हो गए थे। गुस्साए परिजन के साथ सैकड़ों ग्रामीण मजाम रोड पर शव को लेकर धरने पर बैठ गए। रात 2 बजे तक धरना चलता रहा। गोगुंदा थाना पुलिस जाब्ता और तहसीलदार कैलाश इनाणिया मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को समझाया। तब जाकर मामला शांत हुआ। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि 18 से 28 सितंबर के बीच तीन ग्राम पंचायतों के 5 गांवों में आदमखोर पैंथर 6 लोगों का शिकार कर उन्हें मौत के घाट उतार चुका है। यह आदमखोर पैंथर एक ही पहाड़ी के सहारे आगे से आगे बढ़ रहा है और 18 सितंबर से 28 सितम्बर तक छाली के उंडीथल से गुर्जरों का गुढ़ा तक 15 किलोमीटर का रास्ता तय कर गोगुंदा की तरफ बढ़ रहा है।

जानकारी के अनुसार 19 सितंबर सुबह आठ बजे उंडीथल गांव की रहने वाली किशोरी कमला का हाथ, मुंह खाया हुआ शव झाड़ियों में मिला था। 19 सितंबर शाम को भेवडिया गांव के खुमाराम गमेती को पैंथर ने अपना शिकार बनाया। 20 सितंबर सुबह मलारिया खुर्द गांव की महिला पर हमला किया। उसने भागकर अपनी जान बचाई। 20 सितंबर शाम को उमरिया गांव की हमेरी भील को पैंथर ने शिकार बनाया। 25 सितंबर शाम सात बजे मजावद ग्राम पंचायत के कुडाऊ गांव की भील बस्ती की 5 साल की बच्ची को पैंथर लेपर्ड ने मार डाला। 26 सितंबर दोपहर तीन बजे झाडोल के सरणा फला में 50 साल के शंकर को पैंथर ने मार डाला था। इसी क्रम में 28 सितंबर रात सवा नौ बजे गुर्जरों का गुढ़ा गांव की 55 साल की गट्टू बाई का शव घर से 300 मीटर दूर पहाड़ी पर मिला।

इधर शनिवार देर रात जिले के गोगुंदा इलाके में छाली ग्राम पंचायत के बाघदड़ा गांव में चौथा पैंथर पिंजरे में कैद हुआ। यह वह जगह है, जहां एक सप्ताह पहले पैंथर ने खेत में बैल का शिकार किया था। रविवार सुबह छह बजे गांव के सरपंच गणेशलाल सहित 4-5 ग्रामीणों ने पैंथर को पिंजरे में कैद देखा। वह पिंजरे में गुर्रा रहा था। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। वहां से पैंथर को सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क लाया गया। यहां वेटरनरी डॉक्टर पैंथर की जांच करेंगे। इसके बाद वन विभाग इसे यहां रखने या फिर सुरक्षित छोड़ने को लेकर निर्णय लेगा। इससे पहले 23 सितंबर की रात छाली ग्राम पंचायत के उमरिया गांव में दो अलग-अलग पिंजरों में दो पैंथर कैद हुए थे। वहीं, 27 सितंबर को देर रात मजावद ग्राम पंचायत के कुडाऊ गांव की भील बस्ती के पास पिंजरे में एक पैंथर कैद हुआ था। गोगुंदा के राणा गांव में रविवार दोपहर करीब 12 बजे एक महिला पर पैंथर ने हमले का प्रयास किया। चुनकी बाई पत्नी भंवरलाल खेतों में घास काट रही थी। यहीं पास में एक पैंथर झाड़ियों में घात लगाकर बैठा था। जैसे ही वह महिला की ओर बढ़ा महिला चिल्लाते हुए भागी और अपनी जान बचाई।

# बीकानेर के जवान रामस्वरूप कस्वां का पांच दिन बाद अंतिम संस्कार हुआ

## प्रशासन ने गार्ड ऑफ ऑनर की सहमति दी, परिवार को 50 लाख की आर्थिक सहायता और पत्नी को संविदा पर नौकरी की मांग मानी

- **बीकानेर के जवान रामस्वरूप कस्वां की (24) की 25 सितंबर को अनंतनाग में गोली लगने से मौत हो गई थी**

**बीकानेर, (निसं)।** जिले के पांचू क्षेत्र के जवान रामस्वरूप कस्वां का मौत के पांच दिन बाद अंतिम संस्कार किया गया। जवान को शहीद का दर्जा दिलाने और अन्य मांग को लेकर चार दिन से चल रहा धरना रविवार दोपहर डेढ़ बजे खत्म हो गया। प्रशासन ने गार्ड ऑफ ऑनर के लिए सहमति दे दी। इसके साथ ही परिवार को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता और पत्नी को संविदा पर नौकरी दी जाएगी। इसके बाद रामस्वरूप कस्वां के शव को अंतिम संस्कार के लिए सम्मान के साथ पांचू गांव रवाना किया गया। जहां उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार हुआ। इससे पहले, रविवार सुबह जयपुर-बीकानेर नेशनल हाईवे-11 खोल दिया गया था।


बीकानेर के जवान रामस्वरूप कस्वां (24) की 25 सितंबर को अनंतनाग में गोली लगने से मौत हुई थी। प्रारंभिक तौर पर सामने आया था कि ऑन ड्यूटी फायरिंग के दौरान जान गई, जिसे बाद में सुसाइड बताया गया। शव मिलिट्री कैंट एरिया (बीकानेर) में स्थित सरकारी अस्पताल में ही रखा हुआ था। इधर, शनिवार रात 12 बजे तक करीब एक हजार लोग धरना स्थल म्यूजियम सर्किल पर जुटे थे। धरने में पहुंचे नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा था कि सारी मांगें सरकार के सामने रख दीं, अब तो लाठी-भाटा हो सकती है। बेनीवाल ने जवान के भाई श्रीराम कस्वां से बात की। रात 12 बजे तक बेनीवाल वहीं रहे। जवान रामस्वरूप कस्वां को शहीद का दर्जा देने की मांग को लेकर बीती रात प्रदर्शनकारी म्यूजियम सर्किल पर रखे सेना के टैंक पर चढ़ गए थे।

नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने 28 सितंबर को दो बार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रदेश सरकार में सैनिक कल्याण मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ से बातचीत की। डेढ़ घंटे तक प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मीटिंग भी हुई, लेकिन तब सहमति नहीं बन सकी थी। जवान को शहीद का दर्जा देने को लेकर बीकानेर शहर के म्यूजियम सर्किल पर नेशनल हाईवे 11 के बीच टैंट लगाकर धरना लगाया गया था, जिसे रविवार सुबह वार्ता में मांगों पर बनी सहमति के बाद हटा लिया गया।

बीकानेर-जयपुर नेशनल हाईवे बंद होने के कारण बड़ी संख्या में लोग परेशान रहे। रामस्वरूप कस्वां के भाई श्रीराम कस्वां ने बताया कि आम जनता की परेशानी को देखते हुए सिर्फ रास्ता खोला गया। धरना वहीं पर जारी रहेगा। आज सुबह घर के सभी लोग नेशनल हाईवे के पास ही धरने पर बैठे थे। म्यूजियम चौराहा पिछले तीन दिन से पूरी तरह बंद था। ऐसे में वाहनों की संख्या अन्य रास्तों पर बढ़ गई थी। अंबेडकर सर्किल पर दबाव बढ़ा हुआ था।

जिला कलेक्टर नमृता वृष्णि और एसपी कावेंद्र सिंह सागर आज जवान रामस्वरूप कस्वां के गांव पांचू पहुंचे थे। इस बारे में बातचीत में एसपी सागर ने कहा कि परिवार के लोगों से मुलाकात की। इसके बाद परिजन की मांगों पर सहमति बनी।

# झुंझुनूं में हो सकता है भाई वर्सेज भाई का मुकाबला!



पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा।



पूर्व विधायक रणवीर सिंह गुढ़ा।

- **पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा खुद को प्रत्याशी घोषित कर इलाके में सक्रिय**
- **मेरा परिवार भाजपा है, जिसे भी टिकट मिली जिताएंगे : रणवीर सिंह गुढ़ा**

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं विधानसभा का उप चुनाव प्रस्तावित है। जहां पर भाई वर्सेज भाई का चुनाव भी देखने को मिल सकता है। जानकारी के अनुसार एक तरफ पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा खुद को उप चुनावों के लिए प्रत्याशी घोषित कर इलाके में सक्रिय है तो वहीं अब उनके भाई पूर्व विधायक रणवीर सिंह गुढ़ा ने भी झुंझुनूं में सक्रियता बढ़ा दी है। साथ ही भाजपा की टिकट भी मांग रहे हैं। वे लगातार भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के अलावा क्षेत्र में सक्रियता के साथ दौरे कर रहे हैं। जिससे राजनैतिक गलियारों में कयास लगने शुरू हो गए है कि हो सकता है कि दोनों भाई चुनावों में पहली बार आमने-सामने हो जाए।

पूर्व विधायक रणवीर सिंह गुढा ने कहा कि उन्होंने विधानसभा चुनावों में भाजपा ज्वाइन की थी। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने उन्हें विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा में शामिल करवाया था। जिसके बाद उन्होंने विद्याधर नगर विधानसभा में दिया कुमारी के लिए प्रचार-प्रसार किया। जिसका परिणाम यह रहा कि दिया कुमारी रिकॉर्ड तोड़ वोटों से चुनाव जीती। अब भी वे चाहते हैं कि भाजपा सभी सातों विधानसभा सीटों पर प्रस्तावित उप चुनाव में जीत दर्ज करें। अपनी टिकट दावेदारी पर रणवीर सिंह गुढ़ा ने कहा कि बतौर कार्यकर्ता वे टिकट मांग रहे हैं, लेकिन पार्टी जिसे भी टिकट देगी उसके लिए वे जी-जान से मेहनत करेंगे। इस मौके पर रणवीर सिंह गुढ़ा ने अपने भाई राजेंद्र सिंह गुढ़ा के सामने चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि उनका परिवार भाजपा है, उनका पहला और आखिरी मकसद भाजपा के प्रत्याशी के लिए जी-जान लगाकर उसे जिताना ही रहेगा।

# थाने के समीप अधेड़ का शव मिला

**करौली, (निसं)।** करौली कोतवाली से मात्र 100 मीटर दूर नई सब्जी मंडी क्षेत्र में एक व्यक्ति का संदिग्ध अवस्था में शव मिला। जिसका पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

मृत पड़े युवक की सूचना के बाद करौली कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी ली। पुलिस ने मृतक की पहचान के प्रयास किए। बाद में मृतक का शव करौली हॉस्पिटल की मॉर्चुरी में रखवाया जहां मृतक की पहचान भरतलाल जाटव निवासी लेदौर खुर्द के रूप में हुई है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

करौली हॉस्पिटल पुलिस चौकी एएसआई बृजराज शर्मा ने बताया कि नई सब्जी मंडी क्षेत्र में एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। साथ ही मृतक की पहचान के प्रयास किए लेकिन असफल रहे। मृतक के शव को करौली हॉस्पिटल की मॉर्चूरी में रखवाया।

इस दौरान मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने मृतक की पहचान भरतलाल जाटव 51 पुत्र पांच्या जाटव निवासी लेदौर खुर्द के रूप में की। परिजनों ने बताया कि मृतक का पुत्र अस्पताल के मेल मेडिकल वार्ड में 27 सितंबर को भर्ती हुआ था। परिजन पुत्र को लेकर शनिवार को वापस चले गए लेकिन मृतक भरतलाल घर नहीं पहुंचा। रविवार प्रातः नई सब्जी मंडी में शव पड़ा मिला है।

# ट्रैक्टर ने दो मासूम भाइयों को टक्कर मारी, एक की मौत, एक घायल

## मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों ने बच्चे के शव को लेने से इंकार किया, आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की

**भरतपुर, (निसं)।** कुम्हेर थाना क्षेत्र के गांव जया में टैक्टर से कुचलने के चलते एक सात वर्षीय बालक की मौत हो गई। वहीं उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया, जिस पर कुम्हेर थाना पुलिस ने मृतक के शव का जिला आरबीएम अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया, लेकिन स्थिति उस वक्त बिगड़ गई जब मृतक के परिजनों एवं स्थानीय गांव के निवासियों ने बच्चे के शव को तब तक लेने से इंकार कर दिया जब तक पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर ले।



गांव जया में ट्रैक्टर से कुचलने से एक बालक की मौत के बाद परिजनों एवं ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।

कुम्हेर थाना पुलिस ने परिजनों को समझाने का भरसक प्रयास किया कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा, लेकिन परिजन मानने को तैयार नहीं हुए। सूचना पर जाटव समाज के राजकुमार पप्पा सहित कई प्रतिनिधि भी अस्पताल में पहुंच गए। भीम आर्मी के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रवीण कबीर ने भी मामले की मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। गांव के लोगों ने पुलिस को साफ कर दिया कि जब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो जाती वे बच्चे के शव को नहीं लेंगे। पुलिस व ग्रामीणों के बीच गतिरोध बना रहा, जिसके बाद पीड़ित परिजन अपने गांव के करीब पांच दर्जन महिला पुरूषों के साथ जिला आरबीएम अस्पताल से पैदल ही करीब तीन किलोमीटर पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए आईजी कार्यालय पहुंच गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए मथुरा गेट थाना प्रभारी करण सिंह, कोतवाली थाना अधिकारी रामरूप, सेवर थाना एसएचओ अनिल जसौरिया पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंच गए, जहां प्रशिक्षु आईपीएस पंकज ने गांव के लोगों को समझाइश कर बताया कि पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है, जिसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस का जाप्ता भी तैनात करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद गांव के लोग माने और मृतक बालक के शव को जिला आरबीएम अस्पताल से लेकर अपने गांव पहुंचे। मृतक बालक रोहिन के पिता सुघढ सिंह ने बताया कि वह मजदूरी का कार्य करता है, जिस पर वह बाहर मजदूरी करने गया था। उसे पता चला कि गांव के ही एक व्यक्ति ने उसके बच्चों पर ट्रेक्टर चलाकर कुचल दिया, जिसमें उसके पुत्र रोहिन की मौत हो गई। वहीं दूसरे पुत्र कान्हा के पैर में फ्रेक्चर आ गया। उसने बताया कि आरोपी ट्रैक्टर चालक ने घर के चबूतरे पर ट्रैक्टर चढ़ाकर उसके पुत्र की हत्या की। फिलहाल पुलिस मामले के अनुसंधान में जुटी हुई है। आरोपी पंकज ट्रैक्टर को छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस ने मामले में आरोपी के परिजनों को डिटेन किया है। मृतक रोहिन के परिजनों ने बताया है कि आरोपी युवक पंकज के परिवारजनों ने 25 सितम्बर को भी झड़प की थी, जिस पर पहले राजीनामा हो गया था लेकिन उन्हें तब यह नहीं पता था कि बात यहां तक पहुंच जाएगी।

# शाही रेल पैलेस ऑन व्हील्स जैसलमेर पहुंची

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** स्वर्णनगरी में पर्यटन सीजन के आगाज के बाद पहियों पर महल के रूप में विख्यात शाही रेल पैलेस ऑन व्हील्स जैसलमेर पहुंची। इस बार यह शाही रेल नए लुक के साथ पर्यटकों को लेकर जैसलमेर पहुंची है। इस साल के पहले फेरे के तहत जैसलमेर पहुंची इस शाही रेल से स्वर्णनगरी भ्रमण पर आए पर्यटकों का जैसलमेर रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। इस शाही रेल के पहले फेरे में कुल 31 पर्यटक जैसलमेर पहुंचे हैं, जिनमें 19 विदेशी और 12 भारतीय पर्यटक शामिल है।

- **पहले फेरे में कुल 31 पर्यटक जैसलमेर पहुंचे हैं, जिनमें 19 विदेशी और 12 भारतीय पर्यटक शामिल है**

जैसलमेर टूरिस्ट गाइड एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण पुरोहित ने बताया कि जैसलमेर के लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है कि शाही रेल अपने फेरे के दौरान जैसलमेर पहुंची है। हम सभी यह चाहते हैं कि आने वाले समय में पैलेस ऑन व्हील्स में ज्यादा से ज्यादा सैलानी जैसलमेर आएं और अन्य शाही ट्रेनें भी यहां आएं। जिससे स्वर्णनगरी को विश्व स्तर पर और अधिक पहचान मिल सके और पर्यटक जैसलमेर को निहार सके। इससे यहां के पर्यटन व्यवसाय का भी विकास होगा और हर आदमी को रोजगार मिल सकेगा।

# बांस की खेती पश्चिमी राजस्थान की तस्वीर बदल सकती है!

- **एसकेआरएयूः शुष्क पारिस्थितिकी तंत्र में बांस की 11 विभिन्न प्रजातियों के 200 पौधे लगाकर शोध किया जा रहा है**
- **'47 लाख के बांस प्रोजेक्ट का उद्देश्य पश्चिमी राजस्थान की शुष्क जलवायु में बांस की वृद्धि और उत्पादन का अध्ययन करना है'**

**बीकानेर, (निसं)।** बांस की खेती पश्चिमी राजस्थान की तस्वीर बदल सकती है। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में करीब ढाई महीने पहले बांस की 11 विभिन्न प्रजातियों के करीब 200 पौधे लगाए गए। शुष्क पारिस्थितिकी तंत्र में बांस की खेती की संभावनाओं को तलाशा जा रहा है। शोध के प्रारंभिक लक्षण उत्साहित करने वाले हैं। बांस के पौधों में अच्छी ग्रोथ देखी जा रही है।

कुलपति डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि कृषि महाविद्यालय बीकानेर ने राष्ट्रीय बांस मिशन के तहत 'शुष्क पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बांसः एक प्रारंभिक प्रयास' परियोजना केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय को भेजी थी जिसका भारत सरकार से अनुमोदन मिलने पर नवसारी कृषि विश्वविद्यालय गुजरात और देहरादून के भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान से बांस की 11 विभिन्न प्रजातियों के करीब 200 पौधे मंगवा कर लगाए गए। कुलपति ने बताया कि कुल 47 लाख के बांस प्रोजेक्ट का उद्देश्य पश्चिमी राजस्थान की शुष्क जलवायु में बांस की वृद्धि और उत्पादन का अध्ययन करना है। साथ ही शुष्क पारिस्थितिकी तंत्र में उपयुक्त बांस प्रजातियों की पहचान करना है जो इस क्षेत्र की जलवायु व मृदा के उपयुक्त हो। यह भी देखा जाएगा कि पौधों के बीच आपसी दूरी कितनी रखी जाए कि पौधे की अधिक से अधिक ग्रोथ हो और किसान की आय बढ़े।

कुलपति डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि बांस की खेती किसानों को आर्थिक दृष्टि से भी फायदेमंद रहेगी। बांस से हस्तशिल्प (चटाई, टोकरी, उपकरण, खिलौने व बर्तन) का सामान और फर्नीचर आदि बनाये जाते हैं। इसके उत्पादों में वैल्यू एडिशन से किसानों को अतिरिक्त आय होगी। उन्होंने बताया कि बांस पर्यावरण प्रदूषण को भी कम करता है। साथ ही जल स्तर बढ़ाने में सहायक है। मिट्टी की वाटर होल्डिंग कैपेसिटी भी बढ़ाता है। उन्हे विश्वास है कि बांस की खेती भविष्य में पश्चिमी राजस्थान के किसानों की आर्थिक उन्नति का कारण बनेगी। कृषि महाविद्यालय बीकानेर के अधिष्ठाता और उद्यान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पीके यादव ने बताया कि बांस की खेती राजस्थान के लिए नई नहीं है। बांसवाड़ा में बांस की खेती पहले से होती आ रही है। लेकिन पश्चिमी राजस्थान की शुष्क जलवायु और कम पानी में बांस की कौनसी प्रजाति आसानी से उगाई जा सकती है, इसकी संभावनाओं को तलाशा जा रहा है। शुष्क क्षेत्र में बांस जैसी नई फसल स्थापित होने से किसानों को एक और अतिरिक्त आय प्राप्त हो सकेगी।

डॉ. पी.के. यादव ने बताया कि बांस एक बहुउपयोगी, मजबूत, नवीकरणीय और पर्यावरण-अनुकूल पौधा है और पृथ्वी पर सबसे तेजी से बढ़ने वाला काष्ठीय पौधा है। पूरे जीवन में यह 25 मीटर या उससे अधिक की लंबाई तक बढ़ता है। बांस को हर साल पुनः लगाने की आवश्यकता नहीं होती। 3 से 5 साल के चक्र में स्थायी रूप से काटा जा सकता है। बांस अविकसित और खराब भूमि, ऊँचे भूभाग, खेत की मेड़ों व नदी किनारों पर भी उगाया जा सकता है और इसकी फसल में कम पानी की जरूरत पड़ती है। कृषि विश्वविद्यालय में भी बूंद बूंद सिंचाई प्रणाली के जरिए इसमें सिंचाई की जा रही है।

डॉ. यादव ने बताया कि तीन वर्षीय कार्ययोजना के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाली बांस प्रजाति का चयन और उनका नर्सरी में बड़े पैमाने पर गुणन किया जाएगा। साथ ही किसानों व अन्य हितधारकों को प्रशिक्षण, किसानों के खेत में बांस का प्रदर्शन इकाई स्थापित करना और बेहतर प्रदर्शन करने वाली बांस प्रजातियों का किसानों के खेत में रोपण किया जाएगा।

# केकड़ी जिले को यथावत रखने की मांग, दूसरे दिन भी केकड़ी बंद रहा

## बार एसोसिएशन आज सरकार की सदबुद्धि के लिए यज्ञ करेगा, शहर में रैली निकालेगी

- **जिला बचाओ आन्दोलन को दर्जनों व्यापारिक व सामाजिक संगठनों ने समर्थन दिया है**

**केकड़ी, (निसं)।** केकड़ी से जिले का दर्जा छीनने की कयासों के बाद से केकड़ी में हर वर्ग में सरकार के प्रति आक्रोश व्याप्त हो गया है। जिला बचाओ अभियान के तहत बार एसोसिएशन के आव्हान पर लगातार दूसरे दिन केकड़ी कस्बा पूरी तरह से बंद रहा। बार एसोसिएशन के जिला बचाओ आन्दोलन को दर्जनों व्यापारिक व सामाजिक संगठनों ने समर्थन दिया है जिससे जिला बचाओ आन्दोलन तेजी बढ़ रहा है। ,




केकड़ी जिले को तथावत रखने की मांग को लेकर धरना जारी रहा।

जानकारी के अनुसार केकड़ी जिले को यथावत रखने की मांग को लेकर त्यौहारी सीजन के बावजूद व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखी। सदर बाजार सहित अन्य इलाकों में बंद का असर देखा गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने केकड़ी, सांचौर सहित छोटे जिलों को हटाने के बयान दिया था। पिछले दिनों ही केकड़ी एसपी का स्थानांतरण कर चार्ज अजमेर एसपी को देने के बाद से ही केकड़ी में लोगों में आक्रोश व्याप्त है। जिले को हटाने की अटकलों के चलते पिछले चार दिनों से बार एसोसिएशन सहित विभिन्न संगठन आंदोलनरत हैं। शनिवार को बार एसोसिएशन के आव्हान पर केकड़ी को पूर्णतया बंद रखा गया था। रविवार को भी बार एसोसिएशन के आव्हानन पर बंद रखा गया है। बंद को दो दर्जन से अधिक संगठनों ने समर्थन दिया है। लोगों ने स्वेच्छा से अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखें। दुकानों के ताले लटके रहे।

इधर बार एसोसिएशन का उपखण्ड कार्यालय के बाहर लगातार तीसरे दिन धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामअवतार मीणा, मोहम्मद सईद नकवी, हेमन्त जैन, रामसिंह राठौड, सांवरलाल चौधरी, अर्जुन सिंह शक्तावत, भूपेन्द्र सिंह राठौड, सीताराम कुमावत, हेमराज कानावत, योगेश कोरवानी, शिवप्रकाश चौधरी आदि मौजूद थे। केकड़ी जिले को यथावत रखने की मांग को लेकर रविवार को बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने आन्दोलन को आगे बढ़ाने की आगामी रणनीति बनाई। एसोसिएशन के अध्यक्ष रामअवतार मीणा ने बताया कि अधिवक्ताओं द्वारा सोमवार को सुबह 10 बजे कचहरी परिसर से घण्टाघर तक रैली निकाली जायेगी तथा केकड़ी हृदयस्थल घण्टाघर पर सरकार की सदबुद्धि हेतु यज्ञ किया जाएगा। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मीणा ने बताया कि अधिवक्ता लगातार पांचवे दिन सोमवार को भी न्यायिक कार्य का बहिष्कार करेंगे। उन्होंने बताया कि जब तक सरकार की और से कोई ठोस आश्वासन नहीं मिलता तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

**कलेक्ट्रेट के बाहर चार दिनों से आन्दोलन जारी :-** वहीं दूसरी केकड़ी जिले को यथावत रखने की मांग को लेकर पिछले चार दिनों से केकड़ी जिला बचाओ आंदोलन रविवार को भी जारी रहा। बार एसोसिएशन की और से तीसरे दिन भी एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस मौके पर जिला बचाओ समिति के संरक्षक भंवरलाल जाट, पूर्व पुलिस उपनिरीक्षक ज्ञान देव शर्मा, पूर्व कृषि अधिकारी रामचन्द्र मीणा आदि ने सरकार को आगाह किया कि केकड़ी जिले से सरकार छेड़छाड़ करती है तो जनता की नाराजगी के परिणाम सरकार को भुगतने होंगे। इस मौके पर धरने पर समिति संयोजक रामावतार सिखवाल, अध्यक्ष रणजीत सिंह केशावत, तहसील अध्यक्ष नन्दलाल गुर्जर, रेगर समाज अध्यक्ष पूरणमल झारोटिया, खुशी सोनी, लक्ष्मी नायक, सज्जन सिंह राठौड़, रामप्रसाद उपाध्याय, अब्दुल सलीम गौरी, महावीर रेगर, द्वारका प्रसाद चन्देल आदि मौजूद थे।

# 60 हजार चतुर्थ श्रेणी पदों पर भर्ती का रास्ता साफ, लिखित परीक्षा से होगी भर्ती

## भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में किरोड़ी लाल मीणा ने भाग लिया

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में रविवार को हुई कैबिनेट बैठक में 'राजस्थान निवेश प्रोत्साहन' योजना को मंजूरी दी है। बैठक में चतुर्थ श्रेणी और वाहल चालक के पदों की शैक्षणिक योग्यता 5वीं व 8वीं कक्षा से बढ़ाकर 10वीं परीक्षा कर दिया है। भर्ती लिखित परीक्षा के माध्यम से कराई जायेगी।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने पत्रकारों को बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित इस बैठक में रिप्स में स्टैंडर्ड सर्विसेज पैकेज के तहत इंसेंटिव के लिए निवेश की न्यूनतम सीमा 50 करोड़ रुपए से घटाकर 25 करोड़ रुपए, पर्यटन इकाइयों के लिए इसे और भी कम करके 10 करोड़ रुपए किया गया है। रिप्स में एयरो और स्पेस, रक्षा, ड्रोन, सेमीकंडक्टर्स, एग्री-टेक और वेस्ट रिसाइक्लिंग क्षेत्रों को शामिल किया है। एक करोड़ रुपए से कम का अचल पूंजी निवेश करने वाले एमएसएमई उद्यमों को भी रिप्स के दायरे में लाया गया है।

उन्होंने बताया कि नई यूनिट लगाने और पहले से चल रही इकाइयों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ उन मौजूदा उद्यमों को भी रिप्स के लाभ प्रदान किए जाएंगे, जो पहली बार निर्यातक बन रहे हैं। इकाइयों की लागत कम करने के लिए भूमि और बिजली से संबंधित इंसेंटिव शुरू किए गए हैं। मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करने वाले निवेशकों के लिए भूमि लागत के भुगतान का लचीला मॉडल रिप्स में शामिल किया गया है, जिसमें भूमि लागत का 25 प्रतिशत अग्रिम भुगतान करने के बाद शेष 75 प्रतिशत राशि 10 किश्तों में 8 प्रतिशत ब्याज के साथ दी जा सकेगी। ऊर्जा के अधिक उपयोग वाले 8 प्रकार के उद्योगों को विद्युत लागत इंसेंटिव प्रदान किए जाएंगे। एमएसएमई सेक्टर के लिए स्टैण्डर्ड मैन्युफैक्चरिंग पैकेज की तुलना में अधिक अवधि (7 वर्ष) के लिए ब्याज छूट का लाभ दिया जाएगा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि इसके अलावा महिलाओं की ओर से संचालित स्टार्टअप्स को 2 साल के लिए शत प्रतिशत एसजीएसटी की प्रतिपूर्ति प्रदान की जाएगी। तीन हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश पर 5 गुना इंसेंटिव दिए जाएंगे।

इसके अलावा चतुर्थ श्रेणी सेवा एवं वाहन चालक के पद पर भर्ती राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा लिखित परीक्षा के माध्यम से करवाई जाएगी। वर्तमान में विभिन्न विभागों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के लगभग 60 हजार पद रिक्त हैं, जिन पर भविष्य में भर्ती की जाएगी।

विद्युत उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से 5 हजार 708 मेगावाट की सौर ऊर्जा और विण्ड-सोलर हाइब्रिड परियोजनाओं के लिए 10 हजार 418 हेक्टेयर भूमि आवंटन की स्वीकृतियां कैबिनेट में प्रदान की गईं।

- निवेश को आकर्षित करने को लेकर 'राजस्थान निवेश प्रोत्साहन' योजना (रिप्स) को मंजूरी दी
- विद्युत उत्पादन क्षेत्र में तीन जेवी कम्पनियां मंजूर
- 23820 सफाईकर्मियों की भर्ती प्रक्रियाधीन
- स्वतंत्र पत्रकारों के अधिस्वीकरण के लिए न्यूनतम आयु एवं न्यूनतम अनुभव की अवधि घटाई

पटेल ने बताया कि प्रदेश में भविष्य की बिजली की मांग को पूरा करने के उद्देश्य से 10 मार्च 2024 को केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के बीच एमओयू हस्ताक्षिरत किए गए थे। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए तीन संयुक्त उद्यम कम्पनियां बनाने के प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। लिग्नाइट आधारित परियोजना के लिए एनएलसी इंडिया लिमिटेड और अक्षय ऊर्जा परियोजना के लिए एनएलसी इंडिया रिन्यूएबल लिमिटेड के साथ राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम की जे.वी. कम्पनियां बनाई जाएंगी। इनमें एनएलसी इंडिया लिमिटेड और एनएलसी इंडिया रिन्यूएबल लिमिटेड की शेयरधारिता 74 प्रतिशत एवं राज्य विद्युत उत्पादन निगम की शेयरधारिता 26 प्रतिशत रखी गई है। 3 125 मेगावाट के लिग्नाइट आधारित तापीय विद्युत स्टेशन की स्थापना एवं दूसरे संयुक्त उपक्रम के तहत 2000 मेगावाट संभावित क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना की स्थापना से राज्य में लगभग 12000 करोड़ रूपये का निवेश होगा।

क्रिस्टेलाइन टेक्नोलॉजी पर आधारित 2 हजार मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना जैसलमेर जिले की उपनिवेशन तहसील नाचना-1 के ग्राम बोडान में, क्रिस्टेलाइन टेक्नोलॉजी विद ट्रैकर पर आधारित 1500 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना जैसलमेर जिले की उपनिवेशन तहसील मोहनगढ़ नं-1 के ग्राम मोहनगढ़ एवं उपनिवेशन तहसील मोहनगढ़ नं-2 के ग्राम पोहढ़ में लगाई जाएगी। 1100 मेगावाट की एक सौर ऊर्जा परियोजना एवं 108 मेगावाट के विण्ड-सोलर हाइब्रिड प्रोजेक्ट के लिए जैसलमेर एवं फलौदी जिलों में भूमि आवंटित की स्वीकृति दी गई है। जैसलमेर जिले की तहसील रामगढ़ के ग्राम सियाम्बर में एक हजार मेगावाट की एक सौर ऊर्जा परियोजना लगाई जाएगी। बिजली वितरण नेटवर्क के विकास के लिए दौसा जिले में लवाण तहसील के ग्राम पूरणवास और डुगरावता में 765/400 के.वी. उपकेन्द्र की स्थापना के लिए पावरग्रिड ब्यावर दौसा ट्रांसमिशन लिमिटेड को 38.17 हेक्टेयर भूमि आवंटित की जाएगी।

इसके अलावा स्वतंत्र पत्रकारों के अधिस्वीकरण के लिए न्यूनतम आयु 50 वर्ष से घटा कर 45 वर्ष की गई है और न्यूनतम पत्रकारिता अनुभव 25 वर्ष से घटा कर 15 वर्ष किया गया है।

कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा रविवार को सचिवालय में आयोजित कैबिनेट बैठक में पहुंचे। लोकसभा चुनाव के बाद अपने मंत्री पद से इस्तीफा दे चुके किरोड़ी लाल मीणा आज कैबिनेट की बैठक में पहुंचे वही पिछले दो दिन पहले भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने मीना के सवाल पर कहा कि डॉक्टर मीणा मंत्री हैं। वह अपनी फाइलें निपटा रहे हैं। उसके बाद रविवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री कार्यालय में केबिनेट की बैठक हुई उसमे शामिल हुए है।

## अनुभा जैन को पीएचडी की उपाधि



**मुंबई।** वरिष्ठ पत्रकार लेखिका अनुभा जैन को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज विश्वविद्यालय में आयोजित दूसरे दीक्षांत समारोह में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित एमेरिटस प्रोफेसर और इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी मुंबई के पूर्व कुलपति प्रोफेसर जीडी यादव, महाराष्ट्र के विधायक प्रशांत ठाकुर, छत्रपति शिवाजी महाराज विश्वविद्यालय, मुंबई के कुलपति डॉ केसरी लाल वर्मा और छत्रपति शिवाजी महाराज विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डा.केशव बड़ाया द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई।

राजस्थान के वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय धीरेन्द्र जैन और आकाशवाणी में वरिष्ठ संपादक रहीं माता कमलेश जैन की सुपुत्री डॉ. अनुभा ने छत्रपति शिवाजी महाराज विश्वविद्यालय, मुंबई के मानविकी विभाग से रोल ऑफ वुमन इन दी 'पॉलिटिकल लेंडस्केप ऑफ राजस्थान विथ स्पेशल रेफरेंस टू दी रोल ऑफ मीडिया विषय पर सफलतापूर्वक अपनी पीएचडी पूरी की है। डा.अनुभा को हाल ही में आयोजित राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्टरीज के चुनाव में मानद अतिरिक्त सचिव के पद पर तीन वर्ष के कार्यकाल के लिये चुना गया है।

## सार-समाचार

### 30 कलाकारों ने लता को स्वरांजली दी



**जयपुर।** किसी का प्यार लेके तुम नया जहां बसाओगे, ये शाम जब भी आएगी तुम हमको याद आओगे। ऐसी ही एक यादगार शाम का नजारा सुरीले नगमों से सजी महफिल में देखने को मिला। सुकून आर्ट एंड म्यूजिक एकेडमी की ओर से रविवार को रिद्धी सिद्धी सर्किल स्थित द पार्क क्लासिक होटल में 'सुरों के रंग, लता के संग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अस्मिता ने गणेश वंदना पर नाट्यय प्रस्तुति देकर की। म्यूजिकल प्रोग्राम में 30 से अधिक प्रतिभागियों ने लता मंगेशकर के गीत गाए।

### प्रो.जहूर खां पुरस्कृत



**जयपुर।** राजस्थानी भाषा देश की समृद्ध भाषाओं में से एक है, इसका उल्लेखनीय प्राचीन एवं आधुनिक साहित्य है, अपनी व्याकरण एवं अपना शब्दकोश है, इसको संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान मिलना चाहिए। यह विचार राजस्थानी भाषा के वरिष्ठ साहित्यकार प्रो.जहूर खां मेहर ने रविवार शाम प्रयास संस्थान चूरू द्वारा कन्हैयालाल रतनलाल पारख साहित्य पुरस्कार से सम्मानित होने के बाद प्रत्युत्तर में व्यक्त किए। प्रो.मेहर ने कहा कि लेखक के घर आकर अंलकृत करने से बड़ा क्या सम्मान होता है और ऐसा कोई संस्थान कर रहा है तो यह संपूर्ण साहित्य एवं भाषा का सम्मान है।

### राष्ट्रीय बीपी स्क्रीनिंग दिवस 18 को

**जयपुर।** एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया (एपीआई) और ग्लेनमार्क लिमिटेड ने टेक चार्ज 18 के अंग के तौर पर हर महीने की 18 तारीख को राष्ट्रीय बीपी स्क्रीनिंग दिवस के रूप में मनाने की पहल की शुरुआत की। ग्लेनमार्क ने 18 साल की उम्र से घर पर ब्लड प्रेशर की जांच को बढ़ावा देने के लिए प्रतिष्ठित गेटवे ऑफ इंडिया पर राष्ट्रीय स्तर के पहल की शुरुआत सितंबर, 2024 -हृदय रोग के प्रबंधन में अग्रणी, ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (ग्लेनमार्क) ने आज गेटवे ऑफ इंडिया पर उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) जागरूकता अभियान, टेक चार्ज 18 की शुरुआत की। यह पहल, 18 साल की उम्र से ही रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) की निगरानी के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने पर केंद्रित है।

### सरपंच संघ का आग्रह आंदोलन 2 से

**जयपुर।** सरपंच संघ राजस्थान 2 अक्टूबर से आग्रह आंदोलन शुरू करने जा रहा है। इसके तहत सरपंच संघ राजस्थान की प्रमुख मांग है कि किसी भी सरपंच साहिबान का कार्यकाल कम नहीं किया जाए एवं जिन सरपंचों का कार्यकाल पूर्ण हो रहा है। उन पंचायतों में प्रशासक नहीं लगाकर मध्य प्रदेश मॉडल को अपनाते हुए समस्त सरपंचों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग की गई है। इसके तहत 2 अक्टूबर से आग्रह आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत पहले चरण में ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन कर जरिये उपखंड अधिकारी, मुख्यमंत्री महोदय व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्रीयो व विधायकों के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण में कलेक्टर महोदय के माध्यम से जिला स्तर पर धरना वह प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री महोदय एवं सांसदों के नाम ज्ञापन देने का कार्यक्रम रखा गया है।

### मातृ-पितृ वंदन कार्यक्रम

**जयपुर।** हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा फाउंडेशन की ओर से चल रहे हिंदू मेले में आज मातृ पितृ वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश सचिव सोमकांत शर्मा ने बताया कि 2100 माता-पिता का परिवार सहित वंदन किया गया। पश्चिमीकरण से अभिभावकों के प्रति पुनः आदर का भाव जगाने को चुनौती मिली है। इसलिए मातृ-पितृ वन्दन के मूल्यों को परिवार और राष्ट्र के व्यापक हित में पुनः जागृत करने की आवश्यकता है। पश्चिमी भौतिकवादी सोच से भारत की माता-पिता- शिक्षक - अतिथि आदि के सम्मान की परम्परा को महत्त्वहीन माना जाने लगा है। माता-पिता के लाड़-प्यार तथा त्याग-बलिदान से पोषित किए गए उन्हीं के बच्चे आज उन्हें प्रताड़ित करने लगे हैं। अनेक माता-पिता वृद्धाश्रमों में रहने को बाध्य हैं। जिस समय उन्हें अपने बच्चों से प्रेम की आशा थी, उस समय उन्हें निराशा हुई। संसार में उनके प्रति कोई भी प्रेम से भरा प्याला लेकर सेवा में उपस्थित नहीं रहता।

# हिन्दू राष्ट्र की मांग की लेकर भगवा रैली निकाली



हिन्दू हृदय सम्राट छत्रपति शिवाजी के हिंदू राष्ट्र की मांग को पूरा करने और जनजागृति पैदा करने के उद्देश्य से राजधानी में रविवार को विशाल भगवा रैली का आयोजन किया गया। युवा शक्ति मंच की ओर से आयोजित इस रैली का नेतृत्व राज्य के प्रमुख संतों ने किया। युवा शक्ति मंच राजस्थान के प्रदेश संयोजक सुनील सिंह शेखावत ने बताया कि हिंदू समाज को संगठित करने के उद्देश्य से यह रैली खोले के हनुमान मंदिर से शुरू होकर न्यू गेट स्थित रामलीला मैदान तक निकाली गयी। रैली में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा विधायक गोपाल शर्मा, विधायक बालमुकुन्दाचार्य, गोपाल शर्मा और विधानसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशी रहे रवि नैय्यर शामिल रहे। भगवा रैली से पहले खोले के हनुमान मंदिर में 30 हजार से अधिक लोग एकत्रित हुए और महाआरती की। उसके बाद भगवा ध्वज लहराकर रैली की शुरुआत हुई। इस रैली में 8 हजार दुपहिया वाहन और 500 से अधिक चौपहिया वाहन पर हजारों लोग शामिल हुए। करीब पांच किलोमीटर लम्बी रैली का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कई जगह रैली पर पुष्प वर्षा की गई। यह रैली खोले के हनुमान मंदिर से रवाना होकर ईदगाह, गलता गेट, रामगंज चौपड, रामगंज बाजार, बडी चौपड, जौहरी बाजार से सांगानेरी गेट होते हुए रामलीला मैदान पहुंची।

# पूर्ववर्ती सरकार के समय टेंडरों में हुए भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच होगी : हीरालाल नागर

**जयपुर।** ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय जयपुर डिस्कॉम के टेंडरों में हुए भ्रष्टाचार एवं अन्य अनियमितताओं की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच सुनिश्चित की जाएगी और दोषी अधिकारियों एवं अन्य लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

नागर ने कहा कि गत सरकार के समय प्रदेश में 42 ग्रिड सब स्टेशन बनाने के लिए निविदा संख्या टीएन-545 और टीएन-546 तथा आरडीएसएस योजना के टेंडर संख्या 534 एवं 535 के संबंध में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के माध्यम से परिवाद प्राप्त हुए थे। जिस पर डिस्कॉम द्वारा जांच प्रक्रियाधीन है।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि डिस्कॉम के स्तर पर हुई जांच के परीक्षण के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर यथाशीघ्र अपनी रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। श्री नागर ने बताया कि इस कमेटी द्वारा दोष सिद्ध होने की रिपोर्ट प्राप्त होते ही टेंडरों को निरस्त करने की कार्यवाही के लिए भी निर्देशित किया गया है।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। गत सरकार के समय के भ्रष्टाचार के अन्य प्रकरणों में भी राज्य सरकार द्वारा निष्पक्षता से जांच की जा रही है। इस प्रकरण में भी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त एक्शन लिया जाएगा। दोषी, चाहे कितना ही बड़ा क्यों न हो, उसे सरकार बख्शेगी नहीं।

# केंद्र में जिसकी सरकार होती है, हरियाणा में भी उसकी सरकार बनती है : डॉ. सतीश पूनिया

**रोहतक।** हरियाणा भाजपा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, उत्तरप्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने रोहतक में कार्यकर्ताओं के साथ विश्व के लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना।

सतीश पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच जोड़ने की है, विकास के जरिये भारत को आगे बढ़ाने की सोच है नरेंद्र मोदी की।

मोदी ने देश को सड़कों से जोड़ा, देश को नदियों से जोड़ा, बुनियादी विकास से लेकर भावनात्मक तौर पर जोड़ने का काम नरेंद्र मोदी ने किया है। मोदी सरकार ने लघु उद्योगों को बढ़ावा देने पर भी ध्यान दिया है, जिससे बड़े स्तर पर देशभर में रोजगार को बढ़ावा मिला है और भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बना।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने जा रही है, पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भाजपा सरकार ने हरियाणा में विकास के मार्ग खोले है, सभी क्षेत्र में देश की तरक्की के रास्ते खोले, युवाओं को बिना पर्ची-खर्ची नौकरी दी। कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार की चर्चा सड़कों पर होती थी, लेकिन 10 वर्षों में भाजपा ने एक पारदर्शी सरकार दी है।

डॉ. पूनिया ने कहा कि, केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ भी हरियाणा की जनता को मिला है। जिस प्रकार से कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में भ्रम फैलाने की कोशिश की और आज वह स्थिति साफ हो गई है, जनता कांग्रेस के झूठ को पहचान चुकी है,हरियाणा की जनता देश के मिजाज से मेल खाती है। केंद्र में जिसकी सरकार होती है, हरियाणा में भी उसकी सरकार बनती है।

# रेस्टोरेंट में चल रही शराब पार्टी में पुलिस ने मारी दबिश

- मालिक सहित अठारह लोग गिरफ्तार

**जयपुर।** प्रताप नगर थाना पुलिस ने एक रेस्टोरेंट के बार में चल रही शराब पार्टी में कार्रवाई करते हुए बार मालिक, व्यवस्थापक गिरफ्तार किया है और साथ ही पार्टी कर हुए सौलह युवकां को 170 बीएनएस के तहत पकडा है और चार चौपहिया वाहन सहित भारी मात्रा में शराब भी जब्त की है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्विनी गौतम ने बताया कि प्रताप नगर थाना पुलिस ने थाना इलाके में स्थित एनएन बार एंड रेस्टोरेंट में चल रही शराब पार्टी में कार्रवाई करते हुए बार मालिक प्रतापसिंह और व्यवस्थापक रोहन सिंह को आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया है। इसके अलावा 170 बीएनएस के तहत महिपाल सिंह,डिम्पल जाट,तुषार राजावत, अभिमन्यू सिंह,हिमांशु, आलेख सिंह,हरीश मीणा,युसुफ अली, भगवानदास, वसिद पङ्गान, कमल सिंह,राजेन्द्र सिंह,अभिषेक, अजय बैरवा, अभिषेक चौधरी और आशिश जाट को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपित जयपुर के रहने वाले है। पुलिस ने मौके से भरी मात्रा में शराब भी जब्त की है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर देशवासी हुए जागरूक : मदन राठौड़

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने आज जयपुर के किशनपोल बाजार स्थित सोखियो का रास्ता में श्री राम भवन में भाजपा नेता धुरवदास अग्रवाल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "मन की बात कार्यक्रम" सुना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने कार्यक्रम के बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से आज देशभर में परिवर्तन देखने को मिल रहा है। देश के लोगों में स्वच्छता को लेकर जागरूकता आई है। देश के आम नागरिक ने अपने घर के साथ आसपास को भी साफ रखना शुरू कर दिया।

राठौड ने कहा कि आज मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल संचय के लिए विशेष कार्य करनी की बात कही है। ऐसे में हम सभी जल बचाने की दिशा में पहल करनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को 3 अक्टूबर को 10 साल हो जाएंगे। इन 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहुत कुछ बदल दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज के इस कार्यक्रम में "एक पेड़ मां के नाम अभियान" की चर्चा करते हुए देशवासियों से एक पेड़ लगाने का आ ान किया। वहीं पीएम मोदी ने राजस्थान की जनता का भी आभार व्यक्त किया कि उन्होंने अभियान के तहत अगस्त माह में 6 करोड़ पेड़ लगाकर पर्यावरण सरंक्षण की दिशा में बेहतरीन कार्य किया।

## तीन सदस्य शामिल

**जयपुर।** भारतीय किसान संघ की जयपुर जिला कार्यकारिणी में बस्सी तहसील के तीन कार्यकर्ताओं को दायित्व मिलने पर शीर्ष पदाधिकारियों का आभार और ख़ुशी जताई है। बस्सी तहसील के बजरंग लाल शर्मा तिलपट्टी को ज़िला उपाध्यक्ष, रामनिवास पंचोली दनाऊ को ज़िला कार्यकारिणी का सदस्य और तूंगा तहसील का प्रभारी, भगवान सहाय शर्मा प्रेमपुरा को ज़िला कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है।

## 'सदस्यता अभियान को सफल बनाने में जुटे'

**जयपुर।** विद्याधर नगर विधानसभा में भाजपा सदस्यता अभियान- 2024 के अंतर्गत भव्य कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें अनेक क्षेत्रवासियो ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस कार्यशाला में भारी संख्या में नवीन सदस्यों ने भी सदस्यता ग्रहण की। दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा आज सबसे बड़ी सदस्यों वाली पार्टी बन चुकी है और हम इस यात्रा में एक साथ निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने सभी पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आव्हान किया कि वे पूरी मुस्तैदी से भाजपा के सदस्यता अभियान को सफल बनाने में जुट जाये।

इस अवसर पर भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा, जयपुर जिला सह- प्रभारी नरेश बंसल, जिला संयोजक शैलेंद्र भार्गव, पूर्व जिलाध्यक्ष सीकर एवं सदस्यता अभियान के विधानसभा प्रभारी विष्णु चेतानी, वार्ड अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, कार्यकर्ता एवं अन्य सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# जयदीप बिहाणी व धर्मवीर सिंह शेखावत न बी.सी.सी.आई. की ए.जी.एम. में भाग लिया

**जयपुर।** बंगलौर में आज आयोजित बीसीसीआई की एजीएम हेतु आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक जयदीप बिहाणी व सदस्य धर्मवीर सिंह शेखावत ने आज बंगलौर पहुंच बीसीसीआई एजीएम में राजस्थान क्रिकेट संघ का प्रतिनिधित्व करते हुए भाग लिया।

एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी व सदस्य धर्मवीर सिंह शेखावत ने इस अवसर पर बीसीसीआई सचिव जय शाह को आईसीसी चेयरमेन बनने पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया की जय शाह जी के नेतृत्व में आईसीसी नए आयाम पर प्राप्त करेगी जिसका फायदा न केवल विश्व खेल जगत के साथ साथ भारत के समस्त खिलाडियों व खेल जगत को भी होगा।

जयदीप बिहाणी के अनुसार आज बीसीसीआई एजीएम में राजस्थान क्रिकेट संघ का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी , सचिव जय शाह से मुलाकात कर उन्हें राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आरसीए एडहॉक कमेटी द्वारा आयोजित की गयी विभिन्न क्रिकेट प्रतियोगिताओं व गतिविधियों की जानकारी दी साथ ही खेलो के आयोजन हेतु बीसीसीआई से सहयोग के सम्बन्ध में चर्चा की।

एडहॉक कमेटी सदस्य धर्मवीर सिंह शेखावत के अनुसार उन्होने बीसीसीआई एजीएम में सचिव जय शाह से उनके आरसीए को दिए गए सहयोग के लिए उनका आभार जताया व साथ ही उनसे चर्चा करते हुए उन्हें आरसीए की मेजबानी में आयोजित हुए वाले आगामी बीसीसीआई की राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिताओं के आयोजन सहित राजस्थान क्रिकेट संघ के वार्षिक बजट व अनुदान को जल्द से जल्द जारी करने हेतु आग्रह किया। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने जयदीप बिहाणी व धर्मवीर सिंह तथा समस्त आरसीए एडहॉक कमेटी के राज्य में खिलाडियों के भविष्य व हितों को ध्यान में रखते हुए किये गए सभी प्रयासों व क्रिकेट गतिविधियों के आयोजन की भरपूर प्रशंसा की व साथ ही तुरंत बीसीसीआई कार्यालय को राजस्थान क्रिकेट संघ के बजट व अनुदान को जल्द से जल्द जारी करने व पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

बीसीसीआई एजीएम के दौरान आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक जयदीप बिहाणी व सदस्य धर्मवीर सिंह शेखावत ने बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी , सचिव जय शाह , आईपीएल कमिश्नर अरुण धूमल व अन्य बीसीसीआई पदाधिकारियों , वी वी एस लक्ष्मण सहित स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से मुलाकात की व् क्रिकेट के विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की।

## स्कूटी की टक्कर से दुकानदार की मौत

**जयपुर।** मुरलीपुरा थाना इलाके में एक तेज रफ्तार स्कूटी ने सड़क पार कर रहे दुकानदार को टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार नांगल जैसा बोहरा निवासी किशन सेन ने मामला दर्ज करवाया कि उसके पिता दिनेश कुमार प्रतापनगर चौराहे पर सैलून चलाते थे।

# 'सहायक कर्मचारी व वाहन चालकों की भर्ती का निर्णय स्वागत योग्य'

**जयपुर।** मंत्रिमंडल बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा 60000 सहायक कर्मचारी एवं वाहन चालकों की भर्ती किए जाने का ऐतिहासिक निर्णय स्वागत योग्य है। इसके साथ ही उनकी योग्यता दसवीं तथा भर्ती कर्मचारी चयन बोर्ड के माध्यम से करवाना भी उचित कदम है। जिससे इन पदों पर भर्ती सुगमता से हो सकेगी।

चयनित वेतनमान 9-18-27 वर्षीय सेवा के स्थान पर 8-16-24-32 किए जाने तथा मंत्रालयिक कर्मचारियों की प्रमुख मांग दूसरी पदोन्नित पर 4200 ग्रेड पे दिए जाने की उपेक्षा किए जाने से संपूर्ण कर्मचारी जगत और मंत्रालयिक कर्मचारी आहत हैं। कमर्च मांग करते हैं कि शीघ्र ही इसे भी लागू करने का निर्णय लिया जाए। हम संवर्ग के 1000 कर्मचारियों को संस्थापन अधिकारी के रूप में 6600 ग्रेड पे दिए जाने का स्वागत करते हैं।

# डॉक्टर्स ने सीखी 'कल्चर माइल्यू एवं मेंटल इलनेस' की बारीकियां

- स्लीप एपनिया व नींद की अन्य बीमारियों के निदान व उपचार का प्रशिक्षण दिया
- स्लीप एपनिया व नींद की अन्य बीमारियों के निदान व उपचार का प्रशिक्षण दिया

**बीकानेर,** (कासं)। इंडियन साइक्रेटिक सोसायटी नॉर्थ जोन और मानसिक रोग व नशामुक्ति विभाग पीबीएम अस्पताल बीकानेर साइक्रेटिक सोसायटी की ओर से आयोजित दो दिवसीय कांफ्रेंस के दूसरे दिन कुल 8 सैशन हुए। जिसमें मुख्य विषय डिजिटल साइक्रेटिक और मैनेजिंग क्लीनिकल सर्विसेज विद सोशल मीडिया मेंटल हैल्थ लिट्रेसी रहा।

पोस्ट कांफ्रेंस के दौरान न्यूरोमॉड्यूलेशन और वर्कशॉप का प्रशिक्षण अपोलो हॉस्टिपटल नई दिल्ली से डॉ. शैलेष झा, श्रीगंगानगर से डॉ. रूप सिदाना ने दिया। पॉलीसोमोनोग्राफी (स्लीप स्टडी) कार्यशाला में नींद से संबंधित ऑब्सटेक्टिव स्लीप एपनिया व अन्य नींद की बीमारियों के निदान व उपचार का प्रशिक्षण एम्स ऋषिकेश के साइक्रेट्री विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रवि गुप्ता ने दिया। कार्यक्रम के दूसरे दिन पीजी क्विज का फाइनल राउंड आयोजित हुआ जिसमें डॉ. अविजित बत्रा, डॉ. चनेन्द्र ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आयोजन समिति के सचिव डॉ. गोपाल गोयल ने अपने उद्बोधन में बीकोनर, जोधपुर, श्रीगंगानगर एवं पाली की मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों में अभी तक हुई प्रगति की जानकारी साझा की। साथ ही वर्तमान में नवीनतम उपलब्ध मशीनों व उपचार के तरीकों के बारे में बताया और विभाग द्वारा पूर्व में आयोजित कांफ्रेंसेज की जानकारी उपलब्ध करवाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु डॉ. देवेन्द्र सिंह व डॉ. प्रीति कुमारी का विशेष सहयोग रहा।

आयोजन समिति के को-चेयरर्सन एवे पीबीएम साइक्रेट्री विभागाध्यक्ष डॉ हरफूल बिश्नोई ने बताया कि कांफ्रेंस के दूसरे दिन सिंपोजियम ऑफ स्टेट्स का मुख्य प्रोग्राम आयोजित किया। इसमें आपीएस नॉर्थ जोन की पूर्व अध्यक्ष डॉ. ममता सूद, अध्यक्ष डॉ. गुरविन्दर पाल सिंह, एडिटर डॉ. संदीप ग्रोवर, कोषाध्यक्ष डॉ. गुलबहार सिद्धू, डॉ. हितेश खुराना, डॉ. सुनील शर्मा एवं डॉ. जितेन्द्र जीनगर ने बीकानेर के बाहर साइक्रेट्री विभाग एवं अस्पतालों में होने वाले उपचार निदान एवं नवीन रिसर्च की जानकारी दी।

कार्यक्रम के अंत में चेयरपर्सन डॉ. अच्युत त्रिवेदी ने सभी का आभार जताया और रेजिडेंट डॉक्टर्स के सहयोग की विशेष सराहना की।

कांफ्रेंस में विशेष योगदान देने पर डॉ. ए. के. सिंघल, डॉ. के.के. वर्मा, डॉ. सिद्धार्थ असवाल, डॉ. अनंत राठी, डॉ. राकेश गढ़वाल, डॉ. अविनाश झांझडिया, डॉ. निशांत चौधरी, डॉ. मुरलीधर स्वामी, डॉ. देवानंद, डॉ. कन्हैया, डॉ. ज्योति चौधरी, डॉ भारती, डॉ. राकेश, डॉ. ईशा, डॉ. बृजरानी, डॉ. डिम्पल, डॉ. ममता, डॉ. तुलसी, डॉ. अदिति, डॉ आभा व्यास, डॉ. विशाल, डॉ.पवन, डॉ. विजय बोहरा, डॉ. पूजा, का सम्मान किया।

इनके अलावा फार्मा कंपनीज, प्रबंधन क्षेत्र में पुलक, दीपक, ऑडियो विजुअल के लिए शरद कालरा, कैटरिंग के लिए बाबूलाल गेदर प्रिंटिग कार्य हेतु ओमप्रकाश एवं पीबीएम साइक्रेट्री विभाग के नर्सिंग ऑफिसर्स के योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मीडिया प्रबंधन के लिए विनय थानवी का सम्मान किया गया।



इंडियन साइक्रेटिक सोसायटी की कांफ्रेंस के समापन पर वरिष्ठ चिकित्सकों को सम्मानित किया।

## अग्रसेन जयंती महोत्सव खेलों का शुभारंभ

**बीकानेर,** (कासं)। आज के दौर में जहां बच्चे सोशल मीडिया से ज्यादा जुड़ाव रखे हैं। ऐसे में अग्रवाल समाज द्वारा परंपरागत खेलों के आयोजन से बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को लेकर की गई नई पहल सभी के लिए एक अनूठा उदाहरण पेश करेगी।

यह विचार बीकानेर पूर्व की विधायक सिद्धि कुमारी ने अग्रवाल समाज संस्थान की ओर से श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत आयोजित विभिन्न खेलों की शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किये। अग्रसेन भवन में आयोजित कार्यक्रम के तहत पहले दिन बच्चों के लिए तीन प्रकार की दौड़, सांप सीढ़ी प्रतियोगिता, बैडमिंटन, शतरंज और कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इससे पहले कार्यक्रम संयोजक रेखा अग्रवाल और रामचंद्र अग्रवाल सहित संस्थान की महिला विंग की ओर से विधायक सिद्धि कुमारी का सम्मान किया गया। रेखा अग्रवाल ने बताया कि 30 सितम्बर को वन मिनट प्रतियोगिता, सतोलिया प्रतियोगिता आयोजित होगी। ये प्रतियोगिता भी दो वर्गों में होगी। एक अक्टूबर को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रखी गई है। जिसमें भारतीय धर्म, आध्यात्म, संस्कृति व सभ्यता विषय से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे। इसी दिन लड़कियों व महिलाओं के लिये म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता आयोजित होगी।

## सार-समाचार

### भारतीय न्याय संहिता पर की चर्चा



गंगानगर में भारतीय न्याय संहिता पर आयोजित कार्यशाला को न्यायाधिपति राजेन्द्र प्रसाद सोनी ने संबोधित किया।

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी की ओर से रविवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में भारतीय न्याय संहिता और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधिपति राजेंद्र प्रसाद सोनी द्वारा भारतीय न्याय संहिता और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता पर चर्चा करते हुए न्यायिक अधिकारियों की शंकाओं का निवारण किया गया। कार्यशाला के आरंभ में श्रीगंगानगर जिले के न्यायिक अधिकारियों का प्रतिनिधित्व करते हुए कार्यवाहक जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक चौधरी (श्रम न्यायाधीश) ने न्यायाधिपति का स्वागत किया। इस अवसर पर न्यायाधिपति द्वारा पुरानी आईपीसी और सीआरपीसी के समाप्त होने के पश्चात भारतीय न्याय संहिता और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता कैसे प्रभावी है, उस पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस दौरान उन्होंने श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिले के न्यायिक अधिकारियों द्वारा जताई गई शंकाओं का भी निवारण करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर जेएम हनुमानगढ़ मीनाक्षी अग्रवाल, एडीजेएम हनुमानगढ़ सीमा गोयल, जेएम सादुलशहर किरण राज, जेएम संगरिया सोनाक्षी पांडे, जेएम नोहर डिंपल कुमार, जेएम रायसिंहनगर प्रतीक दाधीच, जेएम सूरतगढ़ ध्वनि तंवर, जेएम रावतसर नेहा कुमावत और जेएम घड़साना माहेश्वरी बरोड़ द्वारा प्रश्न पूछे गए। अंत में हनुमानगढ़ जिला एवं सत्र न्यायाधीश तनवीर चौधरी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### पटाखा विक्रय लाइसेंस आवेदन मांगे

**बीकानेर,** (कासं)। दीपावली पर अस्थाई फायर वर्क्स (केवल ग्रीन आतिशबाजी) के लिए शहरी क्षेत्र के इच्छुक आवेदक 30 सितम्बर तक निर्धारित आवेदन-पत्र भर कर आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर जिला कलेक्टर कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। जिला मजिस्ट्रेट नम्रता वृष्णि ने बताया कि बीकानेर शहरी क्षेत्र पुलिस थाना-नयाशहर, कोतवाली, कोटगेट, सदर, गंगाशहर, जेएनवीसी, बीछवाल, मुक्ताप्रसाद के अलावा शेष सभी आवेदकों को अपने संबंधित उपखण्ड मजिस्ट्रेट कार्यालय में सम्पर्क करना होगा। आवेदन पत्र एई-5 सभी कॉलम स्पष्ट रूप से भरे हुए हो, आवेदक की चार पासपोर्ट साईज नवीनतम फोटो, जन्म प्रमाण पत्र के संबंध दस्तावेज की प्रति (यथा जन्म प्रमाण पत्र, दसवीं की मार्क शीट, पैन कार्ड की प्रति, ड्राईविंग लाईसेंस की प्रति, पहचान पत्र संबंधित दस्तावेज आधार कार्ड की प्रति, वोटर आईडी की प्रति, आवेदक द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र 50 रूपये स्टाम्प पर सत्यापित, दुकान के मालिकाना हक के संबंध में दस्तावेज (यथा दुकान का पट्टा या किरायेनामे की स्व-हस्ताक्षरित प्रमाणित प्रति) कियानामे की स्थिति में किरायनामा निर्धारित स्टाम्प पर संपादित हो एवं माह नवम्बर-2024 तक वैध होना चाहिए। दुकान की किराये की स्थिति में दुकान मालिक का सहमति पत्र (शपथ पत्र पर), पूर्व में जारी अस्थाई फायर वर्क्स अनुज्ञापत्र (यदि हो), आवेदित स्थल एवं उसके आस पास के स्थान दर्शाता हुए ब्लयू प्रिंट (4 कॉपी में), निर्धारित चैक लिस्ट पूर्ण भरी हुई एवं आवेदक द्वारा हस्ताक्षरित (प्रारूप सी-1) दस्तावेज आवेदन पत्र के साथ (3 कॉपी में) प्रस्तुत करनी होगी।

### स्किल डवलपमेंट शिविर

**बीकानेर,** (कासं)। लक्ष्मी निवास पैलेस में रविवार को मीसो द्वारा स्किल डवलपमेंट शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में तकरीबन एक हजार से अधिक मूक - बधिर बच्चों ने भाग लिया और स्किल डवलपमेंट के बारे में जानकारी ली। मीसो फाउंडेशन की तरफ से आए लोगों ने यहां बच्चों की काउंसलिंग की और उन्हें अनेकों स्किल्स के लिए गाइड किया। लक्ष्मी निवास पैलेस के मैनेजर विकास सिंह तंवर ने बताया की मीसो फाउंडेशन के तहत आयोजित इस शिविर में ग्रुप के मेघराज सिंह रॉयल बतौर मुख्य अतिथि शामिल रहे। इस दौरान बच्चों ने लक्ष्मी निवास पैलेस होटल का भ्रमण किया और राजस्थान के इतिहास संस्कृति और विभिन्न कलाओं को जाना। इस दौरान इन बच्चों ने मेघराज सिंह रॉयल के साथ होटल परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### रोजगार सहायता शिविर आज

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, राजस्थान (रोजगार विभाग) द्वारा 30 सितम्बर को डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविधालय, खेल प्रांगण श्रीगंगानगर में प्रातः 10.30 बजे से एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जायेगा। उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय के सहायक निदेशक सुखमन सिंह जौहल ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र की श्रीराम पिस्टन, भगवती इन्टरप्राईजेज, नवभारत फर्टीलाईजर, एमआरएफ लिमिटेड, ट्रू लक्ष्मी, तनम्य इन्टरप्राईजेज, पुखराज, मैजिक ग्रोए इन्श्यारेंस सैक्टर आदि द्वारा दसवी, बारहवीं पास, स्नातक उत्तीर्ण एवं आईटीआई उत्तीर्ण आशार्थियों के मशीन ऑप्रेटर, फील्ड ट्रैनी, सेल्स मैनेजर, बैक ऑफिस आदि पदों हेतु आशाथिर्यों का चयन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि रोजगार के इच्छुक युवा अपने साथ स्वयं के पांच फोटो (पासपोर्ट साइज), मूल शैक्षणिक कागजात (दो सैट फोटो स्टेट प्रतियों सहित) व मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र व अनुभव प्रमाण पत्र आदि साथ लेकर आवें।

# जल ससांधन विभाग को बीस साल बाद मिले डिप्टी कलेक्टर

- 2001 के बाद से डिप्टी कलेक्टर के पदों पर पदोन्नति नहीं हुई थी

**सूरतगढ़,** (कासं)। राज्य सरकार जल संसाधन विभाग में खाली पदों को भरने की तैयारी कर रही है। वहीं गत 20 वर्षों से स्वीकृत सात डिप्टी कलेक्टर के खाली पद भर गए हैं। डीपीसी होने से जिलेदारों का डिप्टी कलेक्टर का सपना पूरा हो गया है। इसको लेकर जल संसाधन विभाग के कमियों में उत्साह का माहौल है।

राज्य में जल संसाधन विभाग 17.50 लाख हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र का संचालन करता है। जिसमें सिंचाई नहरों, तालाबों और बांधों का योगदान है। राजस्व वसूली के लिए इस विभाग में सिंचाई पटवारी, जिलेदार और डिप्टी कलेक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। 2001 के बाद से डिप्टी कलेक्टर के पदों पर पदोन्नत नहीं हुए। जबकि विभाग में अनुभवी जिलेदार काम कर रहे थे। राज्य सरकार ने समय-समय पर नियमित डीपीसी के लिए परिपत्र जारी किए लेकिन डीसीपी नहीं करवाई। इसका खमियाजा जिलेदार और सिंचाई पटवारियों को भुगतना पड़ा।

हाल ही में राजस्थान अभियांत्रिकी अधीनस्थ सेवा (सिंचाई शाखा) नियम,1967 के नियम 24 के तहत गठित विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक मुख्य अभियंता अमरजीत सिंह मेहरड़ा की अध्यक्षता में हुई। इसमें नौ जिलेदारों के पदोन्नत को लेकर चर्चा हुई। इसमें सात जिलेदारों को डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदोन्नति के आदेश जारी हो गए। अब सात जिलेदार डिप्टी कलेक्टर की कुर्सी पर बैठकर कार्य करेंगे। फिलहाल राज्य में जिलेदार के 31 में से 18 पद खाली हैं।

राजस्थान के हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर जिले जल संसाधन विभाग के सबसे बड़े जिले हैं। जहां नहरों से सबसे अधिक कृषि सिंचित होती है। यहां से उत्पादित फसलों की जानकारी और समर्थन मूल्य भी इन जिलों के सिंचाई पटवारियों और जिलेदारों के जिंस डाटा पर निर्भर करती है। पदोन्नति नहीं होने से अब एमएसपी का सही निर्धारित होगा। जल संसाधन विभाग में डिप्टी कलेक्टर का मुख्य कार्य बाराबंदी तैयार करना, रबी और खरीफ की खतौनी का डाटा जांचना, पानी चोरी रोकना, सिंचाई विवादों का निपटारा करना और राजस्व वसूली के लिए कैम्प लगाना शामिल है।

जिलेदारों की पदोन्नति को लेकर विभागीय कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। कर्मचारियों का कहना था कि लम्बे समय से जिलेदारों की पदोन्नति का मामला अटका हुआ था। डिप्टी कलेक्टर लगने से सिंचाई विभाग का कार्य ओर आसान होगा। राजस्व वसूली के मामले में विभाग पिछड़ा हुआ है। डिप्टी कलेक्टर के आने से वसूली का कार्य ओर तेज होगा।

मृगेन्द्र पाल जादौन, अध्यक्ष, राजस्थान पटवार संघ (सिंचाई) हनुमानगढ़ ने कहा कि जिलेदारों की पदोन्नति का मामला लम्बे समय से अटका हुआ था। अब जिलेदारों के डिप्टी कलेक्टर के पद पर नियुक्तियां होने से सबको लाभ मिलेगा।

## राजस्थानी युवा कविता के स्वर कार्यक्रम 6 को

**बीकानेर,**(कासं)। सादुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट बीकानेर के तत्वावधान में आगामी रविवार 06 अक्टूबर को युवा कवियों के लिए समकालीन राजस्थानी युवा कविता के स्वर कार्यक्रम की चौथी कड़ी आयोजित होगी।

कार्यक्रम प्रभारी साहित्यकार राजाराम स्वर्णकार ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी करेंगे। समारोह के मुख्य अतिथि कवि-सम्पादक हरीश बी.शर्मा होंगे। स्वर्णकार ने बताया कि युवा कवियों की रचनाओं पर त्वरित टिप्पणी जागती जोत के सम्पादक डॉ. नमामी शंकर आचार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि चौथी कड़ी में राजस्थानी युवाओं के लिए आयोजित कार्यक्रम में युवा कवि पुनीत रंगा , सुधा सारस्वत एवं युवा कवि रोशन बाफना राजस्थानी काव्य पाठ करेंगे।

इस पीढ़ी को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम के सहयोगी अब्दुल शकूर सिसोदिया अध्यक्ष बागेश्वरी साहित्य एवं कला संस्थान होंगे। रविवार को बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल के सभागार में सुबह सवा दस बजे कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## हनुमानगढ़ में प्रस्तावित रिंग रोड की कवायद शुरू

- सरकार रिंग रोड के लिए 200 करोड़ रूपए की घोषणा कर चुकी है

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले के शहरी क्षेत्र में प्रस्तावित रिंग रोड की कवायद शुरू हो चुकी है। रिंग रोड के लिए डीपीआर तैयार करवाई जा रही है। इस डीटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट में रिंग रोड के लिए नक्शे में तीन रूट को शामिल किया जायेगा।

स्थानीय जनप्रतिनिधि व अधिकारियों के दिशा निर्देश के बाद तीन में से एक रूट को फाइनल कर बाइपास का निर्माण होगा। इसके अलावा इन तीन रूट में भूमि अधिग्रहण को लेकर भी सर्वे रिपोर्ट भी इसी डीपीआर में शामिल की जायेगी। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अनुसार जो रूट किफायती होगी, उसे शामिल कर 7 मीटर से लेकर 10 मीटर चौड़ाई में डामरीकरण नया बाइपास निकाला जायेगा। दरअसल राजस्थान सरकार इस रिंग रोड के लिए 200 करोड़ रूपए की घोषणा कर चुका है।

प्रथम स्तर पर डेढ़ करोड़ की लागत से डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट दिसम्बर 2024 तक तैयार होगी। इस डीपीआर के बाद दो सौ करोड़ की वित्तीय स्वीकृति के लिए फाइल राज्य सरकार को भेजी जायेगी।

इस सड़क की लम्बाई 14 से 15 किमी. होगी। वर्तमान डीएलसी या फिर राज्य सरकार भूमि अधिग्रहण नियमों के तहत काश्तकारों को मुआवजे की राशि दी जायेगी। इस दो सौ करोड़ में एक आरओबी का निर्माण भी होगा। हालांकि सार्वजनिक निर्माण विभाग ने रिंग रोड के लिए 28 किलोमीटर सड़क के लिए 524 करोड़ रूपए की डिमांड की थी। इसमें से दो सौ करोड़ रूपए भूमि अधिग्रहण के लिए प्रस्तावित किए गए थे। लेकिन राज्य सरकार ने कुल दो सौ करोड़ रूपए की घोषणा की है। इसके चलते रिंग रोड की जगह बाइपास का निर्माण किया जायेगा। रिंग रोड का निर्माण गांव नवां से शुरू किया जायेगा। यहां से सड़क गाहडू होते हुए भारत माला के साथ-साथ टिब्बी मार्ग पर पहुंचेगी। टिब्बी मार्ग को जोड़ते हुए गांव कोहला के पास पहुंचेगी।

## अवैध खनन पर कार्रवाई, डंपर को जब्त किया

**खेतड़ी,( निसं )।** बबाई के खनन क्षेत्र में हुए हादसे के बाद पुलिस हरकत में आई है। रविवार को पुलिस ने अभियान चलाकर अवैध खनन पर कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर अवैध खनन कर लाई गई बजरी से भरे डंपर को जब्त किया है। थानाधिकारी सरदारमल यादव ने बताया कि बबाई के खनन क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने कालोटा रोड़ पर नाकाबंदी कर खनन क्षेत्र से आने वाले वाहनों की जांच की गई। इस दौरान नाकाबंदी के समय एक डंपर आता हुआ दिखाई दिया। जब पुलिस ने डंपर को रूकवाकर उसकी तलाशी ली तो उसमें ऊपर तक अवैध खनन कर लाई गई बजरी भरी हुई थी। इस दौरान जब डंपर ड्राइवर से बजरी के बारे में पूछताछ की गई तो वह संतुष्ट जवाब नहीं दे पाया, जिस पर पुलिस ने डंपर ड्राइवर चारण की ढाणी थाना गोठड़ा निवासी विजय सिंह पुत्र सवाई सिंह को गिरफ्तार कर अवैध खनन कर लाई गई बजरी से भरे डंपर को जब्त कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस की ओर से अवैध खनन की गतिविधियों पर रोक लगाने को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

## सलावद सम्मानित

**बीकानेर,** (कासं)। ग्रुप ऑफ भगतसिंह बीकानेर की ओर से आयोजित जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह बधाई एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 101 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए शिक्षक संघ एलीमेंट्री सैकण्डरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) के प्रदेशाध्यक्ष व वरिष्ठ अध्यापक मोहरसिंह सलावद को नगर निगम बीकानेर उप महापौर राजेंद्र पंवार, वेलफेयर सोसायटी बीकानेर के अध्यक्ष कन्हैयालाल भाटी व ग्रुप ऑफ भगत सिंह के अध्यक्ष नवल गिरी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद में देरी से किसानों में रोष

- किसान मजबूरी में खुले बाजार में कम दाम पर बेचने को विवश हो रहे हैं

**अनूपगढ़,** (कासं)। सहायक निदेशक कृषि विभाग कार्यालय के अनुसार इस सीजन में पिछले वर्ष की अपेक्षा लगभग 20 फीसदी अधिक मूंग का बिजान हुआ है। मंडी में पिछले कई दिनों से लगातार मूंग की आवक भी हो रही है। लेकिन समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद अभी तक शुरू नहीं हुई है, जिससे किसान भारी परेशानी में हैं।

सरकारी स्तर पर घोषित समर्थन मूल्य 8650 रुपये प्रति क्विंटल है। जबकि खुले बाजार में मूंग की कीमतें फिलहाल 6500 से 7400 रुपये प्रति क्विंटल के बीच चल रही हैं। अभी फिलहाल इस माह में भी मूंग की खरीद शुरू होने की संभावना नहीं लग रही है। किसान मजबूरी में अपनी उपज खुले बाजार में कम दाम पर बेचने को विवश हो रहे हैं।

व्यापार मंडल पूर्व सचिव जसपाल जिंदल ने बताया कि पहले मूंग की आवक लगभग 3000 क्विंटल प्रतिदिन हो रही थी। जो अब घटकर मात्र 1200 क्विंटल रह गई है। जब तक सरकार की तरफ से खरीद शुरू की जाएगी। किसान अपनी मूंग 80 प्रतिशत से अधिक मूंग की फसल बेच चुका होगा। किसान समर्थन मूल्य पर खरीद की प्रतीक्षा कर रहे है, लेकिन खरीद प्रक्रिया में हो रही देरी के कारण किसानों की उम्मीदें टूट रही हैं। भारतीय किसान संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष जसवंत सिंह चंदी ने कहा कि अगर सरकार समय पर समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू करती, तो उन्हें अपनी उपज का सही मूल्य मिल सकता था।

# खेजड़ी व पर्यावरण को बचाने के लिए होगा आर-पार का संघर्ष : धारणिया

- बीकानेर जिले में सोलर कंपनियों द्वारा खेजड़ी वृक्षों की अंधाधुंध कटाई को लेकर आंदोलन की चेतावनी

**बीकानेर,** (कासं)। जिले में सोलर कंपनियों द्वारा खेजड़ी वृक्षों की अंधाधुंध कटाई को लेकर खेजड़ी बचाओ- पर्यावरण बचाओ संघर्ष समिति की ओर से चलाए जा रहे आंदोलन को और उग्र किया जायेगा।

स्थानीय मंत्रियों, विधायकों और जिला प्रशासन की ओर से किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होने पर समिति अब 2 अक्टूबर से आर-पार की लड़ाई लड़ेगी। पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष मोखराम धारणिया ने बताया कि नोखा स्थित मुकाम में 2 अक्टूबर को मुख्यमंत्री के संभावित आगमन पर उनसे मुलाकात कर कानूनी प्रावधानों में बदलाव पर चर्चा की जायेगी।

राज्य सरकार को कानून बनाने के लिए दबाव बनाया जायेगा। अगर इस के बाद भी सुनवाई नहीं होती है तो तीन या चार अक्टूबर को सर्व समाज की बैठक कर बड़ा आंदोलन किया जायेगा। समिति के महासचिव रामकिशन डेलू ने बताया कि समिति की ओर से स्थानीय नेताओं को 12 सूत्री बिन्दुओं का ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें वृक्ष सुरक्षा कानून बनाने,खेजड़ी की कटाई पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, सोलर कंपनियों की चारदीवारी में शेष बची खेजडियों की गिनती करवाने, पेड़ों की कटाई पर एक लाख का जुर्माना तथा 7 साल का कारावास का प्रावधान बनाने, भ्रष्ट वन कर्मियों के खिलाफ कठोर कानूनी प्रावधान बनाने जैसी मांगों को तत्काल प्रभाव से लागू करने की गुहार लगाई गई। लेकिन अभी तक किसी भी प्रकार से सरकार व जिला प्रशासन की ओर से कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। प्रेस वार्ता में किशोर सिंह भाटी वह जेठाराम लाखुसर भी मौजूद थे।

डेलू ने बताया कि अब समिति किसने और आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से 15 अक्टूबर से जन जागरूकता यात्रा निकलेगी जो जिले के सभी तहसीलों में जायेगी।

इस यात्रा के माध्यम से आमजन व किसानों को खेजड़ी की कटाई से होने वाले नुकसान और पर्यावरण असंतुलन के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ सोलर कंपनियों को अपनी जमीन नहीं बचने के लिए प्रेरित किया जायेगा।



मोखराम धारणिया व शिवदान मेघवाल ने खेजड़ी बचाने के लिए आगामी संघर्ष को लेकर पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।

## सारस्वत-ओझा समाज के होनहारों का होगा सम्मान

**बीकानेर,** (कासं)। डेहरू माता सेवा समिति द्वारा राष्ट्रीय स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजन का आज गंगासिंह विश्वविद्यालय के पास नाल रोड़ पर स्थित डेहरू माता मंदिर में पोस्टर का विमोचन किया गया।

मीडिया प्रभारी उमेश पुरोहित ने बताया कि पोस्टर का विमोचन अध्यक्ष एडवोकेट पवन पुरोहित, संरक्षक रामेश्वर प्रसाद पुरोहित, सत्यनारायण पुरोहित ने किया। अध्यक्ष पवन पुरोहित ने बताया कि समिति द्वारा पुरोहित, भादानी, सारस्वत ओझा समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया जायेगा।

कार्यक्रम समन्वयक भंवर पुरोहित ने बताया कि समिति के द्वारा किए जा रहे इस कार्यक्रम में समाज के सभी बंधुओं को जोड़ा जायेगा।

इस सम्मान समारोह के लिए आवेदन फॉर्म ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रारूपों मे उपलब्ध रहेंगे। ऑफलाइन फॉर्म सूरदासानी बगेची और डेहरू माता मंदिर, नाल रोड़ पर उपलब्ध रहेंगे।फॉर्म जमा करवाने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर रखी गई है। उमेश पुरोहित ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए प्रसार प्रचार के एक टीम गठित की गई है जो घर- घर जाकर इन फॉर्म को भरने के लिए प्रेरित करेगी। प्रसार प्रचार टीम में प्रचार प्रमुख नागु भा पुरोहित, मास्टर पवन पुरोहित, गिरिराज पुरोहित, शंकर पुरोहित, विजय पुरोहित, अनिल पुरोहित, सुनील पुरोहित आदि रहेंगे।




सारस्वत ओझा समाज के प्रतिभा सम्मान समारोह के पोस्टर का विमोचन भंवर पुरोहित ने किया।



मैं इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने के बारे में नहीं सोच रहा हूं। टी-20 क्रिकेट से इसलिए संन्यास लिया है क्योंकि इस फॉर्मेट में मेरा समय पूरा हो गया था।

- रोहित शर्मा

भारतीय टीम के वनडे और टेस्ट फॉर्मेट के कप्तान, टी-20 क्रिकेट से संन्यास लेने पर।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## हैरी ब्रूक



शानदार फॉर्म में चल रहे ब्रूक ने नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में 39 रन बनाकर ब्रूक ने सीरीज की शानदार शुरुआत की थी, लेकिन लीड्स के हेडिंग्ले में हुए दूसरे गेम में वह सिंगल डिजिट में आउट हो गए। चेस्टर-ले-स्ट्रीट में ब्रूक ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पहला वनडे शतक जमाया। लॉर्ड्स में खेले गए चौथे मैच में उनकी 87 रन की पारी ने इंग्लैंड को सीरीज में 2-2 की बराबरी दिलाने में मदद की। अब रविवार को ब्रिस्टल में पांचवें और अंतिम वनडे में भी ब्रूक ने चौथे नंबर पर बैटिंग करते हुए 52 गेंदों पर तीन चौकों और सात छक्कों की मदद से 72 रन बनाए।

**क्या आप जानते हैं ?...** फ्रांस 1938 में खेले गये तीसरे विश्वकप फुटबॉल में पहली बार मेजबान देश और गत चैम्पियन को बिना क्वालीफाई करे प्रवेश देने की प्रथा शुरू हुई।

## नए उत्कृष्टता केंद्र की सुविधाएं भारत को सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ बनाए रखेगी : लक्ष्मण

बेंगलुरू, 29 सितंबर। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के नए उत्कृष्टता केंद्र के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने कहा कि यहां आधुनिक सुविधाएं खिलाड़ियों को खुद को बेहतर बनाने और शीर्ष स्तर की फिटनेस बनाए रखने में मदद करेंगी जिससे भारत को तीनों प्रारूपों में अपना दबदबा बनाए रखने में मदद मिलेगी। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी 2000 से चिन्नास्वामी स्टेडियम परिसर में चल रही थी लेकिन अब इसका नाम बदलकर बीसीसीआई उत्कृष्टता केंद्र कर दिया गया है और अब इसे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के करीब ले जाया गया। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने शनिवार को बंद कमरे में आयोजित समारोह में अन्य गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में इसका उद्घाटन किया। 2021 में एनसीए प्रमुख का पदभार संभालने वाले लक्ष्मण ने चुनिंदा मीडिया से कहा, ''मुझे लगता है कि उत्कृष्टता केंद्र के लाभार्थी केवल क्रिकेटरों की भावी पीढ़ी ही नहीं बल्कि क्रिकेटरों की मौजूदा पीढ़ी भी होगी। वे खुद को निखारने, चुनौतियों और विभिन्न श्रृंखलाओं के लिए तैयार होने के लिए आते हैं। ''



## साय बने राज्य ओलंपिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष

रायपुर 29 सितंबर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को रविवार को राज्य ओलम्पिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में चुन कर नई जिम्मेदारी दी गयी। साय ने एक्स पर ट्वीट कर बताया, आज राजधानी के न्यू सर्किट हाउस में आयोजित छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ की विशेष बैठक में शामिल हुआ। बैठक में ओलम्पिक संघ




के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मुझे नई जिम्मेदारी मिली। इस अवसर पर साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में खेलों को नया आयाम देने के लिए हम सब मिलकर टीम भावना के साथ काम करेंगे। साथ ही खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। प्रदेश में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। राज्य में खेलों के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ अधोसंरचना के विकास और खिलाड़ियों के हित में हमारी सरकार की ओर से लगातार कार्य किया जा रहा है।

## भारतीय महिला और पुरुष निशानेबाजी टीम ने जीता 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक

लीमा 29 सितंबर। भारतीय पुरुष और महिला निशानेबाजी टीमों ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2024 की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के स्वर्ण पदक अपने नाम किये। वहीं कनक ने महिला व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में कांस्य पदक जीता। पेरु की राजधानी लीमा के लास पालमास शूटिंग रेंज में शनिवार को प्रतिस्पर्धा करते हुए, कनिष्का डागर (573), लक्षिता (571) और अंजलि चौधरी (564) ने क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 1708 का स्कोर अर्जित करते हुए भारत को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा की टीम श्रेणी में शीर्ष स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। इसी स्पर्धा में अजरबैजान (1707) के स्कोर के साथ रजत और यूक्रेन को (1704) का स्कोर कर कांस्य पदक जीता। भारतीय निशानेबाज कनक ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ लीमा जूनियर निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप में भारतीय निशानेबाजी टीम के व्यक्तिगत पदकों का खाता भी खोल दिया है। भारत ने इस प्रतियोगिता में कुल दो स्वर्ण, कांस्य सहित तीन पदक जीते।

## टैलोन ग्रिकस्पूर को हराकर कार्लोस अल्कारेज ने दर्ज की 200वीं जीत

नयी दिल्ली, 29 सितंबर। स्पेन के कार्लोस अल्कारेज ने रविवार कोबीजिंग में बारिश प्रभावित मुकाबले मेंशानदार प्रदर्शन करते हुए चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीय प्राप्त 21 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी ने



अंतिम-16 में नीदरलैंड्स के 39वें नंबर के खिलाड़ी टैलोन ग्रिकस्पूर को महज 56 मिनट में 6-1, 6-2 से हराया। इसके साथ ही उन्होंने टूर लेवल पर अपने करियर की 200वीं जीत दर्ज की, जोकि 2000 के दशक में पैदा हुए तीसरे खिलाड़ी हैं। उनसेपहले यह कारनामा विश्व नंबर-1 जेनिक सिनर औरफेलिक्स ऑगर एलियासिमे कर चुके हैं।अब अंतिम-8 में कार्लोस अल्कारेज का सामना रूस के कारेन खाचनोव से होगा, जिन्होंने अंतिम-16 मेंफ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 7-6, 7-6 से हराया। जीत के बाद कार्लोस अल्कारेज ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, 200वीं जीत हासिल करने को लेकर निश्चित तौर पर मैं बहुत ही खुश हूं। लेकिन मैं पहले से ही 300 जीत की तलाश में हूं। मैं इसी तरह चलते रहना चाहता हूं, आगे बढ़ते रहना चाहता हूं।

# श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को पारी और 154 रन से हराया

### 2 मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप किया, निशान को 6 विकेट

नयी दिल्ली, 29 सितंबर। श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को गॉल टेस्ट में पारी और 154 रन से हरा दिया। रविवार को न्यूजीलैंड की टीम दूसरी पारी में 360 रन पर ऑलआउट हो गई। इस जीत के साथ मेजबान टीम ने 2 मैच की सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया है। श्रीलंकाई टीम ने पहला टेस्ट इसी मैदान पर 63 रन से जीता था।



गॉल इंटरनेशनल स्टेडियम में कीवियों ने चौथे दिन की शुरुआत 199/5 के स्कोर से की। टीम ने आखिरी 5 विकेट 161 रन बनाने में गंवा दिए। मिचेल सेंटनर ने 67 रन बनाए। टॉम ब्लंडेल ने 60, जबकि ग्लेन फिलिप्स ने 78 रन की पारी खेली। निशान पेइरिस ने 6 विकेट लिए। प्रबथ जयसूर्या को 3 विकेट मिले।

एक दिन पहले शनिवार, 28 सितंबर को न्यूजीलैंड की पहली पारी 88 रन पर ऑलआउट हो गई थी और श्रीलंका को 514 रन की बढ़त मिली थी। इसके बाद कप्तान डी सिल्वा ने न्यूजीलैंड को फॉलो-ऑन दिया।श्रीलंकाई टीम ने पहली पारी 602/2 रन पर पहली पारी डिक्लेयर की थी।

डेवोन कॉन्वे की फिफ्टी, निशान को 3 विकेट न्यूजीलैंड की दूसरी पारी की शुरुआत खराब रही। टीम ने अपना पहला विकेट शून्य के स्कोर पर खो दिया। इसके बाद कॉन्वे ने तेजी से बल्लेबाजी करते हुए, 62 बॉल में 61 रन की पारी खेली। उनके अलावा केन विलियमसन ने 46 रन बनाए। दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 108 बॉल पर 97 रन जोड़े। इसके बाद क्रीज पर मौजूद टॉम ब्लंडेल और ग्लेन फिलिप्स ने छठे विकेट के लिए 84 बॉल पर 78 रन बनाए। श्रीलंका से निशान पेइरिस ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। जबकि कप्तान डी सिल्वा और प्रबथ जयसूर्या को 1-1 विकेट मिला।

तीसरा दिन पहला सेशन श्रीलंका के स्पिनर प्रबथ जयसूर्या के सामने न्यूजीलैंड के बल्लेबाज नहीं टिक सके। टीम ने अपने आखिरी 8 विकेट मात्र 66 रन पर गवां दिए। जयसूर्या ने 18 ओवर की गेंदबाजी में 6 मेडन डालते हुए 42 रन देकर 6 विकेट लिए। पहले इनिंग के आधार पर श्रीलंका को 514 रन की बढ़त मिली। जिससे श्रीलंकाई कप्तान धनंजय डी सिल्वा ने न्यूजीलैंड को फॉलो-ऑन दे दिया है।

शुक्रवार, 27 सितंबर को श्रीलंका से कामिंडु मेंडिस ने 182 रन की नॉटआउट पारी खेली, इसी के साथ उन्होंने टेस्ट में 1000 रन भी पूरे कर लिए। कामिंडु अपने करियर की 13वीं पारी ही खेल रहे हैं। वह सबसे कम पारियों में 1000 टेस्ट रन बनाने वाले प्लेयर्स में ऑस्ट्रेलिया के डोनाल्ड ब्रैडमैन की बराबरी पर पहुंच गए।

कामिंडु के अलावा श्रीलंका से कुसल मेंडिस और दिनेश चांदीमल ने भी शतक लगाए। वहीं 3 प्लेयर्स ने 40 प्लस रन के स्कोर किए। न्यूजीलैंड से ग्लेन फिलिप्स ने 3 विकेट लिए। ब्रैडमैन ने 7 टेस्ट में बनाए थे 1000 रन कामिंडु अपना 8वां टेस्ट खेल रहे हैं और 1000 टेस्ट रन का आंकड़ा पार कर चुके हैं। इस मामले में वह ब्रैडमैन के बाद दूसरे नंबर पर पहुंचे, ब्रैडमैन ने 7 और कामिंडु ने 8 टेस्ट में 1000 रन का आंकड़ा पार किया। हालांकि, सर डॉन ने भी 13 पारियों में ही 1000 रन पूरे किए थे। दोनों इस मामले में संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर हैं।

इंग्लैंड के हर्बर्ट सटक्लीफ और वेस्टइंडीज के एवर्टन वीक्स इस रिकॉर्ड में पहले नंबर पर हैं। दोनों ने अपनी-अपनी 12वीं पारी में 1000 टेस्ट रन का आंकड़ा पार कर लिया था। हालांकि, इसके लिए दोनों ने बैटर्स ने 9 मैच लिए थे। भारत से यशस्वी जायसवाल के नाम सबसे कम 9 मैच में 1000 रन पूरे करने का रिकॉर्ड है।

तीसरे सेशन में डिक्लेयर की पारी तीसरे सेशन में दोनों प्लेयर्स ने तेजी से खेलना शुरू किया। कुसल मेंडिस ने अपनी सेंचुरी पूरी की, वहीं कामिंडु मेंडिस ने अपना स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया। टीम का स्कोर 600 के पार होते ही श्रीलंकाई कप्तान ने पारी डिक्लेयर कर दी। कामिंडु 182 और कुसल 106 रन बनाकर नॉटआउट रहे। दोनों के बीच 200 रन की पार्टनरशिप हुई। न्यूजीलैंड ने 2 विकेट भी गंवा दिए तीसरे सेशन में श्रीलंका ने 602 रन के स्कोर पर अपनी पारी डिक्लेयर की। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी शुरू की और दोनों ओपनर्स के विकेट गंवा दिए। टॉम लैथम 2 और डेवोन कॉन्वे 9 ही रन बना सके।

## लगातार शतरंज प्रतियोगिताओं में भाग लेने से शारीरिक और मानसिक तौर पर चुनौतीपूर्ण : प्रज्ञानानंदा




नयी दिल्ली, 29 सितंबर। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने कहा कि पूरे साल शतरंज खेलने से एक खिलाड़ी के शारीरिक और मानसिक पहलुओं पर भारी असर पड़ सकता है और वह इससे निपटने के लिए टूर्नामेंटों से पहले अपने दिमाग को खेल से दूर रखने की सोचते है। भारत को पहली बार शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक दिलाने के बाद हाल ही में बुडापेस्ट से लौटे प्रज्ञानानंदा ने कहा कि यह लगातार शतरंज खेलने का ही नतीजा है कि वह कभी-कभी वह शतरंज की बिसात की ओर देखना भी नहीं चाहते हैं।

चेन्नई के इस 19 साल के खिलाड़ी ने कहा, ''निश्चित रूप से इससे मानसिक और शारीरिक प्रभाव पड़ता है। लेकिन हम इसके आदी हैं... हमें इसकी आदत डालने की जरूरत है क्योंकि पूरे साल टूर्नामेंट होते रहते हैं।' उन्होंने 'पीटीआई' से कहा, '' मुझे पिछले साल इस तरह की चुनौती का सामना करना पड़ा था। इस लिए मुझे उसकी आदत हो गयी है।'' प्रज्ञानानंदा अब लंदन में होने वाले ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हो रहे हैं। इस टूर्नामेंट टेक महिंद्रा और अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) का संयुक्त उद्यम है।

प्रज्ञानानंदा इस लीग में मैग्नस कार्लसन के नेतृत्व वाली अल्पाइन एसजी पाइपर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। छह टीमों की इस लीग का आयोजन तीन अक्टूबर से शुरू होगा। उन्होंने कहा, ''इस तरह की थकान से निपटने के लिए मैं खुद को कुछ समय के लिए शतरंज से दूर कर लेता हूं। टूर्नामेंटों या प्रतियोगिताओं के दौरान भी अगर थकान हावी होने लगे तो मैं ब्रेक के दौरान खुद को शतरंज बोर्ड से अलग कर लेता हूं।''

## डीपीएल : गढ़वाल हीरोज ने नेशनल यूनाइटेड एफसी को हराया



नयी दिल्ली, 29 सितंबर। गत विजेता गढ़वाल हीरोज ने बड़ी जीत का सिलसिला बनाए रखते हुए रविवार को नेशनल यूनाइटेड एफसी को 5-1 से पीट कर तीसरी डीपीएल में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। आज यहां अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गए एकतरफा मुकाबले में गढ़वाल के लिए मैन ऑफ द मैच मुस्तफा शेख ने दो और ईशानबोल, भारत मेहरा और कप्तान निर्मल सिंह बिष्ट ने एक एक गोल जमाए। पराजित टीम का गोल व्यूमिनलीन हाओलाई ने किया। दिन के दूसरे मैच में तरुण सांघा ने यूनाइटेड भारत एफसी पर 3-1 की जीत के साथ पूरे अंक पाए। विजेता टीम के गोल साकिर अली, अबॉय सिंह और मांगली थांग ने जमाए। पराजित यूनाइटेड भारत का इकलौता गोल ललखनलेन के नाम रहा। गढ़वाल ने दो मैच जीत कर अंक तालिका में पहला।स्थान बना लिया है। ग्यारह गोल उसके खाते में दर्ज हो चुके हैं।

तरुण सांघा की जीत नाटकीय रही। विजेता टीम ने एक के बाद एक तीन दर्शनीय गोल कर यूनाइटेड भारत को हैरान कर दिया। लेकिन उस समय जबकि विजेता टीम बड़ी जीत की तरफ बढ़ रही थी यकायक यूनाइटेड भारत के खिलाड़ी जैसे नींद से जाग गए और भूल सुधार करते हुए यूनाइटेड भारत ने प्रतिद्वंद्वी को कड़ी टक्कर दी।

## आईपीएल से नाम वापस लेने पर विदेशी खिलाड़ियों पर लगेगा दो साल का प्रतिबंध

नयी दिल्ली 29 सितंबर। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी में खरीदे जाने के बाद अगर कोई विदेशी खिलाड़ी बिना किसी ठोस कारण के स्वयं को सत्र के लिए अनुपलब्ध बताता है तो ऐसे खिलाड़ी पर दो साल का प्रतिबंध लगाया जाएगा। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने 2025-2027 सत्र के खिलाड़ियों के लिए नए नियमों की घोषणा की है।

इसके तहत बिना किसी ठोक कारण खरीदे जाने के बाद बावजूद स्वयं को अनुपलब्ध बताने वाले खिलाड़ी को दो साल के लिये प्रतिबंधित किया जायेगा। इसके आलवा छोटी नीलामी में विदेशी खिलाड़ी के लिए का प्राइस टैग सबसे ज़्यादा रिटेंशन प्राइस (18 करोड़) तथा बड़ी नीलामी की सबसे बड़ी बोली से अधिक नहीं होगी। हालांकि अगर खिलाड़ी चिकित्सीय या चोट के कारणों से अनुपलब्ध रहता है तो ऐसी स्थिति में कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी लेकिन इस संबंध में खिलाड़ी के होम बोर्ड से भी पुष्टि की जाएगी। इसके अलावा विदेशी खिलाड़ियों का बड़ी नीलामी में पंजीकरण अनिवार्य होगा।

## राज्य स्तरीय लॉन टेनिस के छात्र एवं छात्रा दोनों वर्गों में जोधपुर चैम्पियन



जालोर, 29 सितंबर। राज्य स्तरीय लॉन टेनिस छात्र-छात्रा 14 वर्ष प्रतियोगिता में टीम स्पर्धा के रोचक एवं संघर्षपूर्ण फाइनल मुकाबले में छात्र एवं छात्राएं दोनों वर्गों में जोधपुर ने अजमेर को हराकर राज्य चैंपियन का टीम इवेंट जीता। वहीं छात्र एवं छात्राएं दोनों वर्ग में अजमेर की टीम उपविजेता रही।

आयोजन समिति के संयुक्त संचालक एवं भारत विद्या मंदिर के प्रधानाध्यापक राजकुमार माली ने बताया कि जालौर क्लब में आयोजित सेमीफाइनल मुकाबले में जोधपुर ने बीकानेर को तथा अजमेर ने जयपुर को हराकर फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया। उन्होंने बताया कि टीम स्पर्धा में प्रथम एकल में जोधपुर के प्रबल ने अजमेर के रौनक को 5 -1 से तथा अजमेर के आहान ने ऋषिराज को 5-1 से हराया। वहीं डबल्स मुकाबले में जोधपुर के प्रबल देवडा एवं ऋषि राज सिंह की जोडी ने अजमेर के रौनक एवं आव्हान की जोडी को रोचक एवं संघर्षपूर्ण मुकाबले में 5-3 से हराकर जीत दर्ज कर राज्य चैंपियन बनी। जालौर क्लब में आयोजित छात्राएं वर्ग के फाइनल मुकाबले में प्रथम एकल मैच में जोधपुर के रौनक ने अजमेर की उदिता को 5-2 से तथा दूसरे एकल मैच में जोधपुर की अद्विता ने अजमेर की भूवी को 5-2 से हराकर 2 -0 से खिताब जीत दर्ज की।

## पैरालंपिक में पदक जीतने वाली पहली महिला एथलीट

नयी दिल्ली, 29 सितंबर। दीपा शॉट पुटर के अलावा स्विमर, बाइकर, जैवलिन और डिस्कस थ्रोअर हैं। रियो पैरालंपिक खेलों में रजत पदक जीतकर वह पैरालंपिक खेलों में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी। 'मंजिलें क्या हैं, रास्ता क्या है हौसला हो तो फासला क्या है', कुछ ऐसा ही इरादा रखने वाली दीपा मलिक ने पैरालंपिक में अपना नाम बनाया। वो एक प्रमुख भारतीय पैरालंपियन और खिलाड़ी हैं, जिन्होंने खेल जगत में अपना एक विशेष स्थान बनाया है। पैरालंपिक खेलों में मेडल जीतने वाली दीपा मलिक पहली भारतीय महिला हैं। उनका जन्म 1970 में हुआ था।

दीपा के जीवन में एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब उन्हें 1999 में स्पाइनल ट्यमूमर का सामना करना पड़ा, जिससे उनके शरीर के निचले हिस्से ने काम करना बंद कर दिया और उन्हें व्हीलचेयर पर निर्भर होना पड़ा। हालांकि, दीपा खेल में ही आगे नहीं है, वह सामाजिक कार्य करने के साथ-साथ लेखन भी करती हैं। गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों के लिए कैंपेन चलाती है और सामाजिक संस्थाओं के कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती हैं।

## मो. यूसुफ ने पाक सिलेक्शन कमेटी से इस्तीफा दिया

### निजी कारणों से लिया फैसला, पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कोच भी रह चुके

नयी दिल्ली, 29 सितंबर। मोहम्मद यूसुफ ने पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के सिलेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, यूसुफ ने निजी जिम्मेदारियों पर ध्यान देने के लिए नेशनल सिलेक्शन कमेटी के सदस्य के रूप में अपनी भूमिका से इस्तीफा दे दिया है।

बोर्ड ने लिखा, सिलेक्शन कमेटी के सदस्य के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मोहम्मद यूसुफ के अमूल्य योगदान के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त करता है। यूसुफ में एक महत्वपूर्ण भूमिका



निभाते रहेंगे, हाई परफॉरमेंस सेंटर में बल्लेबाजी कोच के रूप में अनुभव को साझा करेंगे।

इंग्लैड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले दिया इस्तीफा यूसुफ ने यह फैसला इंग्लैड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले लिया। पाकिस्तान और इंग्लैंड टेस्ट सीरीज 7 अक्टूबर से शुरू होगी। सिलेक्टर रहने से पहले यूसुफ पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कोच भी रह चुके हैं।

टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद यूसुफ को सिलेक्शन कमेटी में बरकरार रखा गया था। यूसुफ उस पैनल का हिस्सा थे जिसने बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए पाकिस्तान टीम को सिलेक्ट किया था। पाकिस्तान को पहली बार बांग्लादेश के हाथों टेस्ट में हार मिली।

## हैरी ब्रूक ने विराट कोहली का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा

ब्रिस्टल 29 सितंबर। जबरदस्त फॉर्म में चल रहे इंग्लैंड के 25 वर्षीय युवा कप्तान हैरी ब्रूक ने विराट कोहली का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया। अब हैरी ब्रूक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किसी एक द्विपक्षीय वनडे सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कप्तान बन चुके हैं। दरअसल, ऑस्ट्रेलियाई टीम इंग्लैंड दौरे पर है। 29 सितंबर को ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड में पांच मैच की सीरीज का आखिरी और निर्णायक मुकाबला हुआ, जहां ब्रूक ने ये उपलब्धि हासिल की। विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक वनडे सीरीज में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड 2019 में बनाया था। तब उन्होंने घरेलू दौरे पर कंगारुओं के खिलाफ पांच वनडे में 62 की भयंकर औसत से 310 रन बनाए थे।

## रोहित बोले : उम्र के कारण टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास नहीं लिया

### अब भी तीनों फॉर्मेट खेल सकता हूं, जीतने के बाद लिया था रिटायरमेंट

नयी दिल्ली, 29 सितंबर। टीम इंडिया के वनडे और टेस्ट फॉर्मेट के कप्तान रोहित शर्मा ने टी-20 से लिए रिटायरमेंट को लेकर कहा है कि टी-20 क्रिकेट से संन्यास लेने की वजह उम्र नहीं थी, अभी भी तीनों फॉर्मेट खेल सकता हूं। एक यूट्यूब चैनल को दिए गए इंटरव्यू में रोहित ने इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट लेने के बारे में कहा, मैं इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने के बारे में नहीं सोच रहा हूं। टी20 क्रिकेट से इसलिए संन्यास लिया है क्योंकि इस फॉर्मेट में मेरा समय पूरा हो गया था। रोहित शर्मा ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के बाद टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया था। इसके बाद टी20 टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव को दी गई थी। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा से जब यूट्यूब के चैनल की एक वीडियो में उनके रिटायरमेंट को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा, नहीं मैं इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट के बारे में नहीं सोच रहा हूं और टी20 क्रिकेट से रिटायरमेंट लेने के पीछे कारण ये था कि मैनें उस फॉर्मेट में अपना समय पूरा कर लिया था।

# मैदान गीला होने के कारण तीसरे दिन का खेल हुआ रद्द

कानपुर, 29 सितंबर। भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट में रविवार को मैदान गीला होने के कारण तीसरे दिन का खेल रद्द घोषित कर दिया गया। अम्पायर और अधिकारियों ने दो बजे फिर पिच और मैदान का निरीक्षण करने के बाद मैदान गीला होने के कारण तीसरे दिन का खेल रद्द कर दिया। कानपुर में रात भर बारिश हुई थी लेकिन आज सुबह से बिल्कुल भी बारिश नहीं हुई और धूप खिलने पर पिच और मैदान से कवर हटाये गये। आज कम से कम तीन निरीक्षण हुए हैं। पहले एक या दो घंटे के लिए ग्राउंड स्टाफ मैदान को सुखाने की प्रयास किया था।

मौसम विभाग के अनुसार चौथे दिन धूप खिली रखने रहेंगी। कल समय से पूर्व भी शुरु किया जा सकता है। हालांकि बारिश के कारण तीन दिन खेल बाधित और रद्द रहा। अगर कल खेल शुरु होता है तो मैच में कुछ भी हो सकता है। इससे पहले दो बार पिच और मैदान का निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्टैंड में बहुत सारे प्रशंसक मैच के शुरु होने का इंतजार करते देखेग गये। उम्मीद की जा रही कि जल्द ही कुछ धूप दिखेगी।




शनिवार को टेस्ट मैच का दूसरा दिन बारिश की भेंट चढ़ गया था। बारिश और खराब मौसम के कारण पहले दिन भी सिर्फ 35 ओवर फेंके जा सके थे जिसमें बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में तीन विकेट खोकर 107 रन बनाये थे। कल रात से रुक रुक कर हो रही बारिश का क्रम आज सुबह करीब 11 बजे थम गया था हालांकि बीच बीच में हल्की बौछारों ने कवर को हटाने का मौका नहीं दिया। मैदानी अंपायरों ने दोपहर दो बजे मैदान का आखिर बार निरीक्षण किया और पिच क्यूरेटर से बात करने के बाद दिन के खेल को रद्द कर दिया गया था। टेस्ट का पहला दिन भी बाधित रहा, टॉस में एक घंटे की देरी हुई और खराब रोशनी के कारण खेल को केवल 35 ओवरों तक सीमित कर दिया गया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीता और नरम पिच की स्थिति का फायदा उठाने के उद्देश्य से गेंदबाजी करने का विकल्प चुना। आकाश दीप ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट करके दो महत्वपूर्ण विकेट चटकाए।

नजमुल हुसैन शांतो और मोमिनुल हक के बीच 50 से अधिक रनों की साझेदारी ने बांग्लादेश की पारी को कुछ समय के लिए स्थिर कर दिया, लेकिन स्पिनर रविचंद्रन अश्विन खराब रोशनी के कारण दिन के खेल को जल्दी समाप्त करने से ठीक पहले मोमिनुल को आउट करने में सफल रहे, जिससे बांग्लादेश का स्कोर तीन विकेट पर 107 रन हो गया।

## आईपीएल टीमें 31 अक्टूबर तक कर सकती है रिटेंशन

नयी दिल्ली, 29 सितंबर। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की नीलामी के लिए टीमों के पास रिटेंशन फाइनल करने की डेडलाइन 31 अक्तूबर रखी गई है। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के नये नियमों के तहत फ्रैंचाइजी संयुक्त रूप से रिटेंशन और राइट टू मैच विकल्प चुन सकती हैं। नियमों के तहत अधिकतम छह खिलाड़ी रिटेन किया जा सकता हैं। आईपीएल की जारी विज्ञिप्त के अनुसार, रिटेंशन और आरटीएम के लिए अपना संयोजन चुनना आईपीएल फ्रैंचाइजी के अपने विवेक पर है। छह रिटेंशन या आरटीएम हो सकते हैं, रिटेंशन में अगर कोई खिलाड़ी 31 अक्तूबर से पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण कर कर लेता है तो उसको कैप्ड माना जाएगा। लेकिन अगर कोई रिटेन हुआ अनकैप्ड खिलाड़ी नीलामी से एक दिन पहले भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण करता है तो उसको अनकैप्ड ही माना जाएगा।

# मोदी ने मन की बात में राजस्थान की उपलब्धियों की सराहना की

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आमजन के साथ प्रधानमंत्री का सम्बोधन सुना




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आमजन के साथ अपने निवास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात का उद्बोधन सुना।*

- प्रधानमंत्री ने कहा कि अगस्त माह में ही 6 करोड़ से अधिक पौधे लगाकर राजस्थान ने जनभागीदारी का अनूठा उदाहरण पेश किया है।
- उन्होंने स्वच्छ भारत, मेक इन इण्डिया और एक पेड़ माँ के नाम जैसे अभियानों को जन आन्दोलन बनाने के लिये भारतीय जनता का अभिनन्दन किया।

जयपुर, 29 सितम्बर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 114वें संस्करण में देशवासियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी मुख्यमंत्री निवास पर आमजन के साथ प्रधानमंत्री के सम्बोधन को सुना।

अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के 3 अक्टूबर को 10 साल पूरे होने जा रहे हैं। इन 10 वर्षों में देश वासियों ने अपना प्यार और आशीर्वाद संदेशों के माध्यम से लगातार भेजा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के श्रोता ही इसके असली सूत्रधार हैं, जो देश की उपलब्धियों को गर्व से सुनते हैं।

मोदी ने, एक पेड़ मां के नाम अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि दृढ़ संकल्प के साथ जब सामूहिक भागीदारी का संगम होता है तो पूरे समाज के लिए अदभुत नतीजे सामने आते हैं।

उन्होंने अभियान के तहत राजस्थान की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि अगस्त माह में ही 6 करोड़ से अधिक पौधे लगाकर राजस्थान ने जन भागीदारी का अनूठा उदाहरण पेश किया है।

प्रधानमंत्री ने जलसंरक्षण का महत्व बताते हुए कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से जलसंकट से निपटने में बहुत मदद मिलती है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के झांसी, मध्य प्रदेश के रायपुरा एवं छतरपुर गांव का जिक्र किया जहां महिलाओं ने सामूहिक प्रयासों से वहां के तालाबों और नदियों को नया जीवन दिया।

मोदी ने कहा कि 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत अभियान के भी 10 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अवसर उन लोगों के अभिनंदन का है जिन्होंने इसे भारतीय इतिहास का इतना बड़ा जन-आंदोलन बना दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेक इन इंडिया अभियान के इस महीने 10 साल पूरे हुए हैं। इस अभियान से गरीब, मध्यम वर्ग और लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों को बहुत फायदा मिल रहा है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छ भारत, मेक इन इंडिया, एवं एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियानों के माध्यम से देशवासियों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने का संदेश दिया है।

# छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के कैंप ध्वस्त किये

जगदलपुर, 29 सितंबर। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के कैम्प को ध्वस्त कर दिया तथा वहां से हथियार व भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किए। नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर डी.आर.जी. व केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल के जवान ऑपरेशन पर निकले थे।

सुकमा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ऑपरेशन पर निकले जवानों ने दन्तेसपुरम के जंगलों में नक्सलियों का कैम्प ध्वस्त किया। नक्सलियों के साथ आधे घण्टे तक चली मुठभेड़ के दौरान जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल और पहाड़ी का सहारा लेकर भाग खड़े हुये। मुठभेड़ में किसी भी पक्ष के किसी भी व्यक्ति के हताहत होने की सूचना नहीं है। सुरक्षा बलों ने मौके से एक हथियार सहित 10 किलों और 5 किलों के दो जिंदा आई.ई.डी. के साथ विस्फोटक सामग्री भी बरामद की।

- सुरक्षा बलों ने इन कैम्पों से हथियार व भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया।

## भाजपा ने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

का नाम शामिल हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कैबिनेट में ऊर्जा मंत्री रहे रणजीत सिंह चौटाला का टिकट पार्टी ने काट दिया था। इसके बाद उन्होंने रनिया से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया था। इसलिए पार्टी ने उनके खिलाफ एक्शन लेते हुए 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया।

# जोधपुर में 55 साल की महिला के साथ गैंगरेप

## पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर मैडिकल करवाया

जोधपुर, 29 सितम्बर (कासं)। जोधपुर में अपनी भांजी के पास आई एक 55 साल की महिला के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। महिला के साथ यह घटना 27 सितंबर को दिन की बताई जा रही है, जिसकी शिकायत पीड़िता ने दूसरे दिन शाम को कंट्रोल रूम में दी। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर उसके एक रिश्तेदार सहित चार जनों के खिलाफ रेप का मामला दर्ज किया है।

महिला द्वारा दायर रिपोर्ट के अनुसार, 27 सितंबर को वह जोधपुर के एक क्षेत्र में रहने वाली अपनी भांजी के पास आई थी, उसी दिन दो युवक उसे बाइक पर उठाकर ले गए और सुनसान क्षेत्र में ले जाकर उसके साथ गैंगरेप किया। इसके बाद दोनों युवकों ने महिला को वापस छोड़ दिया।

- घटना 27 सितंबर के दिन की बताई जा रही है। पीड़िता ने दूसरे दिन शाम को कंट्रोल रूम में सूचना दी। पुलिस ने रिश्तेदार सहित चार लोगों के खिलाफ रेप का मामल दर्ज किया।

रिपोर्ट में बताया गया कि जोधपुर में रहने वाले महिला के एक रिश्तेदार व उसके दोस्त ने उसके साथ शराब की पार्टी की और साथ में खाना खाने के बाद उसके साथ गैंगरेप किया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और पीड़िता का मेडिकल करवाया गया है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता के साथ रेप होने के दूसरे दिन शनिवार शाम को क्षेत्र में उसका झगड़ा हो गया था। मोहल्ले में हंगामे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी, जहां पीड़िता ने पुलिस को गैंगरेप के बारे में बताया था। इसके बाद पुलिस ने रात को ही अपनी कार्रवाई शुरू कर दी थी। पीड़िता से घटना को लेकर पुलिस ने पूरी जानकारी ली थी। सभी आरोपियों के बारे में भी जानकारी ली गई है।

# आम आदमी पार्टी के कई नेता कांग्रेस में गये

नयी दिल्ली, 29 सितंबर। दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से पिछले दिनों अरविंद केजरीवाल द्वारा इस्तीफा देने के बाद दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी के सीएम बनने के बाद दिल्ली में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। आम आदमी पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता रविवार को कांग्रेस की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष देवेंद्र यादव की मौजूदगी में उनकी पार्टी में शामिल हो गए। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है।

दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पार्टी में इन लोगों का स्वागत करते हुए कांग्रेस का पटका भेंट किया। देवेंद्र यादव ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कानून-व्यवस्था की स्थिति चरमरा गई है तो इसके लिए भाजपा और आप दोनों सरकारें समान रूप से जिम्मेदार हैं।

- दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव की उपस्थिति में आप पार्टी के कई नेता व कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हुए।

यादव ने कहा कि जेल से बाहर आने के बाद अरविंद केजरीवाल अपनी सरकार के मंत्रियों समेत सभी में खामियां ढ़ूंढ ने में लगे हैं।

## बड़ा आतंकवादी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

का यह कारोबार लंबे समय तक नहीं चलने वाला है। मैं आपको यह आश्वासन देना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि कश्मीर में आतंकवाद की हर घटना के पीछे पाकिस्तान का हाथ है। पूरी दुनिया में आतंकवाद फैलाने के लिए पाकिस्तान बेनकाब हो चुका है। रक्षा मंत्री ने भारत की ओर से पाकिस्तान से संपर्क बढ़ाने का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी पैदल ही पाकिस्तान गये थे। उन्होंने मोदी की वर्ष 2015 की लाहौर यात्रा का जिक्र करते हुए कहा, हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी सभी प्रोटोकॉल तोड़कर नवाज शरीफ के लिए पाकिस्तान गये। भारत में हर सरकार ने पाकिस्तान को समझाया है कि वह अपनी धरती पर चल रहे आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों को बंद करे।

# कुंभ मेले के लिये 992 विशेष ट्रेने चलेंगी

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कुंभ मेले के लिये भारतीय रेल की तैयारियाँ बताईं

नयी दिल्ली, 29 सितंबर। रेल मंत्रालय कुंभ मेले के लिए व्यापक व्यवस्था करने पर काम कर रहा है जिसके तहत जनवरी में प्रयागराज में आयोजित होने वाले इस विशाल धार्मिक समागम के लिए 992 विशेष रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वयं यह जानकारी दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सात पोस्ट किए और बताया कि कुंभ मेले के लिए रेल मंत्रालय ने क्या तैयारियां की हैं। उन्होंने लिखा "कुंभ मेला – विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक समागम! भारतीय रेलवे कुंभ मेला 2025 के लिए रिकॉर्ड ट्रेनें, उन्नत ट्रैक और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए तैयार है!"

- जनवरी में प्रयागराज में होने वाले विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम के लिये भारतीय रेलवे यात्रियों के लिये बुनियादी ढांचे व सुविधाओं पर 933 करोड़ रूपये खर्च करेगा। पटरियों के दोहरीकरण के लिये भी 3,700 करोड़ रूपये खर्च होंगे।

इसके बाद सात पोस्ट में रेल मंत्री ने पहले महत्वपूर्ण तिथियां बताईं। इसके बाद उन्होंने बताया कि प्रयागराज क्षेत्र से रोजाना 140 ट्रेनें चलाई जाएंगी। स्पेशल ट्रेनों के लिए 174 रैक प्लान किए गए हैं। मेमू या डेमू ट्रेन में 16 और लंबी दूरी की ट्रेनों में 20 डिब्बे हैं। स्पेशल ट्रेनों की संख्या 2019 में 695 से बढ़ाकर 2025 में 992 कर दी गई है। सामान्य ट्रेनों की संख्या 2019 में 5000 थी, जो 2025 में 6580 होगी।

# छत्तीसगढ़ में वंदे भारत ट्रेन पर फिर पथराव

छत्तीसगढ़ , 29 सितंबर। विशाखापट्टनम से दुर्ग आ रही वंदे भारत ट्रेन पर पथराव हुआ है। हालांकि, इस पत्थरबाजी में किसी को चोट नहीं लगी है। इस ट्रेन पर इससे पहले भी पथराव हो चुका है। इससे पहले हुई पथराव की घटना के बाद तीन लोग गिरफ्तार हुए थे। लेकिन अभी भी पत्थरबाजी पर रोक नहीं लगी है। घटना शनिवार की है। रात 9 बजे अज्ञात तत्वों ने खरियार रोड रेलवे स्टेशन से एक किलोमीटर पूर्व वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव कर दिया। गनीमत थी कि कोच में सिर्फ दो ही यात्री थे, जिन्हें किसी तरह की चोट नहीं आई है। खरियार रोड में इसकी शिकायत की गई है। वंदे भारत ट्रेन पर लगातार पत्थरबाजी की घटनाएं सामने आ रही हैं। इसे रोकने के लिए कोशिश की जा रही है, लेकिन अब तक सरकारें पत्थरबाजों पर लगाम लगाने में सफल नहीं हुई हैं।

# प्रशांत किशोर 2 अक्टूबर को नया राजनीतिक दल बनायेंगे

पटना 29 सितंबर (वार्ता) जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर (पी.के.) ने आज घोषणा की की दो अक्टूबर को जन सुराज राजनीतिक दल बनने जा रहा है। किशोर ने रविवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जन सुराज अभियान 02 अक्टूबर को एक राजनीतिक दल बनने जा रहा है। दल का स्थापना कार्यक्रम पटना के वैटनरी कॉलेज मैदान में दोपहर दो बजे होगा। कार्यक्रम में जन सुराज से जुड़े बिहार के लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि दो अक्टूबर को पार्टी की स्थापना के दिन जन सुराज के नेता, अर्थात अध्यक्ष, नेतृत्व परिषद और पार्टी के संविधान की घोषणा भी की जाएगी।

जनसुराज के संस्थापक ने स्पष्ट तौर पर कहा कि वह न तो इस दल के नेता होंगे और न ही नेतृत्व परिषद में शामिल होंगे। दल बनने के बाद भी वह पहले की तरह ही बिहार की पदयात्रा करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल बनने के बाद अगले साल की शुरुआत में फरवरी-मार्च के महीने में पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान से जन सुराज बिहार के समग्र विकास के लिए अपना ब्लूप्रिंट जारी करेगा और बिहार के लोगों को बताया जाएगा कि कैसे बिहार भी देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो सकता है। इसके अलावा बिहार की हर एक पंचायत का अलग-अलग घोषणापत्र भी जारी किया जाएगा।

- इस दिन बिहार के जन सुराज अभियान को प्रशांत किशोर राजनीतिक दल बनायेंगे तथा पार्टी के अध्यक्ष, नेतृत्व परिषद व संविधान की पटना में घोषणा की जाएगी।

किशोर ने कहा कि ट्रिपल एस, यानी शराबबंदी, सर्वे (जमीन) और स्मार्ट मीटर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राजनीतिक जीवन की 'आखिरी कील' है। उन्होंने कहा कि शराबबंदी सिर्फ कागजों में है जबकि जमीनी हकीकत यह है कि शराब की दुकानों को बंद कर दिया गया है लेकिन होम डिलीवरी धड़ल्ले से चल रही है। उन्होंने कहा, जन सुराज शुरू से ही शराबबंदी के खिलाफ रहा है और हम मानते हैं कि इससे आने वाला राजस्व राज्य की शिक्षा व्यवस्था को सुधारने में लगाया जा सकता है।

जनसुराज के संस्थापक ने जमीन सर्वे के मुद्दे पर कहा कि यह गांवों में झगड़े और संघर्ष की वजह बन रहा है। नीतीश सरकार द्वारा किया गया जमीन सर्वे अगले छह महीने में हर घर और गांव में झगड़े का कारण बनेगा और हाल की घटनाओं ने यह साबित भी कर दिया है। स्मार्ट मीटर पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर का उपयोग शुरू किया है वे अब इसके खिलाफ हो गए हैं क्योंकि उनके बिजली बिल में भारी बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि लोगों के मन में यह धारणा बन गई है कि स्मार्ट मीटर के कारण वह ठगे जा रहे हैं।

# कोशी नदी में बाढ़ से उत्तर बंगाल में भारी हानि- ममता

कोलकाता, 29 सितंबर। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को दावा किया कि नेपाल से आए कोशी नदी के पानी ने उत्तर बंगाल के कुछ जिलों को जलमग्न कर दिया है। बागडोगरा जाने से पहले शहर के हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बात करते हुए बनर्जी ने कहा कि त्योहारों से पहले कोशी नदी का पानी उत्तर बंगाल के जिलों को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि मालदा, दार्जिलिंग और कलिम्पोंग जिले प्रभावित हुए हैं और दार्जिलिंग और कलिम्पोंग पहाड़ियों की जीवनरेखा, नैशनल हाइवे 10 बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जिससे यातायात और आवश्यक वस्तुओं का परिवहन भी बाधित हुआ है।

- मालदा, दार्जिलिंग व कलिम्पोंग जिलों मं आवश्यक वस्तुओं का परिवहन प्रभावित।
- ममता बनर्जी ने कहा कि अनेक अनुरोधों के बाद भी पुनर्वास कार्य के लिये केन्द्र से धन नहीं मिला।

उन्होंने कहा कि वह दक्षिण बंगाल के बाढ़ प्रभावित जिलों का दौरा कर चुकी हैं, जहां दामोदर वैली कॉरपोरेशन द्वारा पांच लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। उन्होंने इसे "मानव निर्मित बाढ़" बताया है। उन्होंने कहा कि अब नेपाल की कोशी नदी बंगाल के उत्तरी हिस्सों में बाढ़ ला रही है। पानी बिहार से पश्चिम बंगाल में प्रवेश कर गया है। पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश के कारण दार्जिलिंग और कलिम्पोंग में भूस्खलन हुआ है, जिससे सड़कें बाधित हुई हैं। बनर्जी ने कहा कि बाढ़ के कारण सभी राज्यों को केंद्र से धन प्राप्त हुआ, लेकिन पुनर्वास कार्य शुरू करने के लिए धन उपलब्ध कराने के कई अनुरोधों के बावजूद बंगाल को ऐसी सहायता से वंचित रखा जा रहा है।

# मेरे पूरे परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है: बघेल

रायपुर, 29 सितंबर। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने बेटे चैतन्य और बेटी दीप्ति से पुलिसिया पूछताछ को लेकर कहा कि मेरे पूरे परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है। इस संबंध में बघेल ने वीडियो जारी कर कैप्शन में लिखा,मैं बहुत सारी बातें मीडिया को बताता नहीं हूं।

इसलिए आप लोगों को पता नहीं चल पाता है। मैं जितना अधिक जनता से जुड़े मुद्दे उठाऊंगा, ये लोग मेरे परिवार को प्रताड़ित करेंगे, पहले भी मेरी मां को परेशान किया था। रायपुर में मीडिया से चर्चा में बघेल ने कहा,जब मैं मुख्यमंत्री था, तब हम उदयपुर सम्मेलन में जा रहे थे। इसी एयरपोर्ट पर हेलिकॉप्टर क्रैश हुआ था। उस दिन मेरा बेटा इडी (प्रवर्तन निदेशालय) कार्यालय में बैठा था। हम आज से निशाने पर नहीं हैं। अब तो डबल इंजन की सरकार बन गई है।

- छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके पुत्र चैतन्य व पुत्री दिप्ती से पुलिस पूछताछ कर रही है।

उन्होंने कहा,मेरे बच्चों की शादी हुई तो इडी ने सभी बैंकों के खाते खंगाले कुछ नहीं मिला। हम 5-6 साल से निशाने पर हैं।

उससे पहले जब रमन सिंह मुख्यमंत्री थे तब भी निशाने पर थे, अभी भी निशाने पर हैं, क्योंकि, जितना जनता से जुड़े मुद्दे हम उठाएंगे उतना मुझ पर और मेरे परिवार पर हमला होगा। बघेल ने कहा कि यह तो भारतीय जनता पार्टी का हमेशा से काम करने का तरीका है। उसके लिए हम तैयार हैं। ऐसी छोटी-मोटी बाधाओं से हम डरने वाले नहीं हैं। जनता से जुड़े काम राजनीति में रहकर कर रहे हैं।

# पंजाब में तस्करी का रैकेट पकड़ा गया

अमृतसर, 29 सितंबर। पंजाब पुलिस की काउन्टर इंटेलिजेंस (सीआई) अमृतसर ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए छह किलो हेरोइन, .30 बोर की 67 गोलियां और दो मैगज़ीन बरामद कर सीमा पार से हेरोइन तस्करी के रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस बरामदगी में शामिल आरोपी हालांकि, फरार होने में कामयाब हो गया।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने रविवार को बताया कि बड़ी मात्रा में हेरोइन और हथियारों के अलावा, पुलिस टीमों ने आरोपी द्वारा छोड़े गए बैग से एक ऐप्पल आईफोन 11 प्रो सहित छह मोबाइल फोन और एक जियो डोंगल भी बरामद किया है। उन्होंने बताया कि सीआई अमृतसर की टीम को विश्वसनीय जानकारी मिली थी कि गुरदासपुर के गांव जाफरपुर का एक व्यक्ति नशीले पदार्थ और हथियारों की तस्करी में शामिल है और उसने हाल ही में जिला बटाला-गुरदासपुर के भारत-पाक सीमा क्षेत्र से ड्रोन के जरिए हेरोइन और हथियारों की एक खेप प्राप्त की है और वह इस खेप को आगे किसी अन्य पार्टी को सौंपने जा रहा है।

- बटाला-गुरदासपुर सीमा क्षेत्र में ड्रोन के जरिये खेप मंगाई गई थी, जिसमें 6 किलो हेरोइन के साथ 67 गोलियाँ व दो मैगज़ीन शामिल थीं।

डीजीपी यादव ने बताया कि इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए डीएसपी सीआई अमृतसर बलबीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने गुरदासपुर के गांव जाफरपुर में छापेमारी की, जिसके दौरान आरोपी अपना बैग छोड़कर फरार होने में कामयाब हो गया।

डीजीपी ने बताया कि पुलिस टीमों ने फरार आरोपी की पहचान कर ली है और उसे गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है। इस मामले में आगे की जांच जारी है ताकि तस्करी में शामिल अन्य साथियों की पहचान की जा सके।

# झारखंड में हमारी पार्टी चुनाव जरूर लड़ेगी- चिराग पासवान

## धनबाद में एक सभा में उन्होंने झारखंड को अपने पिता की कर्मभूमि बताया

धनबाद, 29 सितंबर। झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने रविवार को बड़ा ऐलान किया। चिराग पासवान ने देश की कोयला राजधानी धनबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी झारखंड विधानसभा का चुनाव लड़ेगी।

हालांकि, चिराग पासवान ने अभी यह साफ नहीं किया कि पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी या गठबंधन में लड़ेगी। उन्होंने कहा कि, इस पर सभी विकल्पों पर विचार किया जा रहा है।

चिराग पासवान ने मीडिया से बातचीत में कहा कि, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव में अपनी अहम भूमिका देखती है। उन्होंने कहा कि मेरा जब जन्म हुआ था तब झारखंड और बिहार एक ही राज्य था। उस तरह से मेरी जन्मभूमि भी झारखंड है। रामविलास पासवान जी की कर्मभूमि भी झारखंड है। ऐसे में मैं पिता के उस सपने को पूरा करने के लिए निकला हूं जिसमें उन्होंने विकसित झारखंड के निर्माण को अपना लक्ष्य बनाया था।

चिराग ने कहा कि, हम इस सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं कि आने वाले झारखंड विधानसभा चुनाव में पार्टी मजबूती से अपना प्रदर्शन करे। चुनाव गठबंधन में लड़ेंगे या अकेले, इसका फैसला राज्य इकाई को करना है।

चिराग पासवान का यह बयान इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि एक दिन पहले ही शनिवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने घोषणा की थी कि भाजपा झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव एनडीए के घटक दलों 'ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) और जनता दल-यूनाइटेड (जेडीयू) के साथ मिलकर लड़ेगी।

- शनिवार को हिमन्त बिस्वा सरमा ने कहा था कि भाजपा, झारखंड स्टूडेन्ट्स यूनियन तथा जनता दल (यूनाईटेड) में सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

भाजपा की झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपने सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत अंतिम चरण में है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (एजेएसयू) के अध्यक्ष सुदेश महतो ने शनिवार को रात में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ उनके आवास पर बैठक की। बैठक में सीटों के बंटवारे पर चर्चा की और उसे अंतिम रूप दिया। बैठक में दोनों दलों के वरिष्ठ नेता सीटों के बंटवारे के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए एक साथ आए, जो झारखंड में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की चुनावी रणनीति के लिए अहम है। सरमा ने कहा, पितृपक्ष समाप्त होने के बाद हम गढ बंधन की घोषणा करेंगे।

सूत्रों के मुताबिक, आजसू ने राज्य की कुल 81 सीटों में से 16 सीटों की मांग की है। हालांकि, सीटों के बंटवारे पर काफी हद तक सहमति बन चुकी है, लेकिन एक या दो अतिरिक्त सीटों पर चर्चा अभी भी जारी है। भाजपा और आजसू ने समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अगले कुछ दिनों में दिल्ली में एक और बैठक आयोजित करने की योजना बनाई है।

झारखंड में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा 8 अक्टूबर के बाद होने की उम्मीद है। राज्य में हेमंत सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाला गठबंधन सरकार सत्ता में है।

## भाषण देते हुए खड़गे ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की नियुक्ति की जा रही है, लेकिन यहां के मूल लोगों की अनदेखी हो रही है।

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, आप सभी लोगों ने देखा होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में आकर कितना झूठ बोला।

उन्होंने यहां आकर कांग्रेस को कितनी गालियां दीं। इन लोगों ने किस तरह से हमारी पार्टी के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। इससे साफ जाहिर होता है कि भाजपा और इनके लोग घबराए हुए हैं। भाजपा के नेताओं को अपनी हार दिख रही है, इसलिए ये लोग बौखलाए हुए हैं।

**मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा,** आर.एन.आई. नं. 35214/79, **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, **कोटा कार्यालय :** पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, **उदयपुर कार्यालय:** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **अजमेर कार्यालय:**-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908